CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 20°C
न्यूनतम : 07°C

मुरादाबाद, बुधवार 17 दिसम्बर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 123 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के दौरान भारतीय सेना की वीरता प्रेरणादायकः मोदी पेज 2



IPL ऑक्शन: प्रशांत वीर और कार्तिक शर्मा 14.20-14.20 करोड़ में बिके, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी खेल टाइम्स



प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया सम्पादकीय



तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले के तार पेज 12

# कोहरे के चलते भीषण हादसा, 7 बसें व 3 छोटे वाहन टकराए, लगी भयंकर आग, 13 की मौत

## 150 से अधिक लोग घायल, 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा, दो मृतकों की पहचान, पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज



शाह टाइम्स ब्यूरो

**मथुरा।** मंगलवार सुबह करीब 4 बजे यमुना एक्सप्रेसवे के थाना बलदेव क्षेत्र के माइलस्टोन 127 गांव खड़ेहरा पर आगरा से नोएडा जा रही लाइन पर भयानक सड़क हादसा हो गया। यहां विजुअलिटी कम होने के कारण कोहरे में वाहन आपस में टकरा गए। इससे वाहनों में आग लग गई। बताया जाता है कि सात बसें और तीन कारों में भीषण आग लगी।

वाहन क्षतिग्रस्त व राख हो गए। हादसा इतना भयानक था की 13 लोगों की जलकर मौत हो गई जबकि लगभग 150 से अधिक घायलों को उपचार के लिए लगभग 20 एम्बुलेंसों के जरिये चिकित्सालय पहुंचाया गया। एक्सप्रेस-वे पर घटना की सूचना पर इलाका पुलिस व पुलिस प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से यात्रियों में चीख पुकार मच गई। एक्सप्रेस वे पर सुबह-सुबह हुई दुर्घटना की सूचना मिलते ही डीएम सीपी सिंह व एसएसपी श्लोक कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। बताया जाता है अग्निकांड इतना भीषण था की चारों ओर आग ही आग दिखाई दे रही थी। आंख की लपटें काफी ऊंची ऊंची उठ रही थी जो किलोमीटर तक देखी गईं। लोग बचने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। डीएम-एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घटना से मार्ग अवरुद्ध हो गया। वाहनों की लाईन लग गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त हुए वाहनों को क्रेन से हटवा कर साइड से किया। आग इतनी भीषण थी लगभग एक दर्जन दमकलों ने आग पर काबू पाया। हादसे में कानपुर के लोग ज्यादा घायल हुए हैं। एक ही परिवार के कई लोग हैं। वहीं पुलिस प्रशासन ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एसएसपी श्लोक कुमार ने भीषण हादसे में 13 लोगों की जलकर मृत्यु होने की पुष्टि की है। एसएसपी ने बताया लोगों को सरकारी वाहनों से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया है। रूट डायवर्जन कर वाहनों को निकाला गया। दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई है। लोगों को रेस्क्यू कर लाया गया है। घटना स्थल से मिले मलबे व अन्य सामान को मोर्चरी में रखवाया गया है। 4 शवों का डीएनए कराया जा रहा है जिससे उनके परिजन आए तो मिलान हो सके। शवों की शिनाख्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है जो भी तथ्य प्रकाश में आएंगे कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दो मृतकों की पहचान रामपाल पुत्र पहोड़ीराम निवासी आजमगढ़ व अजिलेंद्र यादव पुत्र बंशीधर निवासी मुद्दीनपुर थाना सराय ममरेज जिला प्रयागराज के रुप में हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्सप्रेस वे पर हुए सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों का तत्काल समुचित एवं नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित करते -शेष पृष्ठ दो पर

- **मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक**
- **मृतकों को 2-2 लाख व घायलों को 50- 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि की घोषणा**

## संक्षिप्त समाचार

### रुपया पहली बार 91 प्रति डॉलर से नीचे उतरा

**मुंबई।** रुपये में मंगलवार को भी भारी गिरावट देखी गई और अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में पहली बार एक डॉलर की कीमत 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई। रुपया मंगलवार को नौ पैसे टूटकर 90.87 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लगातार लुढ़कता हुआ दोपहर से पहले 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। खबर लिखे जाते समय यह 22 पैसे नीचे 91 रुपये प्रति डॉलर पर था। भारतीय मुद्रा सोमवार को बीच कारोबार में 90.80 रुपये प्रति डॉलर तक उतरने के बाद 28.50 पैसे की गिरावट में 90.78 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी। रुपये में लगातार आ रही गिरावट के बारे में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में कहा था कि केंद्रीय बैंक ने रुपये का कोई दायरा और न ही कोई स्तर तय किया है जहां वह हस्तक्षेप करेगा।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 126 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार सुबह 126 उड़ानें रद्द रहीं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक दिल्ली से जाने वाली 49 घरेलू उड़ानें और दिल्ली आने वाली 77 उड़ानें अब तक रद्द रही हैं। मंगलवार को हालांकि सोमवार की तरह घना कोहरा नहीं छाया रहा, लेकिन सोमवार को हुई देरी और रद्द रही उड़ानों का असर परिचालन पर देखने को मिला। इसके अलावा, कुछ असर कम दृश्यता का भी रहा है। सोमवार को 228 उड़ानें रद्द रही थीं, जिनमें 131 जाने वाली और 97 आने वाली उड़ानें थीं। इसके अलावा पांच उड़ानों को दूसरे शहरों के लिए डायवर्ट करना पड़ा था।

# जज कैश कांडः सुप्रीम कोर्ट का लोकसभा अध्यक्ष को नोटिस

## न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के खिलाफ पैनल गठन को चुनौती देने वाली याचिका पर जारी किया नोटिस



- **पूछा: राज्यसभा में महाभियोग प्रस्ताव नामंजूर फिर जांच पैनल क्यों बनाया, संसद में यह कैसे हुआ**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के अंतर्गत गठित संसदीय समिति की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया। इस समिति का गठन न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के बाद शुरू की गई महाभियोग कार्यवाही के संबंध में उनके खिलाफ लगे आरोपों की जांच के लिए किया गया था।

इस मामले में न्यायमूर्ति वर्मा की ओर से वरिंष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी, पेश हुए, जिन्होंने एक्स के नाम से गुमनाम रूप से याचिका दायर की है। यह पेशी न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ के समक्ष हुई। समिति के गठन की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए न्यायमूर्ति वर्मा ने तर्क दिया कि हालांकि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में महाभियोग नोटिस पेश किए गए थे, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ने राज्यसभा अध्यक्ष के प्रस्ताव को स्वीकार करने के निर्णय की प्रतीक्षा किए बिना और कानून के अंतर्गत अनिवार्य संयुक्त परामर्श के बिना एकतरफा रूप से समिति गठन किया। न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के प्रावधानों का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने कहा कि अगर संसद के दोनों सदनों में एक ही दिन किसी प्रस्ताव की सूचना दी जाती है, तो वहां कोई समिति तब तक गठित नहीं की जा सकती जब तक कि प्रस्ताव दोनों सदनों में स्वीकार न हो जाए। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी स्थिति में समिति का गठन लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। अधिनियम की धारा 3(2) के प्रावधान का हवाला देते हुए श्री रोहतगी ने इस बात पर बल दिया कि वैधानिक भाषा अनिवार्य है और प्रस्ताव देने और स्वीकार करने के बीच स्पष्ट रूप से अंतर करती है। उन्होंने कहा कि यद्यपि अलग-अलग तिथियों पर स्वीकार हो सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में प्रस्ताव दोनों सदनों में एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे इसलिए संयुक्त रूप से गठित समिति की आवश्यकता थी। श्री रोहतगी ने स्पष्ट किया कि जहां कोई प्रस्ताव केवल एक सदन में स्वीकार किया -शेष पृष्ठ दो पर

### गोवा अग्निकांड: लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया

#### गोवा पुलिस ने एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब 'बिर्च बाय रोमियो लेन' अग्निकांड मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा को थाईलैंड से दिल्ली लाया गया है। भारतीय सुरक्षा अधिकारी दोनों भाइयों के साथ मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतरे। दिल्ली एयरपोर्ट पर गोवा पुलिस की एक टीम ने दोनों को एयरपोर्ट पर ही गिरफ्तार कर लिया। अब उन्हें पटियाला हाउस कोर्ट में ट्रांजिट रिमांड के लिए पेश किया जाएगा। ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलते ही पुलिस दोनों को लेकर गोवा जाएगी। सौरभ और गौरव लूथरा बिर्च नाइट क्लब के मालिक हैं। क्लब में 6 दिसम्बर को आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद दोनों भाई थाईलैंड भाग गए थे।

### उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के मजालता इलाके में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एसओजी का एक जवान शहीद हो गया। यहां तीन आतंकियों के फंसे होने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि पुंछ के रहने वाले एसओजी जवान अमजद अली खान सोमवार रात मुठभेड़ के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तुरंत बाहर निकाला गया, लेकिन घावों की वजह से उनकी मौत हो गई।

# लोकसभा में वीबी-जी राम जी बिल पेश, सदन में हंगामा

## मनरेगा का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक : प्रियंका-राहुल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत-गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम जी) बिल, 2025' पेश किया। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी 'वीबी- जी राम जी' बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम बदलना सही नहीं है। महात्मा गांधी का नाम राज्य का विजन पॉलिटिकल नहीं सामाजिक विकास का था। उनका नाम ही हटाना गलत है। राम का नाम बदनाम न करो। बिल पर चर्चा के बीच विपक्ष ने हंगामा किया।। इसके बाद कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित कर दी। वीबी-जी राम जी बिल पास हो जाता है, तो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) को रिप्लेस करेगा। नए बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव हारने पर ईवीएम और वीवीपैट पर सवाल उठाना और जीतने पर सब सही कहना उचित नहीं है। उन्होंने याद दिलाया कि ईवीएम की शुरुआत राजीव गांधी के समय हुई थी।


**नई दिल्ली।** राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है। श्रीमती वाड्रा ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है। इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है।

# नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को राहत

- **दिल्ली कोर्ट ने ईडी की शिकायत खारिज की, कहा: मामला FIR नहीं, बल्कि निजी आरोप से जुड़ा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी नेता राहुल गांधी को राहत देते हुए नेशनल हेराल्ड धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर संज्ञान लेने से इन्कार कर दिया।

इस आदेश से मामले में नामित अन्य पांच आरोपियों को भी राहत मिली है। अदालत ने हालांकि कहा कि यदि ईडी चाहे, तो अपनी जांच जारी रखने के लिए स्वतंत्र है। अदालत ने टिप्पणी की कि पंजीकृत प्राथमिकी के अभाव में धन शोधन की जांच और उसके आधार पर दायर की गई अभियोजन शिकायत कायम नहीं रह सकती। अदालत ने कहा कि इस तरह की शिकायत के आधार पर धन शोधन के लिए कानूनी कार्यवाही भी स्वीकार्य नहीं है।



## संक्षिप्त समाचार

### विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर में 31 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** विदेशों में भारतीयों का प्रत्यक्ष निवेश नवम्बर महीने में 30.82 प्रतिशत घटकर 203.71 करोड़ डॉलर रह गया। रिजर्व बैंक द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीयों ने नवम्बर में दुनिया के अन्य देशों में कुल 203.71 करोड़ डॉलर का निवेश किया। पिछले साल नवम्बर में उनका निवेश 294.45 करोड़ डॉलर रहा था, जबकि इस साल अक्टूबर में यह 368.23 करोड़ डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले की तुलना में इस साल नवम्बर में भारतीयों में विदेशों में इक्विटी में ज्यादा निवेश किया है, जबकि ऋण और गारंटी में उनका निवेश घटा है। इक्विटी में उन्होंने 97.84 करोड़ डॉलर का निवेश किया है, जो सालाना आधार पर 10.46 प्रतिशत अधिक है।

### डाक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। अब सभी सरकारी अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में तैनात डाक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य कर दी गई है। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डा. रतन पाल सिंह सुमन ने इस संबंध में सभी इकाइयों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। अब वेतन भी बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही जारी किया जाएगा। डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में अनुपस्थिति और लापरवाही की शिकायतें लंबे समय से आ रही थीं, खासकर दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों मे। इस व्यवस्था से सभी की प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी।

### पीएम ने विजय दिवस पर बांग्लादेश में 1971 के शौर्य और साहस को याद किया

# भारतीय सेना की वीरता पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक

नई दिल्ली, वार्ता



■ पीएम मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ बोले- यह सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय सेना ने मंगलवार को 'विजय दिवस' के अवसर पर 1971 में सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित शौर्य और साहस को याद किया।

जन सूचना अतिरिक्त महा. निदेशालय (एडीजी पीआई) ने इस दिन को याद करते हुए एक्स पर लिखा कि विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, बल्कि यह 1971 के युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक और निर्णायक जीत का प्रतीक है। 'विजय दिवस: 1971 के युद्ध की शाश्वत कहानी' शीर्षक वाली इस पोस्ट में कहा गया है, यह एक ऐसी जीत थी जहां मुक्ति वाहिनी और भारतीय सशस्त्र बल कंधे से कंधा मिलाकर लड़े। यह एक ऐसी जीत थी, जिसने भारत के सैन्य इतिहास को नया आकार दिया, दक्षिण एशिया के नक्शे को फिर से खींचा और एक नए राष्ट्र-बंगलादेश को जन्म दिया। महानिदेशालय कार्यालय ने पाकिस्तानी सेना द्वारा एक पूरे समुदाय पर किए गए क्रूर अत्याचारों, उत्पीड़न और क्रूरता को समाप्त करने में युद्ध की भूमिका का उल्लेख किया कि केवल 13 दिनों में, भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण साहस, अटूट संकल्प और बेजोड़ सैन्य कौशल का प्रदर्शन किया, जिसका समापन 93,000 पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण में हुआ, जो वैश्विक इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पणों में से एक है। यह दिन भारत की अपने दोस्तों के प्रति निष्ठा और अपने विरोधियों के लिए एक स्पष्ट संदेश है, तब भी और अब भी, जब भारत न्याय के लिए खड़ा होता है, तो जीत अपरिहार्य होती है। भारतीय वायु सेना ने भी इस दिन युद्ध के दौरान कार्रवाई में शामिल जेट विमानों की दुर्लभ, अनदेखी तस्वीरों और वीडियो को प्रदर्शित करते हुए एक वीडियो साझा किया। '1971 युद्ध- साहस का वृत्तांत' शीर्षक वाले इस वीडियो में 13 दिनों के युद्ध के दौरान दिन-वार किए गए अन्य कार्यों के अलावा लोंगेवाला की लड़ाई, तंगेल हमला भी शामिल है।

### खड़गे-राहुल ने विजय दिवस पर सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक जीत सुनिश्चित करने वाले सैनिकों की बहादुरी, बलिदान और वीरता को याद करते हुए सशस्त्र बलों को 'विजय दिवस' पर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री खरगे ने राष्ट्र के सशस्त्र बलों और मुक्ति वाहिनी की असाधारण बहादुरी और बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। खड़गे ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, 1971 में इसी दिन इतिहास रचा गया था, जब भारत के बहादुर सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को निर्णायक रूप से हराया, जिससे बंगलादेश को स्वतंत्रता मिली और दुनिया के नक्शे को एक नया आकार मिला। खड़गे ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के निर्णायक नेतृत्व को याद करते हुए कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी के दूरदर्शी, साहसी और दृढ़ नेतृत्व में, यह जीत मानवता और न्याय का एक महान उदाहरण बनी। कांग्रेस अध्यक्ष ने सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम भारत की सैन्य शक्ति और मुक्ति वाहिनी के असाधारण शौर्य, वीरता और बलिदान को सलाम करते हैं। देश मां भारती के इन वीर सपूतों के समर्पण और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखेगी। गांधी ने दक्षिण एशिया को नया आकार देने और बंगलादेश के निर्माण वाले इस दिन को याद करते हुए सशस्त्र बलों के साहस की सराहना की।

## उत्तर भारत में अभी शुष्क बना रहेगा मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो


■ पश्चिमी विक्षोभ का नहीं दिख रहा असर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कड़ाके की सर्दी का आगमन अभी कम से कम एक सप्ताह और टल सकता है। हालांकि सुबह के समय कोहरा लगातार छाया रहेगा, जिससे दृश्यता प्रभावित हो रही है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश के अनुसार आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत में सर्दी को सक्रिय करते हैं, लेकिन मौजूदा पश्चिमी विक्षोभ इतना प्रभावी नहीं है कि ठंडी हवाओं को अपने साथ ला सके। उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के कारण धूप बिना किसी बड़ी रुकावट के मिल रही है, जिससे दिन के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। कुल मिलाकर मौसम शुष्क रहेगा और खास ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन सुबह के समय कोहरा बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिसम्बर के सामान्य तापमान से अधिक है। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में घने कोहरे को लेकर एलो अलर्ट जारी किया है, हालांकि अभी तक कंपकंपा देने वाली ठंड का असर नजर नहीं आ रहा है। इस बीच हल्की हवाओं के चलते वायु गुणवत्ता में भी कुछ सुधार देखने को मिला है। सोमवार को लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 163 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है।

इससे पहले 11 से 14 दिसम्बर के बीच लगातार चार दिनों तक एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में बना हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि इन्हीं हल्की हवाओं ने शहर की हवा से प्रदूषक तत्वों को हटाने में मदद की है। हालांकि राहत सभी इलाकों में समान नहीं रही। शहर के छह वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों में से टॉकीटोरा और लालबाग स्टेशनों पर हवा की गुणवत्ता अब भी 'खराब' श्रेणी में रही, जहां एक्यूआई क्रमश: 239 और 216 दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि तेज हवाएं या बारिश नहीं हुई, तो वायु गुणवत्ता में यह सुधार अस्थाई साबित हो सकता है। आने वाले पूरे सप्ताह तक मौसम हल्का बना रहने की संभावना है और तापमान में केवल एक-दो डिग्री की गिरावट आ सकती है, जो मध्य दिसम्बर के लिहाज से अब भी सामान्य से अधिक रहेगी।

## हिजाब मामला: नीतीश पर भड़की कैराना सांसद इकरा हसन



■ सीएम ऐसा कर रहे, तो समाज का क्या होगा

**नई दिल्ली।** यूपी के कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा कथित तौर पर एक महिला का हिजाब हटाने की को. शिशों पर प्रतिक्रिया दी है। शीतक. ालीन सत्र के दौरान संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए इकरा ने कहा यह धार्मिक मामला नहीं है, लेकिन अगर सीएम ऐसा खुद कर रहे हैं, तो समाज के अन्य स्तरों पर क्या होगा?

सांसद इकरा हसन ने कहा कि काफी समय से, बिहार चुनाव से पहले भी, नीतीश कुमार की सेहत को लेकर चिंताएं रही हैं। वह बुजुर्ग हैं और सभी उनका सम्मान करते हैं, लेकिन सबसे जरूरी बात यह है कि जिस पद पर वह हैं, उसकी अपनी गरिमा है। इससे पहले सोशल मीडिया साइट एक्स पर इकरा ने 15 दिसंबर को लिखा था - शर्मनाक! एक महिला डाक्टर का हिजाब खींचना उसकी गरिमा और धार्मिक पहचान पर सीधा हमला है। जब राज्य का मुख्यमंत्री ऐसा करे, तो महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठना लाजमी है।

## राम राज्य और गांधी अलग नहीं: थरूर

नई दिल्ली, वार्ता



■ मनरेगा का नाम बदलने पर थरूर ने कांग्रेस को दिखाया आईना, सरकार को नसीहत

मनरेगा का नाम बदलने और जी-रामजी बिल पर विवाद के बीच शशि थरूर ने राम राज्य को गांधी के सपनों का हिस्सा बताया और सरकार और कांग्रेस दोनों को संतुलित संदेश दिया। कांग्रेस नाम बदलने का जमकर विरोध कर रही है, उसका आरोप है कि जानबूझकर गांधी का अपनमान किया जा रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलने के प्रस्ताव और नए जी-राम जी बिल को लेकर सियासी घमासान मचा हुआ है। कांग्रेस पार्टी इसे गांधी का अपमान बता रही है, लेकिन इस शोरगुल के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने न केवल सरकार को जवाब दिया है, बल्कि परोक्ष रूप से अपनी ही पार्टी कांग्रेस को भी आईना दिखा दिया है। अक्सर देखा गया है कि 'राम' या 'राम राज्य' के नाम पर कांग्रेस और विपक्ष रक्षात्मक मुद्रा में आ जाते हैं, लेकिन थरूर ने खुलकर 'राम राज्य' का समर्थन किया है और इसे महात्मा गांधी के सपनों का अटूट हिस्सा बताया है। इतना ही नहीं उन्होंने सरकार को भी नसीहत दी। शशि थरूर ने 'एक्स' पर कहा- 'राम' से परहेज करना गांधीवाद नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि महात्मा गांधी के लिए 'राम राज्य' और 'ग्राम स्वराज' कभी भी विरोधी विचार नहीं थे।थरूर ने ट्वीट किया कि सरकार के प्रस्तावित नए जी-राम-जी बिल में मनरेगा का नाम बदलने को लेकर विवाद दुर्भाग्यपूर्ण है। ग्राम स्वराज की अवधारणा और राम राज्य का आदर्श कभी भी प्रतिस्पर्धी ताकतें नहीं थीं, वे गांधीजी की चेतना के दो पिलर्स थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी इस बिल का कड़ा विरोध किया और इसे बहुत अफसोसजनक और पीछे की ओर ले जाने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता के साथ अन्याय है।

### भाजपा ने गोवा विश्वविद्यालय में लोकतंत्र को कमजोर किया: एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने मंगलवार को होने वाले गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनावों को अचानक रद्द किए जाने का विरोध किया। एनएसयूआई ने बयान जारी कर कहा कि गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव को तब रद्द किया गया, जब एनएसयूआई विश्वविद्यालय में शीर्ष पदों और कार्यकारी पदों पर जीत हासिल करने के करीब थी। हार का सामना करने में असमर्थ भाजपा ने छात्रों के जनादेश का सम्मान करने के बजाय चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने का विकल्प चुना। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी ने कहा यह लोकतंत्र पर खुला हमला है। जब भाजपा को पता होता है कि वह हार जाएगी, तो वह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को कुचलने के लिए प्रशासन का इस्तेमाल करती है। गोवा विश्वविद्यालय छात्र परिषद चुनाव रद्द करना भाजपा के छात्रों की आवाज और निष्पक्ष चुनावों के प्रति भय को स्पष्ट रूप से उजागर करता है।

---



सेंसेक्स 84679.86
निफ्टी 25860.10



सोना रु. 132136
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 191971
प्रति किलो



---

## कमजोर रुपये के दबाव में सेंसेक्स 533 अंक लुढ़का

मुंबई, वार्ता



रुपये के लगातार दबाव में रहने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचक. ांक सेंसेक्स 533.50 अंक (0.63 प्रतिशत) लुढ़ककर 84,679.86 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 167.20 अंक यानी 0.64 प्रतिशत गिरकर 25,860.10 अंक पर आ गया। यह दोनों सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। भारतीय मुद्रा आज पहली बार बीच कारोबार में 91 रुपये प्रति डॉलर से नीचे उतर गई। इससे निवेश धारणा कमजोर रही। चौतरफा बिकवाली के बीच सुबह से ही बाजार पर दबाव रहा। सेंसेक्स एक समय 597 अंक लुढ़क गया था। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव देखा गया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.86 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.92 प्रतिशत की गिरावट में रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और मीडिया को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर बिकवाली हावी रही।

रियलिटी, बैंकिंग, वित्त, आईटी और धातु समूहों से सूचकांक ज्यादा टूटे। बाजार पर दबाव इस कदर रहा कि एनएसई में जिन 3,211 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें से 2,095 के शेयर गिरकर बंद हुए। वहीं 93 कंपनियों के शेयर अंतत: अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एक्सिस बैंक में सबसे अधिक 5.03 प्रतिशत की गिरावट रही। इटरनल का शेयर 4.69 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 1.90 प्रतिशत, टाटा स्टील का 1.74, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट दोनों के 1.65 और बजाज फाइनेंस का 1.41 प्रतिशत टूट गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंफोसिस, एनटीपीसी, अडानी पोर्ट्स, सनफार्मा, टीसीएस, पावरग्रिड, बीईएल, एलएंडटी, भारतीय स्टेट बैंक और हिदुस्तान यूनीलि. वर के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाइटन में 1.60 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका में रोजगार के आंकड़ों से पहले वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही। एशिया में जापान का निक्केई 1.56 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 1.54 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.11 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 0.30 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.42 प्रतिशत फिसल गया।

## सोना और चांदी के भावों में आई गिरावट

**नई दिल्ली।** मंगलवार को सोना और चांदी के दाम में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम सोना 1,113 रुपए गिरकर 1,32,136 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोना 1,33,249 रुपए पर था। वहीं 1 किलो चांदी का दाम 1,446 रुपए गिरकर 1,91,971 रुपए पर आ गई है। इससे पहले चांदी 1,93,417 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी।

इस साल अब तक सोने की कीमत 55,974 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,32,136 रुपए हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,05,954 रुपए बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,91,971 रुपए प्रति किलो हो गई है। हमेशा ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड सोना ही खरीदें। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है।

## चावल, गेहूं, चीनी, दालें रहीं मजबूत, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों में भी तेजी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 15 रुपये बढ़कर 3,857 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं आठ रुपये महंगा हुआ और 2,860 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। उड़द दाल 27 रुपये और मूंग दाल 25 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। चना दाल की कीमत भी 25 रुपये बढ़ी, जबकि तुअर दाल 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। वहीं मसूर दाल का भाव कमोबेश गत दिवस के स्तर पर टिका रहा। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 52 रिंगिट फिसलकर 3,961 रिंगिट प्रति टन रह गया। जनवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.02 प्रतिशत गिरकर में 49.50 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल औसतन 19 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। सोया तेल 43 रुपये और सरसों तेल 37 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सूरजमुखी तेल की कीमत 28 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये बढ़ी। पाम ऑयल भी 12 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**कोहरे के ...**

हुए उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख व घायलों को पचास पचास हजार रुपये की आर्थिक राहत सहायता राशि देने की घोषणा की है। सीएम ने अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली है। हादसे में खुशबू पुत्री लज्जाराम व आमिर पुत्र इरसाद निवासी कानपुर,डा. पीआर त्रिपाठी अपराजिता त्रिपाठी पुत्र डा. पीआर त्रिपाठी निवासी नोएडा,अमित निवासी औरैया, शाहिद व शफीक पुत्र नियामद उल्ला निवासी कानपुर, शेरू निवासी कानपुर, आदित्य पुत्र अनिल निवासी फतेहपुर , वीरेन्द्र गिरि पुत्र रामलखन व ऊषा पत्नी वीरेन्द्रगिरि निवासी बाराबंकी, शशी सिंह पुत्र कुलदीप भास्कर व कुलदीप भास्कर पुत्र रतनसिंह निवासी कानपुर, रघुवर पुत्र सामरू व हेमा देवी पत्नी राधेश्याम निवासी अंबेडकर नगर,आलोक तिवारी पुत्र विधासागर निवासी कानपुर, नरगेश पत्नी सुल्तान व राज पुत्र नियास निवासी मनकापुर गोंडा, प्रमोद पुत्र गोकुल प्रजापति निवासी महुआ,अभिषेक पुत्र कैलाश निवासी कानपुर, मुसर्रफ पुत्र नसीरूद्दीन निवासी कानपुर, हेमन्त पुत्र देवराज निवासी लखनऊ, शिखा पत्नी पीआर त्रिपाठी व गोरिका पुत्र पीआर त्रिपाठी निवासीगण कानपुर, विश्वनाथ पुत्र अंगनू निवासी अम्बेडकरनगर, अरविन्द तिवारी पुत्र आनन्द तिवारी निवासी गोरखपुर व अशोक पुत्र समसदीन निवासी बहराइच घायल हुए हैं। डीएम सीपी सिंह ने बताया कोहरे की दृष्टिगत लो विजिबिलिटी होने के कारण गाड़ियों का एक्सीडेंट हुआ है। घायलों को बेहतर उपचार दिया जा रहा है। डीएम ने आगे बताया कि कोहरा अधिक होने के कारण मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि वाहनों की स्पीड कम कराई जाए कानबाई बनाकर चलाई जाए और ओवरटेकिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। एडीएम प्रशासन, अपर पुलिस अधीक्षक देहात सुरेश चंद , अधिशासी अभियंता लोक निर्माण खंड एक व सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन 48 घंटे में जांच कर घटना की रिपोर्ट सौंपेंगे।

**जज कैश कांड:**

जाता है, वहां समिति का गठन केवल उसी सदन द्वारा किया जा सकता है, लेकिन वर्तमान मामले में ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि चूंकि दोनों सदनों का संवैधानिक दर्जा समान है, इसलिए जब प्रस्ताव एक साथ पेश किए गए हैं, तो एक संयुक्त समिति अनिवार्य है। न्यायमूर्ति दत्ता ने सुनवाई के दौरान सवाल किया कि अगर दो प्रस्ताव एक ही दिन दोनों सदनों में प्रस्तुत किए जाते हैं, तो एक ही दिन में स्वीकृति कैसे संभव हो सकती है। श्री रोहतगी ने जवाब दिया कि उनका तर्क एक ही दिन में स्वीकृति पर आधारित नहीं है, बल्कि इस तथ्य पर आधारित है कि प्रस्ताव एक ही दिन प्रस्तुत किए गए थे, जो कानून के अंतर्गत एक संयुक्त समिति की आवश्यकता को जन्म देता है। जुलाई में लोकसभा के 145 सदस्यों और राज्यसभा के 63 सदस्यों ने महाभियोग नोटिस क्रमश: लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ को सौंपा था।

लोकसभा अध्यक्ष ने अगस्त में उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएम श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वासुदेव आचार्य की एक जांच समिति के गठन की घोषणा की थी। यह मामला 14 मार्च को आगजनी के बाद आग बुझाने के दौरान दिल्ली उच्च न्यायालय के तत्कालीन न्यायाधीश न्यायमूर्ति वर्मा के आधिकारिक आवास के एक बाहरी कमरे में बड़ी मात्रा में करेंसी नोटों के बरामदगी से संबंधित है। इसके बाद, तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने एक आंतरिक जांच समिति का गठन किया था, जिसमें न्यायमूर्ति शील नागू (तत्कालीन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश), न्यायमूर्ति जीएस संधावालिया (तत्कालीन हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश) और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन (कर्नाटक उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) शामिल थे। जांच लंबित रहने तक, न्यायमूर्ति वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वापस भेज दिया गया और उन्हें न्यायिक कार्यभार से मुक्त कर दिया गया। समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें प्रथम दृष्ट्या उन्हें दोषी पाया गया। सलाह दिए जाने के बावजूद न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इन्कार करने के बाद तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश ने रिपोर्ट को राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दिया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने न्यायमूर्ति वर्मा द्वारा आंतरिक जांच कार्यवाही के साथ-साथ मुख्य न्यायाधीश द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था।

## सीएम योगी ने डा. वेदांती को दी श्रद्धांजलि

### बोले- राम काज और राष्ट्र सेवा को किया जीवन समर्पित

अयोध्या, वार्ता



पूर्व सांसद और श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के अग्रणी नायक डा. रामविलास वेदांती महाराज के निधन के बाद मंगलवार को अयोध्या में अंतिम यात्रा निकाली गई। इससे पहले सीएम योगी हिंदू धाम पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने उनके निधन को सनातन जगत की अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि राम काज और राष्ट्र सेवा के लिए उनका संपूर्ण त्यागमय जीवन हम सभी के लिए सदैव स्मरणीय और प्रेरणाप्रद रहेगा।

मंगलवार सुबह ही बड़ी संख्या में भक्त और राम मंदिर आंदोलन से जुड़े नेता, मंत्री, विधायकों का सुबह से ही जमावड़ा रहा। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रद्धांजलि देने पहुंचे। मौसम खराब होने के कारण सीएम योगी का हेलीकाप्टर अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उतरा। यहां से सड़क मार्ग से पहले राम मंदिर पहुंचे, फिर हनुमान गढ़ी में दर्शन पूजन किया।

इसके बाद हिंदू धाम पहुंचे सीएम योगी ने डा. राम विलास दास वेदांती के पार्थिव शरीर का दर्शन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। सीएम योगी ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति अभियान में वशिष्ठ भवन के श्री महंत डा. रामविलास वेदांती महाराज आज हमारे बीच में नहीं रहे। उनका पूरा जीवन अयोध्या धाम श्री रामलला के मंदिर निर्माण और विकास के लिए समर्पित रहा, यह संजोग ही है कि रामकथा का वाचन करते हुए उनकी भौतिक देह भी काया से मुक्ति ली है।

सीएम ने कहा कि श्री राम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन को प्रारंभ होते समय उसमें मूर्तरूप लेते हुए आंदोलन का जो परिणाम था, उस सुखद अवसर को देने का योग प्राप्त हुआ था और 25 नवंबर को श्री राम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर पर ध्वजारोहण में भी शामिल हुए। एक ऐसा संत सदैव राम जन्मभूमि अभियान के साथ मिलकर काम किया। आज उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए आया हूं, गोरखधाम से उनका पुराना नाता रहा।

### यूपी में नाम बदलने का तरीका दिल्ली भी आ गया: अखिलेश

**नई दिल्ली।** लोकसभा में मनरेगा की जगह विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन अधिनियम पेश कर दिया गया है। जिस पर विपक्ष की ओर से जमकर हंगामा किया, समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर नारा. जगी जताई और कहा कि ये सरकार बस नाम ही बदलना जानती है। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि जी राम जी, बस नाम बदला गया है, योजना में किसान को ऐसा कोई खास लाभ नहीं मिलने जा रहा है, न बड़ा रोजगार मिलने जा रहा है। ये पहली बार हो रही है कि यूपी में जो तरीका था नाम बदलने का, अब वो दिल्ली में भी आ गया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सच्चाई ये हैं इस सरकार के पास किसानों और मजदूरों को दिखाने के लिए कुछ नया नहीं है।

# घने कोहरे से सड़कों पर चलना दुश्वार

## जनपद में कई जगह दिखाई नहीं दिया सूरज, नहीं जल रहे जनपद में अलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** जनपद में बीती शाम से आए घने कोहरे की वजह से सड़कों पर चलना दुश्वार हो गया है। हालत यह है कि आज शाम से ही फिर कोहरा आ गया। जिसकी वजह से सड़कों पर सन्नाटा छा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार पन्द्रह दिसम्बर गुजरने के साथ ही जनपद में कड़ाके की ठण्ड पड़नी शुरू हो गई है। आलम यह है कि बीती शाम से ही घना कोहरा आ गया था। जिसकी वजह से सड़कों पर वाहन चलाना काफी मुश्किल हो गया था। सड़कों के किनारे एवं बीचों बीच सफेद पट्टियां न खींची होने की वजह यह पता नहीं चल रहा था कि सड़क कहा पर खत्म है। जिसकी वजह से कई जगह वाहन सड़कों से उतर गए। हल्दौर मार्ग पर तीन जगह ट्रक सड़क से उतर कर किनारे गड्ढों में पहुंच गए थे। नगीना मार्ग पर भी कार सड़क से नीचे पहुंच गई। जिसकी वजह से उसमें सवार नगीना निवासी अमरजीत व राकेश सैनी घायल हो गए। शाम से ही सड़कों पर वाहन चलने काफी कम हो गए थे। आज सुबह जब नागरिक घरों से बाहर निकले, तो बाहर अंधेरा था। घने कोहरे की वजह से कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था। सुबह साढ़े आठ बजे तक भी ऐसा लग रहा था, जैसे तड़का हो रहा हो।





इसके बाद कोहरा कम होना शुरू हुआ। लेकिन सूरज दिखाई नहीं दिया। जनपद में कई जगह दोपहर बाद थोड़ी देर के लिए सूरज दिखाई दिया। लेकिन ज्यादातर जगह सूरज निकला ही नहीं। जिसकी वजह से ठण्ड में बेइंतहा इजाफा हो गया। शाम समाचार लिखे जाने के समय जनपद में घना कोहरा फिर छा गया था। सड़कों पर सन्नाटा दिखाई दे रहा था। कड़ाके की ठण्ड के चलते बाजार भी जल्दी बंद हो गए। हर किसी को अपने घर जल्दी पहुंचने की लगी हुई थी। कड़ाके की ठंड से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित दिखाई दिया।

दूसरी तरफ जनपद में कई जगह अलाव नहीं जल रहे है। अधिकारी अलाव की लकड़ियां हजम कर रहे है। वह चंद चौराहों पर ही अलाव जलवाकर शहीदों में अपना नाम लिखवाने वाला काम कर रहे है। अधिकारियों के घरों में तो अलाव जल रहे है। लेकिन गरीबों के मौहल्लों व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलवाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। रोडवेज बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों एवं मुख्य चौराहों पर अलाव न जलने की वजह से वाहनों के इंतजार में खड़े यात्रियों को परेशान होते हुए देखा गया।

### स्कूलों का समय परिवर्तन की मांग

**बिजनौर।** कड़ाके की ठंड में घने कोहरे के बीच आज सुबह सवेरे बच्चों को स्कूल जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जितने परेशान बच्चे थे, उससे कही ज्यादा परेशान अभिभावक दिखाई दिए। कड़ाके की ठंड में दुपहिया वाहनों से घने कोहरे को चीर कर बच्चों को स्कूल छोड़ने में अभिभावकों को काफी दिक्कत हुई। बच्चे भी ठण्ड की वजह से कांप रहे थे। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जो बच्चे स्कूटी व बाइकों एवं अन्य खुले वाहनों से स्कूल आते है, वह खुद को असहज महसूस कर रहे थे। अभिभावकों का कहना है कि स्कूलों का समय बदला जाए। सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक का स्कूलों का समय किया जाए। ताकि छोटे बच्चों को कोई परेशानी न हो और वह बीमार होने से बच सके। ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों में पढ़ने के लिए आने वाले बच्चों की संख्या काफी ज्यादा है। पूर्व में कड़ाके की ठंड व घने कोहरे की वजह से स्कूलों में अवकाश घोषित किया जाता रहा है। प्रशासन ने अभी तक इस बारे में कोई आदेश जारी नहीं किया है। जिससे अभिभावक चिंतित है। अभिभावकों का कहना है कि जिला प्रशासन को बिना देरी किए इस संबंध में उचित आदेश जारी करना चाहिए।

## एक नजर

### नगीना देहात में शुएब व अरसलान अरेस्ट

**बिजनौर।** नगीना देहात थाने में ग्राम नरूल्लापुर निवासी हरपाल सिंह पुत्र शेर सिंह ने कल तहरीर दी थी कि उसने ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर की लोहे की दो पट्टी चोरी करते हुए रायपुर सादात के मौहल्ला गांधी चौक निवासी मौहम्मद शुएब पुत्र मौहम्मद शारिक एवं मौहम्मद अरसलान पुत्र अतीक अहमद को पकड़ लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

### भाकियू टिकैत की मासिक बैठक संपन्न



**नगीना।** गन्ना समिति परिसर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की तहसील स्तरीय मासिक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता डा. धर्मवीर सिंह ने की, जबकि संचालन अर्जुन चौहान ने किया। बैठक में किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इनमें लेखपालों पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए उसे रोकने, विद्युत बिल पर सभी उपभोक्ताओं को छूट का लाभ देने, बिजली के जर्जर तार व फुंके ट्रांसफार्मरों को बदलने, गन्ना क्रय केन्द्रों पर हो रही घटतोली को रोके जाने, आवारा पशुओं से फसलों को होने वाले नुकसान से छुटकारा दिलाने के लिए उन्हें पकड़कर गौशालाओं में भिजवाने, चक मार्गों को मनरेगा के द्वारा गड्ढामुक्त कराकर ठीक कराये जाने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो संगठन आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। सम्बोधनकर्ताओं में चौधरी बलजीत सिंह, रामभजन सिंह, इमरान आलम, शौवीर सिंह, अनिल चौहान, महेंद्र सिंह प्रधान, देवेंद्र सिंह, कपिल कुमार, राजपाल सिंह, राजवीर सिंह, पुखराज सिंह, मुखिया जी, भूपेंद्र चौधरी, अमित कुमार, ओमप्रकाश सिंह, डॉ विजय सिंह, अविबा सिंह, अशोक कुमार, भूपेंद्र सिंह, ज्ञान सिंह, मंगू सिंह, शाहिद मंसूरी आदि मौजूद रहे।

# नगीना में अत्याधुनिक अल्ट्रासाउंड सेंटर का उद्घाटन

### मरीजों को अब नहीं जाना पड़ेगा जिले में कहीं और

अमान शम्सी

**नगीना।** आई.जे.बी. चैरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में आज नगीना के अत्याधुनिक आई.जे.बी.अल्ट्रासाउंड सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया।

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नगीना को एक बड़ी सौगात देते हुए आई.जे.बी. चैरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में मंगलवार की शाम आई.जे.बी. अल्ट्रासाउंड सेंटर का भव्य और औपचारिक उद्घाटन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस नई शुरुआत के साथ नगीना और आस-पास के क्षेत्रों के निवा. सियों को अब हाई-क्वालिटी डायग्नोस्टिक सेवाओं जैसे अल्ट्रासाउंड और 2D ईको के लिए धामपुर, बिजनौर या नजीबाबाद जाने की आवश्यकता समाप्त हो गई है। आई.जे.बी. अल्ट्रासाउंड सेंटर में जिला बिजनौर की सबसे आधुनिक मशीनों को स्थापित किया गया है। उद्घाटन के साथ ही, यहां कई लेटेस्ट जांच सेवाएं शुरू हो गई, जिनमें सभी तरह के अल्ट्रासाउंड, नगीना का



सर्वप्रथम 2D Echo टेस्ट, डिजिटल एक्स-रे, पैथोलॉजी लैबख ईसीजी और पीएफटी (फेफड़ों की जांच) आदि शामिल हैं।

इस अवसर पर आई.जे.बी. चैरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और इस्लामी जदीद बैतुलमाल के प्रेसिडेंट मास्टर मुमताज ने अपने वक्तव्य में कहा कि आई.जे. बी.अल्ट्रासाउंड सेंटर नगीना के लोगों को विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण हेल्थ सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

आई.जे.बी. चैरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के मैनेजर डा. फैयाज मौहम्मद अंसारी ने कहा कि आई.जे.बी. हॉस्पिटल को जिस मकसद के साथ बनाया गया था, आज उस मकसद को एक नई पहचान मिली है। आने वाले समय में आई.जे.बी.अल्ट्रासाउंड सेंटर मील का पत्थर साबित होगा और नगीना वासियों तथा आस-पास के सभी गांवों के लोगों को अब कहीं भी दूर जाने की जरूरत नहीं होगी।

हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर फरहान मौहम्मद अंसारी ने इस अवसर पर बताया कि पिछले दो सालों से यह हॉस्पिटल नगीना और आस-पास के गांवों को सबसे आधुनिक और किफायती इलाज मुहैया करा रहा है। उन्होंने कहा कि हमने स्वास्थ्य सेवा को आगे बढ़ाने की जो पहल की थी, उसमें अब हमें बड़ी कामयाबी मिली है। यह नया अल्ट्रासाउंड सेंटर सिर्फ एक मशीन नहीं बल्कि नगीना की स्वास्थ्य सेवा के लिए एक नई उड़ान है जो हमारी सेवाओं को और भी मजबूत और बेमिसाल बनाएगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर इस्लामी जदीद बैतुलमाल कमेटी के प्रेसीडेंट मास्टर मुमताज अहमद, डा. अब्दुल कय्यूम (वाइस प्रेसीडेंट), सचिव मास्टर इसरार, कोषाध्यक्ष मौ. जाकिर हुसैन, संयुक्त सचिव अरशद महमूद, मैनेजर डा. मौहम्मद फय्याज अंसारी, जाकिर हुसैन, आडिटर अनीस अख्तर, संयुक्त प्रबंधक डा. नफीस अहमद, डा. खुर्शीद अहमद, अब्दुल समद, मुख्तार ठेकेदार, मौ. यमीन, मौ. साजिद मौजूद रहे। प्रबंधन कमेटी के लोगों के अलावा वरिष्ठ एडवोकेट मौहम्मद आरिफ खान, मौहम्मद जुनैद मालिक, मौहम्मद ताहिर मुल्तानी, मौ. ताहिर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

उद्घाटन के अवसर पर आई.जे. बी. चैरिटेबल मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के हृदय रोग विशेषज्ञ डा. सुहैल आरिफ, स्त्री रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ डा. सईद फातिमा, कंसल्टेंट फिजिशियन डा. संदीप कुमार सिंह, डेंटल सर्जन - दंत रोग विशेषज्ञ डा. अदीबा खान, गाइनेकोलॉजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डा. कहकशां हुसैन, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. इकबाल हुसैन और ई.एम.ओ. डा. एन.एच. चौधरी भी मौजूद रहे।

इस सफल उद्घाटन समारोह को आयोजित करने और इसमें सक्रिय सहयोग देने वालों में हॉस्पिटल की एचआर रमशा अंसारी, मौहम्मद अरीब, अलाउद्दीन, फैसल नफीस, मौहम्मद अमन, मौहम्मद जैद, सदफ नाज, अयान शमसी, अमन शम्सी, सायमा, महक, अस्मा परवीन, मुस्तफा, जोहन, जुनेद, पुनीत, रहमान, बख्तावर, शुमायला, रेहान, हसीब, मोहम्मद साद, मौहम्मद रियाज, असजद और निगम कुमार शामिल थे।

# आखिर कब मिलेगा अफजलगढ़ को तहसील मुख्यालय का दर्जा

### फर्जी बयानबाजी से अवाम के जज्बातों के साथ खिलवाड़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** विकास के मामले में वैसे तो पूरा जनपद ही पश्चिम उत्तर प्रदेश के अन्य जनपदों की तुलना में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है, लेकिन अफजलगढ़ क्षेत्र के साथ तो हर तरह से नाइंसाफी हो रही है। अफजलगढ़ को तहसील बनाने को लेकर झूठी घोषणाएं करते हुए फर्जी बयानबाजी से अवाम के जज्बातों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

गौरतलब है कि अफजलगढ़ को तहसील मुख्यालय बनाए जाने की मांग काफी पहले से उठ रही है। अफजलगढ़ क्षेत्र जनपद मुख्यालय एवं धामपुर तहसील मुख्यालय से काफी दूर है। पूर्व में यह क्षेत्र नगीना तहसील से जुड़ा हुआ था। लेकिन धामपुर तहसील से इस क्षेत्र को जोड़े जाने का भी कोई फायदा अवाम को नहीं मिल पाया है। रेहड़, कादराबाद, मानियावाला, कासमपुर गढ़ी, केहरीपुर आदि जगह धामपुर तहसील मुख्यालय से काफी दूर हैं। अवाम को तहसील मुख्यालय जा कर वहां से लौटने में ही सुबह से शाम हो जाती है। अगर एक बार जाने से काम नहीं होता है, तो फिर वक्त और रुपए की बर्बादी होती है। अफजलगढ़ क्षेत्र विकास के मामले में सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ है। यहां पर एक मात्र चीनी मिल के अलावा न तो कोई फैक्ट्री है और न ही कारोबार का अन्य कोई सहारा है। इस क्षेत्र का अवाम शरीफ और अमन पसंद है। इसी लिए अवाम को गुमराह किया जा रहा है। पूर्व में कई बार राजनीतिक मंचों से घोषणा की गई कि अफजलगढ़ को तहसील बनाए जाने के लिए सर्वे कराया जाएगा। सर्वे की बात भी सामने आई है। लेकिन आज तक इस बयानबाजी की असली हकीकत सामने नहीं आ पाई है। नेताओं के द्वारा अवाम के जज्बातों के साथ खिलवाड़ करते हुए इस क्षेत्र को पिछड़ा ही बनाए रखने के लिए हर हथकंडे अपनाए जा रहे है। भाजपा सरकार में भी स्थानीय जनप्रतिनिधि इस मांग को पूरा नहीं करा पा रहे है। बढ़ापुर के भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह भाजपा सरकार में मजबूत पकड़ रखते है। उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करीबी माना जाता है। उनके स्व. पिता व पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बेहद करीबी थे। लेकिन आज तक वह भी अवाम के साथ हमदर्दी जताते हुए इस मांग को पूरा नहीं करा पाए है। इस मांग के पूरा होने से किसी एक व्यक्ति व समाज को ही फायदा नहीं पहुंचेगा, बल्कि क्षेत्र में खुशहाली और तरक्की का रास्ता खुलेगा। लेकिन यह अफजलगढ़ क्षेत्र के अवाम के साथ खुली नाइंसाफी है कि आज तक उसे तहसील मुख्यालय की सौगात नहीं मिल पाई है। अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि व समाजसेवी संस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय मीडियाकर्मी भी इस बारे में आवाज नहीं उठाते हैं। अगर इस क्षेत्र से मजबूती के साथ आवाज बुलंद की जाए, तो जरूर तहसील मुख्यालय का दर्जा मिल जाएगा। जनप्रतिनिधियों पर किसी भी तरह का दबाव नहीं बनाया जा रहा है और न ही धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।

सवाल यह है कि आखिरकार कब अफजलगढ़ का तहसील मुख्यालय का दर्जा मिलेगा और इस क्षेत्र की तरक्की के रास्ते खुलेंगे।

### सहसपुर में कोहरे ने दी दस्तक

**सहसपुर।** क्षेत्र के ग्राम मेवाजट, मेवा नवादा, राजीपुर, मकसूदपर, महमूदपुर आदि में घने कोहरे ने दस्तक दे दी है। क्षेत्र में शीत लहर का दिन भर प्रकोप रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिसंबर का यह पहला दिन था, जो सुबह से लेकर देर रात तक घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठण्ड पड़ी। इससे कारोबार पर असर पड़ा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नगर पंचायत सहसपुर की ओर से शीतलहर कोहरे से बचने के लिए राहगीरों के वास्ते अलग-अलग चौराहा व मार्गों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। समाजसेवी व चेयरपर्सन पति अमजद अली अंसारी ने बताया कि व्यवस्था हो चुकी है और अलग-अलग चौराहा मुख्य मार्गों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है जिससे राहगीरों को ठंड से एवं शीत लहर से काफी मदद मिलेगी। नगर में उनकी तारीफ हो रही है।

### हथियार के साथ फरमान गिरफ्तार

**बिजनौर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मौहल्ला चाहशीरीं बी-21, घंटाघर के समीप रहने वाले फरमान उर्फ मासूम पुत्र निसार कुरैशी को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वह पूर्व में भी कई बार गिरफ्तार हो चुका है।

# विद्या भारती में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम

### पूनम रानी को सम्मानित किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की प्रमुख श्रीमती पूनम गुप्ता रही।

कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती प्रतिभा ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रतिभा चक्रवर्ती और अध्यक्षता श्रीमती प्रियंका अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती संपत्ति देवी रहीं।



श्रीमती पूनम गुप्ता ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के विषय में जानकारी दी। श्रीमती मनु नागर ने वक्ता के रूप में कुटुम्ब एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि का विषय लिया।

कार्यक्रम में श्रीमती पूनम रानी को विशिष्ट कार्यक्रमों के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय की बहिनों द्वारा रानी लक्ष्मीबाई, इंदिरा गांधी, द्रौपदी मुर्मू, भगिनी निवेदिता की सुंदर झाकियां प्रस्तुत की गई।

कार्यक्रम में कुल 116 अभिभावक माताओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय परिवार की समस्त आचार्या बहिनों का योगदान रहा।

# हरेवली क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों का शिकार

### जंगली जानवरों के शिकार से भी बाज नहीं आ रहे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** हरेवली क्षेत्र में प्रवासी पक्षियों एवं जंगली जानवरों का शिकार किया जा रहा है। न तो वन विभाग का स्टाफ इन शिकारियों को पकड़ कर उन से शिकार का मांस बरामद कर रहा है और न ही पुलिस शिकारियों को पकड़ कर उनके पास मौजूद आधुनिक हथियार जब्त कर रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार हरेवली क्षेत्र पूर्व से ही शिकारियों के लिए सबसे सुरक्षित जगह है। यह क्षेत्र शेरकोट थाने की हरेवली पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है। लेकिन आज तक न तो हरेवली चौकी पुलिस ने और न ही वन विभाग ने शिकारियों को पकड़ा है। यहां पर रात में जंगली जानवरों का शिकार किया जाता है और दिन में प्रवासी पक्षियों का शिकार किया जाता है। सर्दी के मौसम में यहां पर अक्सर प्रवासी पक्षी दिखाई देते है। पूर्व में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षी यहां पर आते थे। लेकिन बढ़ते शिकार एवं सुरक्षित क्षेत्र न मिलने से प्रवासी पक्षी पूर्व की तुलना में अब कम आ रहे है। जंगली मुर्गों का शिकार भी फंदा लगा कर किया जा रहा है। शिकारी तीतर सहित अन्य पक्षियों का शिकार कर रहे है। रात में शिकारियों को तेज लाइटों के साथ इस क्षेत्र के जंगलों में घूमते हुए देखा जा सकता है। शिकारी अपने हिसाब से शिकार करते है। कोई जंगली सूअर का शिकार करता है और कोई हिरन का शिकार करता है। गुलदारों की बढ़ती संख्या के बावजूद शिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। वह गुलदार से नहीं डरते है। हरेवली क्षेत्र में वन विभाग एवं पुलिस को सक्रिय करने की जरूरत है। रामगंगा नदी एवं खो नदी के किनारे के जंगलों में बड़ी संख्या में जंगली जानवर मौजूद है। जो शिकारियों का आसानी से टारगेट बन जाते है।

# शराबी ड्राइवर ने दर्जनों यात्रियों की जान खतरे में डाली

## चेकिंग के दौरान रोडवेज बस छोड़कर फरार, घने कोहरे में भटकते रहे धामपुर के यात्री

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** ट्रक एवं रोडवेज बसों के चालकों के द्वारा शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने के बारे में पूर्व में भी शाह टाइम्स में खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं और आज यह खबरें उस समय सही साबित हो गई, जब धामपुर डिपो की रोडवेज बस का चालक जिशान शराब पीकर बस चला रहा था। विरोध करने पर चैकिंग के दौरान वह हल्दौर चौराहे पर रात के अंधेरे में फरार हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार धामपुर डिपो की बस संख्या यूपी 20 एटी 8354 के चालक जिशान व परिचालक राहुल कुमार आज देर शाम कई दर्जन यात्रियों को लेकर धामपुर के लिए रवाना हुए। बताया जाता है कि जिशान ने शराब पी रखी थी और वह घने कोहरे में बस को लगभग 80 किलो मीटर प्रति घंटा की




रफ्तार से दौड़ाने लगा। उसने कई वाहनों को गलत ढंग से ओवरटेक भी किया। जिससे बस में सवार यात्री सहम गए और उन्होंने तेज गति से बस चलाने का विरोध किया। जिससे शराबी चालक जिशान चिढ़ गया और उसने दस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से बस चलानी शुरू कर दी। यात्रियों ने कहा कि यह गलत है। इस बीच जब हल्दौर चौराहे पर रोडवेज बस पहुंची, तो वहां पर विभाग के राजकुमार स्टाफ के साथ चैकिंग कर रहे थे। यात्रियों ने उनसे चालक जिशान की शिकायत की और उसका मेडिकल कराने के लिए कहा। यह सुनकर चालक जिशान बस को वहीं छोड़ कर खिड़की से कूद गया और नौ दो ग्यारह हो गया। वह काफी देर तक नहीं लौटा। कड़ाके की ठंड में यात्री ठिठुरते रहे। इसके बाद उन्हें दूसरी बस से धामपुर भेजने की व्यवस्था की गई। इस दौरान यात्रियों में आक्रोश देखा गया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से इसकी शिकायत की।



स्योहारा निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता महफूज चौधरी एड. ने बताया कि रोडवेज के चालक नियमों का पालन नहीं करते हैं। न तो इनके शराब पीने की जांच होती है और न ही इनके लाइसेंस की जांच की जाती है। यह काफी तेज गति से बस चलाते है। जिसकी वजह से हादसे होते रहते हैं।


दूसरी तरफ जनपद में शराबी चालकों की जांच के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। शाम के समय ज्यादातर वाहनों के चालक नशे में होते है। जिनकी वजह से हादसे होते हैं। शराबी बाइक सवार खुद हादसे के शिकार हो जाते हैं। शाम को होने वाले ज्यादातर हादसे शराब के नशे की वजह से ही होते है। अगर शाम को अचानक विभिन्न मार्गों पर चालकों के नशे में होने की जांच शुरू की जाए, तो सच्चाई सामने आ जाएगी। शराबी चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जाने चाहिए। इससे शराब पी कर वाहन चलाने की आदत पर रोक लगेगी और हादसों में भी कमी आएगी। परिवार भी उजड़ने से बच जाएंगे। जनपद में पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से इस अभियान को गंभीरतापूर्वक चलाए जाने की जरूरत है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, मजदूर की मौत

## एसपी ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, फोरेंसिक टीम जांच में जुटी





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** कस्बा जलालाबाद थाना क्षेत्र में एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक मजदूर की मौत हो गई। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई। विस्फोट इतना भीषण था कि मजदूर के शरीर के चिथड़े उड़ गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान 36 वर्षीय सुधीर कुमार के रूप में हुई है, जो ग्राम पारुला, थाना किरतपुर क्षेत्र का निवासी था। विस्फोट की आवाज दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के मजदूरों में हड़कंप मच गया।

घटना के समय मृतक के गांव के करतार, मोनू और टीकम भी फैक्ट्री में काम कर रहे थे। मृतक का भतीजा अभिषेक कुमार भी वहीं मौजूद था। अभिषेक ने बताया कि उसके चाचा सुधीर फैक्ट्री में काम कर रहे थे, तभी अचानक ब्लास्ट हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।

एसडीएम नजीबाबाद और थाना प्रभारी नजीबाबाद भी भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया जा रहा है। यह पटाखा फैक्ट्री हमराज नामक व्यक्ति द्वारा संचालित की जा रही थी। मृतक सुधीर अपने पीछे एक वर्षीय बच्ची छोड़ गया है।

## एक नजर

### टीम ने ग्राम पंचायत पपसरा में की जांच



**नहटौर।** ग्राम पपसरा निवासी आशीष राठी आदि ने ग्राम पंचायत में विकास कार्य नहीं होने आदि का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने डीसी बिजनौर वीरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित की थी। आज वीरेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में टीम ने पहुंचकर कई बिंदुओं पर जांच की और स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें पंचायत में बनी 4 सीसी रोड, हैंड पंप के रिबोर, स्कूल की टाईलीकरण, सीसीटीवी कैमरे, तालाब व नाली के अलावा सफाई व्यवस्था आदि कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए जांच की। इसके अलावा पंचायत भवन में ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्य से संबंधित जानकारी ली। डीसी वीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि शिकायत के आधार पर कई बिंदुओं पर जांच की गई है। जांच रिपोर्ट डीएम को सौंपी जाएगी। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव अंकित कुमार, ग्राम प्रधान पति दिगबंर राठी आदि मौजूद रहे।

### खुर्शीद बांटेंगे 22 को लिहाफ

**नहटौर।** पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ समाजसेवी खुर्शीद आलम अंसारी के द्वारा 22 दिसम्बर को सुबह 11 बजे मदरसा मिजबाहुल उलूम, मीरा की सराय में जरूरतमंदों को लिहाफ बांटे जाएंगे। वह पिछले 21 सालों से जरूरतमंदों को लिहाफ बांट रहे है। जिससे उनकी हर तरफ तारीफ हो रही है। वह समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा से सक्रिय रहे है।

### हादसे में सुपरवाइजर घायल



**नहटौर।** बिजनौर में लघु उद्योग एवं इंडस्ट्रीज विभाग में तैनात सुपरवाइजर सहारनपुर निवासी अमित कुमार बाइक से नहटौर आ रहा था। झालू मार्ग पर ग्राम नारायणपुर के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गया। घायल को नहटौर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर विभागीय अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे। घायल को निजी अस्पताल से रैफर किया गया है। उसके परिवार वालों को भी सूचना दी गई है। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है।

### रोहित राणा कार्यालय प्रभारी नियुक्त



**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने ग्राम विलासपुर निवासी रोहित कुमार राणा को जिला कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया है। रोहित कुमार राणा ने बताया कि वह पूर्व में भी जिला कार्यालय प्रभारी रह चुके हैं। संगठन के कार्यक्रम नीतियों एवं प्रचार प्रसार के दायित्वों का पूरी तरह से निर्वाह करेंगे। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने हमेशा किसानों व लोगों की समस्याओं के लिए काम किया है।

### आवारा सांड ने किया हमला

**नहटौर।** ग्राम टपरौला में 60 वर्षीय शकुंतला देवी पत्नी स्वर्गीय जयपाल सिंह अपनी पशुशाला में पशुओं को चारा डालने के लिए गई थी। बताया जाता है कि पहले से ही वहां एक आवारा सांड घुस गया था। महिला ने जब उसे भगाने का प्रयास किया तो उसने उस पर हमला कर दिया। महिला की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आवारा सांड को भगाया। घायल को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। बताया जाता है कि आवारा सांड दोबारा से पशुशाला में आ गया है और पशुशाला में ही डटा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा सांड ने गांव में आतंक मचा रखा है। वह पशुओं पर भी हमला कर रहा है और आवागमन में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रशासन को सूचना देकर उसे पकड़वाए जाने की मांग की है।

### उस्ताद जाकिर हुसैन को संगीतमय श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** इंटर कॉलेज साहनपुर में प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन को उनकी पुण्यतिथि पर संगीतमय श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कॉलेज के छात्रों और स्टाफ ने उन्हें याद किया। संगीत शिक्षिका दिव्यांजलि के निर्देशन में छात्राओं ने तबला वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसमें उठान, पेशकारा, कायदा, टुकड़ा और परण जैसे विभिन्न तबला बोल शामिल थे। छात्रों ने संगत का प्रदर्शन भी किया। साथ ही गायन की शास्त्रीय प्रस्तुतियां भी दी गईं। दिव्यांजलि ने उस्ताद जाकिर हुसैन के जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए संगीत के महत्व पर भी बात की। उन्होंने कहा कि संगीत मन और भावनाओं का विषय है, जो अमूर्त चिंतन को बढ़ावा देता है। तनावपूर्ण जीवन में संगीत मानसिक और आत्मिक शांति प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में उस्ताद जाकिर हुसैन के साथ-साथ लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि देश उस्ताद जाकिर हुसैन और सरदार वल्लभ भाई पटेल के अतुलनीय योगदान को सदैव याद रखेगा। इस श्रद्धांजलि सभा में कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

### पति गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नूरपुर मार्ग पर मनोज बेकरी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

जानकारी के अनुसार धामपुर थाना क्षेत्र के गांव नीन्दडू निवासी 53 वर्षीय आफताब अली अपनी पत्नी 48 वर्षीय गुलनाज के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे धामपुर नूरपुर मार्ग पर मनोज बेकरी के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने गुलनाज को मृत घोषित कर दिया।

वहीं आफताब अली की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गुलनाज की मृत्यु की सूचना पर परिजनों में कोहराम मचा है। पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है।

## मास्टर विजयपाल सिंह बने कमेटी अध्यक्ष



**स्योहारा।** रविदास जयंती कमेटी की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से मास्टर विजयपाल सिंह को लगातार दूसरी बार कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। वक्ताओं ने कहा कि मास्टर विजयपाल सिंह वर्षों से समाज के उत्थान के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता के क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने हमेशा समाज को एकजुट रखने और नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने का संदेश दिया है। वक्ताओं ने यह भी कहा कि रविदास जयंती जैसे आयोजनों को भव्य और अनुशासित तरीके से संपन्न कराने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। उनके नेतृत्व में कमेटी ने समाज में आपसी भाईचारे, समानता और मानवता के मूल्यों को मजबूत किया है। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर मास्टर विजयपाल सिंह ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने जो विश्वास उन पर जताया है वह उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा, सामाजिक सुधार और युवाओं को सही दिशा देने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि समाज तभी मजबूत होगा जब हम सब मिलकर एक-दूसरे का सम्मान करेंगे और जरूरतमंदों के साथ खड़े रहेंगे। रविदास जयंती कमेटी का उद्देश्य केवल आयोजन करना नहीं बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।

## पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका की बोर्ड बैठक पालिका सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने की, जबकि संचालन अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल द्वारा किया गया।

बैठक में नगर के विकास, जनहित और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा कर उन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर पालिका स्योहारा एवं जनपद बिजनौर के विनियमित क्षेत्रों की महायोजना तैयार किए जाने पर विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश को कंसल्टेंट चयन हेतु एजेंसी नामित किए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। शीत ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र के चिन्हित स्थलों पर अलाव जलाए जाने तथा उनकी आपूर्ति सुनिश्चित करने पर सहमति बनी। बोर्ड बैठक में नगर के भवन मानचित्रों की स्वीकृति से संबंधित प्रस्तावों को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

साथ ही माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में नगर में स्ट्रीट डॉग एवं पालतू कुत्तों के सर्वे वैक्सीनेशन और टैगिंग के कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। जानकारी दी गई कि नगर में कुल 428 स्ट्रीट डॉग चिन्हित किए जा चुके हैं, जिनका वैक्सीनेशन एवं टैगिंग कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि नगर की स्वच्छता सुरक्षा और जनहित सर्वोपरि है। स्ट्रीट डॉग प्रबंधन, वैक्सीनेशन और सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। उन्होंने नगरवासियों से भी सहयोग की अपील की।

अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल ने बैठक में उपस्थित सभासदों को प्रस्तावों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पालतू कुत्तों के लाइसेंस, वैक्सीनेशन तथा नियमों के उल्लंघन पर निर्धारित जुर्माने की व्यवस्था लागू की जाएगी। साथ ही सरकारी एवं निजी संस्थानों को अपने परिसरों की घेराबंदी सुनिश्चित करने तथा मीट विक्रेताओं को स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए जाएंगे।

बैठक में शासनादेशों के अनुरूप नियमावली लागू किए जाने नगर विकास से जुड़े अन्य प्रशासनिक प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से पारित किया गया। पालिका अध्यक्ष ने सभी सभासदों और अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे।

इस मौके पर समस्त सभासद व नगर पालिका कर्मचारी, प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित कार हाईवे पर पलटी



**शेरकोट।** नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए सर्विस रोड पर कई पलटी खाकर पूरी तरह उलट गई। कार मे सवार सवारी मामूली रुप से घायल हो गयी।

नेशनल हाईवे स्थित अम्बेडकर धर्मशाला के निकट हादसा उस समय हुआ जब अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम सुआवाला निवासी कपिल पुत्र ध्यान सिंह अपनी बहन प्रियंका के साथ कार से धामपुर जा रहे थे। कुत्ते को बचाने के चक्कर मे चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार रेलिंग से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कपिल व उसकी बहन को कार से सुरक्षित बहार निकाला और क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कर दी।

## पति पर पहली शादी छिपाकर दूसरी शादी करने का आरोप

### एसपी से लगाई कार्यवाही की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महिला ने पति पर पहली शादी छिपाकर दूसरी शादी करने और बाद में उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की निवासी पीड़िता का कहना है कि उसकी शादी 1 मार्च 2025 को रीति-रिवाज के अनुसार हुई थी, जिसमें मायके पक्ष ने दहेज में नकद व सामान दिया। पीड़िता के अनुसार शादी के बाद ससुराल में उसे प्रताड़ित किया गया और 5 अप्रैल 2025 को मारपीट कर कपड़ों में ही घर से निकाल दिया गया। इसके बाद वह मायके में रह रही है। आरोप है कि बाद में उसे जानकारी हुई कि पति की यह दूसरी शादी है और पहली पत्नी जीवित है। पीड़िता का कहना है कि इस तथ्य को छिपाकर उससे विवाह किया गया। पीड़िता ने बताया कि उसने पहले थाना स्तर पर तथा उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं उक्त मामले को लेकर पुलिस का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सीओ ने रात्रि ड्यूटियों का निरीक्षण किया

**नगीना।** क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बीती रात को विभिन्न थानों की रात्रि ड्यूटियों का निरीक्षण किया। इसमें थाना नगीना, थाना बढ़ापुर, थाना नगीना देहात और थाना कोतवाली देहात पर पुलिस की समस्त रात्रि ड्यूटियां शामिल थीं।

निरीक्षण के दौरान, क्षेत्राधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की जांच की और उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया। उन्होंने द्वारा ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को जागरूक किया गया। इस दौरान सदस्यों को समिति में सक्रिय भूमिका निभाने, रात्रि गश्त में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा ग्राम सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु प्रेरित किया गया। इन समितियों को सतर्कता बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण के समय सभी संबंधित थानों के थाना प्रभारी निरीक्षक उपस्थित रहे।

## समर्पण निधि पखवाड़ा कार्यक्रम

### छात्रों को मेडल पहना कर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 15 दिसंबर को समर्पण निधि पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विद्या भारती द्वारा संचालित किया गया था।

समारोह का शुभारम्भ कोषाध्यक्ष कपिल गर्ग, कल्याणी फाउंडेशन की वंदना कोटनाला और प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आचार्य संजय सिंह ने उपस्थित अतिथियों का परिचय कराया। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने छात्रों को समर्पण की भावना से अवगत कराया और अपने विचार प्रस्तुत किए। वंदना कोटनाला ने भी छात्रों को गरीब और असहाय लोगों के प्रति समर्पण का भाव रखने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत भारत माता का पूजन किया गया। अतिथिगणों और सभी कक्षाचार्यों ने कक्षावार समर्पण राशि भारत माता के चरणों में समर्पित की। कार्यक्रम में पूर्व छात्र प्रत्युष और मानसी भी शामिल हुए। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने समाज से समर्पण राशि एकत्रित करने वाले छात्रों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर आचार्य प्रमोद कुमार, पंकज शर्मा, गोपेन्द्र सिंह, आत्मस्वरूप शर्मा, गौरव कुमार, संजय शर्मा, अनन्त कुमार, नीरज कुमार, घनश्याम सिंह, विवेक प्रताप, सोनू कुमार, संजीव कुमार, आचार्या रजनी टांक, फूलमाला वर्मा, पूनम रानी, मनु, अर्चना सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### अवैध कब्जे का आरोप

**किरतपुर।** नगर के मौहल्ला चौहानान निवासी भरत राज अरोड़ा ने कुछ लोगों पर जबरन अवैध कब्जा करने, धमकी देने और झूठे मुकदमों में फंसाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार उन्होंने वर्ष 2018 और 2021 में विपिन अग्रवाल पुत्र चेतन स्वरूप अग्रवाल तथा आरती अग्रवाल पत्नी स्व. पंकज अग्रवाल से तीन दुकानें और एक कमरा बैनामा कराकर खरीदा था। उक्त संपत्ति का बैनामा नगर पालिका किरतपुर के रिकॉर्ड में उनके नाम दर्ज है तथा वह नियमित रूप से नगर पालिका को टैक्स भी अदा करते आ रहे हैं। आरोप है कि उक्त संपत्ति में से एक दुकान पर विपिन अग्रवाल, आरती अग्रवाल और उनके चारों पुत्रों वरदान अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, विभोर अग्रवाल और संजोग अग्रवाल ने जबरन अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में थाना किरतपुर, थाना समाधान दिवस और उच्च अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन बीते दो वर्षों से कब्जा नहीं हटाया गया। भरत राज अरोड़ा ने आरोप लगाया कि दबंगई दिखाते हुए आरोपितों ने राजनीतिक दबाव बनाकर उनके विरुद्ध मारपीट का झूठा मुकदमा भी दर्ज करा दिया। पीड़ित का कहना है कि उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं और अन्य संपत्तियों पर भी कब्जा करने की नीयत दिखाई जा रही है, जिससे उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध कब्जा हटवाकर उनकी संपत्ति उन्हें वापस दिलाई जाए और आरोपितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को जर्सी वितरित



**नांगल सोती।** स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल में आज जरूरत मंद 70 छात्र-छात्राओं को प्रबंधक कावेन्द्र सिंह एड़ और प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने जर्सी का वितरण किया। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जर्सी वितरण किया गया है। प्रत्येक कक्षा अध्यापक से दो छात्र/छात्राओं की सूची मांगी गई थी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रवक्ता केशव शरण, सत्य प्रकाश आर्य, संजय कुमार सिंह, मुख्य लिपिक अश्विनी कुमार, भीमसेन हल्दिया, नवनीत कुमार एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित हुए।

### पोस्टकार्ड अभियान ने पकड़ी गति



**किरतपुर।** जनपद के सर्वांगीण विकास को लेकर चलाया जा रहा पोस्टकार्ड अभियान लगातार गति पकड़ता जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गंगा एक्सप्रेसवे को बिजनौर से जोड़ने, नजीबाबाद शुगर मिल की क्षमता वृद्धि, नगीना में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना सहित अन्य जनहितकारी मांगों के समर्थन में अब तक जनपद बिजनौर से ढाई लाख से अधिक पोस्टकार्ड मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे जा चुके हैं। ब्लॉक किरतपुर में अभियान को मजबूती देते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के आवास पर विभिन्न गांवों से भरवाए गए पोस्टकार्ड एकत्र किए गए। इसके पश्चात ग्राम शाहपुर सुक्खा स्थित अरविंद कुमार के आवास पर किरतपुर ब्लॉक की टीम द्वारा गांव-गांव से लिखवाए गए 21 हजार पोस्टकार्ड चौधरी दिगंबर सिंह को सौंपे गए, जिन्हें मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा। इस अवसर पर दिनेश कुमार, राजेंद्र सिंह, अध्यक्ष मुकुल कुमार, हितेश कुमार, पदम राणा, नीतू चौधरी, विनोद कुमार, यशवंत सिंह, श्यामलाल सिंह, राजीव कुमार, अजमईन प्रधान, देवेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, देशराज सिंह उर्फ भोले, शैलेंद्र, मनोज कुमार राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। पोस्टकार्ड अभियान के माध्यम से जनपद के विकास से जुड़ी मांगों को प्रभावी ढंग से उठाया जा रहा है, जिससे शासन का ध्यान बिजनौर की आवश्यकताओं की ओर आकर्षित हो रहा है।

### 'आधी रात का चांद' का विमोचन



**नूरपुर।** आरआर पब्लिक स्कूल में आज 'आधी रात का चांद' नाटकीय पुस्तक का विमोचन किया गया। नाटकीय पुस्तक में पारिवारिक समस्याओं को दर्शाया गया है। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने स्कूल की छात्रा वरेण्या कृष्णा सरोहा को इस उत्कृष्ट कार्य के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इसी स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा आठ की छात्रा वरेण्या कृष्णा सरोहा मूल रूप से ताजपुर की निवासी हैं। उसके पिता दीपक सरोहा और माता अनु सरोहा पैशे से शिक्षक है। वरेण्या ने महज 12 वर्ष की आयु में 35 कविताएं, पांच लेख, पांच कहानियों सहित एक नाटक 'आधी रात का चांद' की रचना कर स्कूल के साथ ही समस्त जिले का नाम रोशन किया है। पारिवारिक समस्याओं पर आधारित नाटक 'आधी रात का चांद' बहुत ज्ञानवर्धक और मनोरंजन है। इससे हमें बहुत कुछ सीखने और जानने का अवसर मिलेगा। इससे स्कूल में पढ़ने वाले दूसरे बच्चों को भी प्रेरणा मिलेगी। वरेण्या कृष्णा सरोहा ने बताया कि उसे बचपन से ही हिन्दी कविताएं, नाटक और लेख लिखना बेहद पसंद हैं। इस अवसर पर शिक्षक चंचल कटारिया, रंजना चौहान, रजनीश चौहान, प्रीति रानी, कुसुम लता, स्वाति यादव, कपिल कुमार, संजीव डबास आदि उपस्थित रहे।

### एनसीसी कैडेट्स का लीडरशिप कैंप

**बिजनौर।** एनसीसी कैडेट्स का लीडरशिप एंड टीम बिल्डिंग कैंप -4 नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी उत्तराखंड में आयोजित किया गया। इस कैंप का ओपनिंग ऐड्रेस नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ मॉनिटरिंग उत्तरकाशी उत्तराखंड के रजिस्टर प्रवीण कुमार ने किया, जिसकी कमान कर्नल अंशुमन भदोरिया ने संभाली। कैंप के लिए ग्रुप हेड क्वार्टर बरेली नोडल ग्रुप के रूप में नियुक्त हुआ। इस कैंप में कुल 30 वैकेंसी थी, जिसमें बरेली ग्रुप को दो वैकेंसी प्राप्त हुई। ग्रुप हेड क्वार्टर बरेली नोडल ग्रुप ने 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर को नोडल यूनिट के रूप में नियुक्त किया। 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर ने बहुत अच्छे तरीके से नेहरू इंस्टीट्यूट आफ माउंटेनियरिंग उत्तरकाशी उत्तराखंड के साथ को-ऑर्डिनेट किया और 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर के दो एनसीसी कैडेट्स मौहम्मद जुनैद और प्रिंस ने प्रतिभाग किया। इस कैंप के द्वारा एनसीसी कैडेट्स के लीडरशिप स्किल को बढ़ावा मिलेगा। कैंप के दौरान विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और साहसिक कार्य किए गए। कैंप चौरंगी खाल से नचिकेता ताल जो की देवड़ा चीड़ और बुरांश के जंगलों के बीच स्थित है। यह रास्ता लगभग 3 किलोमीटर है, इसमें एनसीसी कैडेट्स ने बहुत अच्छे तरीके से ट्रैकिंग का कार्य किया। इसके अतिरिक्त नेहरू इंस्टीट्यूट आफ मार्केटिंग से विमलेश्वर टेंपल तक भी ट्रैकिंग किया जो की एक बहुत लंबा रास्ता है। इस प्रकार के कार्यों को करने के बाद एनसीसी कैडेट्स में एक नेतृत्व और टीम भावना का विकास हुआ। इन दोनों कैडेट्स ने अपना कैंप पूर्ण कर 30 यूपी बटालियन एनसीसी बिजनौर तथा बरेली ग्रुप हैडक्वाटर का नाम रोशन किया।

## एक नजर

### ग्राम पंचायत में सरकारी धन का दुरुप्रयोग

**कोतवाली देहात।** ब्लॉक कोतवाली की ग्राम पंचायत आले अलीपुर में लगभग चार माह पूर्व ग्राम प्रधान के खाते में 8000 रूपए ग्राम पंचायत में सफाई कराने का पैसा डाला गया तथा लगभग दो माह पूर्व पुनः नाला सफाई करने के नाम पर 8500 रूपए ग्राम प्रधान के खाते में डाले गए। ग्राम पंचायत मे सफाई कार्य में प्रयोग की जाने वाली रिक्शा ठेली मरम्मत के 1200 रूपए अपने खाते में डालें, जो कि नियम विरूद्ध है। ग्राम प्रधान के खाते में केवल ग्राम पंचायत से केवल मानदेय ही डाला जा सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत में बने पंचायत घर में भी मानकों की अनदेखी करते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। ग्राम प्रधान मौहम्मद असलम का कहना है कि ग्राम पंचायत में दो महिला सफाई कर्मी तैनात है, जबकि चार मौजे हैं। जो की सफाई कार्य करने में असमर्थ हैं। उनके द्वारा ग्राम पंचायत में कार्य कराने के बाद पंचायत खाते से उनके खाते में पैसे निकाले गए हैं। एडीओ पंकज कुमार का कहना है कि ग्राम प्रधान पंचायत में कार्य कराने के लिए ग्राम पंचायत खाते से ग्राम प्रधान अपने खाते मे 10000 से 15000 तक ले सकता है।

### स्काउट गाइड शिविर में छात्राओं को प्रशिक्षण



**धामपुर।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में तृतीय सोपान का शिविर लगाया गया, जिसमें 25 गाइडों ने प्रतिभाग किया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण के साथ कैम्प का शुभारम्भ किया गया, जिसमें प्रधानाचार्या श्रीमति आभावती के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। गाइड ट्रेनर पुष्पा चौहान के द्वारा सभी गाइड़ो को प्रार्थना, झण्डा गीत, नियम प्रतिज्ञा, बाँया हाथ मिलाना, विभिन्न प्रकार की गांठों का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें कि गाइड कैप्टन श्रीमति मीनाक्षी शर्मा का विशेष सहयोग रह। इसके पश्चात्ताप सभी गाइडों ने मिलकर टेंट और ब्रिज बनाये। साथ ही अनेकों प्रकार के व्यंजन भी बनाये। श्रीमति आभावती के द्वारा टेंटों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सभी गाइडों की प्रशंसा के साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। शिविर में आराध्या सिंह, इशिका सैनी, पूर्वी शर्मा, प्रेरणा राजपूत, सलोनी, जिया सैनी, कनिष्का, जिया रानी, कुमकुम चौहान, निराली शर्मा, कामाक्षी मित्तल, निशा आदि शामिल रहीं।

### आरएसएम में जागरूकता कार्यशाला



**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज में एग्री-क्लीनिक्स एवं एग्री-बिजनेस सेंटर्स योजना के अंतर्गत एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल की अध्यक्षता एवं डॉ. रवि धनकड़ के संयोजन में संपन्न हुई। कार्यक्रम का आयोजन आरएसएम कॉलेज धामपुर एवं नेशनल बैंक फॉर एग्रीकल्चर एंड रूरल डेवलपमेंट (नाबार्ड) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में नाबार्ड से जिला विकास प्रबंधक डॉ. भूपेश पुनेरा ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि ACABC योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि स्नातकों को स्वरोजगार एवं कृषि उद्यमिता के लिए प्रेरित करना है। इस योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित युवाओं को कृषि सलाह सेवाएं, इनपुट सप्लाई, कस्टम हायरिंग सेंटर, मृदा परीक्षण, पशुपालन, नर्सरी, एग्री-मार्केटिंग जैसे अनेक व्यवसाय स्थापित करने हेतु बैंक ऋण एवं अनुदान (सब्सिडी) की सुविधा प्रदान की जाती है। एग्री क्लीनिक एवं एग्री बिजनेस सेंटर के निदेशक डॉ. दीपक मेहंदी दत्ता ने योजना के बारे में बीएससी कृषि के छात्र-छात्राओं को जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा इस स्कीम के तहत सभी बीएससी कृषि स्नातक छात्र.छात्राओं को उद्यमी बनने के लिए 45 दिनों की निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यशाला में गौरव चौहान (मुख्य कार्यकारी, ग्रामोद्योग विकास संस्थान, बृजराज सिंह, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. कौशिक प्रसाद, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. विवेक यादव सहित अनेक शिक्षक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

### क्लीनिक का ताला तोड़कर चोरी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के गांव कक्कड़पुर उर्फ लकड़ा निवासी महेंद्र ने गांव माहेश्वरी जट मे डॉक्टर की दुकान कर रखी है। बीती रात्रि महेंद्र की दुकान के ताले तोड़कर चोरों ने दुकान में रखा बैटरा व दवाई चोरी कर ली। सोमवार को थाने पहुंच कर महेंद्र ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर सौपी।

### सीओ ने रात्रि ड्यूटियों का निरीक्षण किया



**नजीबाबाद।** क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह ने 15 व 16 दिसंबर की रात को विभिन्न थानों की रात्रि ड्यूटियों का निरीक्षण किया। इसमें थाना नजीबा. बाद, थाना मंडावली, थाना नांगल और थाना किरतपुर पुलिस की समस्त रात्रि ड्यूटियां शामिल थीं। निरीक्षण के दौरान, क्षेत्राधिकारी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की जांच की और उन्हें कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय किया। इन समितियों को सतर्कता बनाए रखने के भी निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण के समय सभी संबंधित थानों के थाना प्रभारी निरीक्षक उपस्थित रहे।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**नजीबाबाद।** थाना मंडावली के ग्राम कामगारपुर निवासी जयकुमार पुत्र मामराज सिंह ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। जयकुमार ने बताया कि वह ग्राम में एक किराने की दुकान चलाता है। ग्राम का ही राजन पुत्र धीर सिंह उसकी दुकान पर सामान लेने आया था। सामान के पैसे न देने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर राजन ने जयकुमार के साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से उसके सीने पर चाकू से वार कर दिया। हमले के बाद आरोपी राजन जयकुमार को जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपी राजन पुत्र धीर सिंह, निवासी कमगारपुर, थाना मंडावली को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद किया है।

# ओवररेटिंग पर शराब की दुकान सीज

## संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में शराब की बिक्री को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों पर जिला प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। बस स्टैंड के समीप स्थित देशी शराब की दुकान नंबर-1 पर तय मूल्य से अधिक दर पर शराब बेचे जाने की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी के निर्देश पर आबकारी विभाग ने दुकान को सीज कर दिया। साथ ही दुकान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

बताया जा रहा है कि उक्त दुकान को लेकर काफी समय से ओवर रेट वसूली की शिकायतें सामने आ रही थीं। प्रशासन द्वारा कराई गई जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई अमल में लाई गई। जिलाधिकारी के आदेश पर आबकारी निरीक्षक त्रिवेदी प्रसाद मौर्य ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील किया। अचानक हुई इस कार्रवाई से क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया है, वहीं अन्य शराब दुकानदारों में भी कार्रवाई को लेकर चिंता देखी जा रही है।

गौरतलब है कि आबकारी निरीक्षक त्रिवेदी प्रसाद मौर्य द्वारा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की शराब दुकानों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान दुकानदारों को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य सूची दुकान पर प्रदर्शित करने तथा उसी दर पर बिक्री सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए जाते रहे हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर बिना किसी दबाव के सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। नगर क्षेत्र में अन्य शराब दुकानों पर भी ओवर रेट को लेकर समय-समय पर चर्चाएं होती रही हैं। ऐसे में यह कार्रवाई विभाग की सतर्कता और प्रशासनिक सख्ती का संकेत मानी जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि आगे भी नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ इसी तरह प्रभावी कार्रवाई जारी रहेगी।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## ससुराल पक्ष पर लगाया दहेज हत्या का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाल देहात।** ग्राम मोथेपुर कृत में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम दिल्ली भटपुरा निवासी संजीव कुमार की पुत्री सारिका का विवाह लगभग सात माह पूर्व थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव मोथेपुर कृत निवासी विशाल के साथ हुआ था। बीती देर रात्रि सारिका (20 वर्ष) की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। सूचना पर मृतका के मायके वाले ग्राम मोथेपुर कृत पहुंचे और उन्होंने मृतका के ससुराल पक्ष पर सारिका की दहेज की मांग पूरी न करने पर हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मृतका लगभग तीन माह की गर्भवती बताई जा रही हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार, सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी, फॉरेंसिक टीम, नायब तहसीलदार नगीना अजब सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार का कहना हैं कि घटना की तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के पश्चात मृत्यु के सही कारण का पता चलेगा।

### संजीव अग्रवाल उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा के संयोजक बने

**नजीबाबाद।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी एवं ट्रस्टियों की एक बैठक हापुड़ में चरक मेडिकल कॉलेज में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक गोयल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से जिला बिजनौर के नजीबाबाद निवासी संजीव अग्रवाल को संगठन का उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा का संयोजक नियुक्त किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल ने खुद उनके नाम का प्रस्ताव रखा। सभा में उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार गर्ग, विनोद पहलवान, महामंत्री अनिल, प्रदीप विश्वकर्मा आदि उपस्थित सभी पदाधिकारी ने संजीव अग्रवाल के नाम पर अपनी सहमति जताई।

# घने कोहरे से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मंगलवार तड़के से धामपुर और आस-पास के इलाकों में घने कोहरे ने एक बार फिर जनजीवन को ठप कर दिया। सुबह होते ही सड़कों पर सफेद सन्नाटा छा गया और विजिबिलिटी इतनी कम रही कि दिन में भी वाहन चालकों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। मुख्य मार्गों से लेकर गलियों तक कोहरे की मोटी परत दिखाई दी, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ।



सड़कों पर रेंगते दिखे वाहन

कोहरे के साथ बढ़ी ठंड से बचने के लिए कई लोग घरों और चौराहों पर अंगीठी के सहारे हाथ तापते नजर आए। वहीं सड़कों पर रेंगते वाहन खतरे का संकेत देते दिखे। खासकर दोपहिया वाहन चालकों और भारी वाहनों के लिए हालात अधिक जोखिम भरे रहे। कम दृश्यता के कारण अचानक ब्रेक लगने और सामने से आ रहे वाहनों का अंदाजा न लग पाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

घने कोहरे का सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों पर देखने को मिला। स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई अभिभावकों ने सुरक्षा को देखते हुए बच्चों को घर से बाहर न भेजने का निर्णय लिया।

बुजुर्गों के लिए भी ठंड और कोहरे के कारण सुबह की दिनचर्या प्रभावित रही।

प्रशासन और स्थानीय लोगों ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान वाहन धीमी गति से चलाएं, हेडलाइट, फॉग लाइट और इंडिकेटर का सही प्रयोग करें तथा सुरक्षित दूरी बनाए रखें। मौसम साफ होने तक अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

## मुख्यमंत्री योगी से मिले पूर्व भाजपा विधायक डा. इंद्रदेव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान धामपुर और बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्रों में चल रहे तथा प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

भेंट के दौरान पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने क्षेत्र की जनसमस्याओं, अधोसंरचना विकास, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े विषयों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने दोनों विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों को और गति देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायक से वार्ता करते हुए आश्वासन दिया कि धामपुर और बढ़ापुर क्षेत्रों में विकास के मार्ग में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित से जुड़े विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

शिष्टाचार भेंट के दौरान विभिन्न समसामयिक मुद्दों और क्षेत्रीय विकास से जुड़े अनेक बिंदुओं पर सकारात्मक चर्चा हुई। इस मुलाकात को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### जानलेवा हमले में तीन को उम्रकैद

**नजीबाबाद।** एससी एसटी एक्ट के विशेष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार ने वंचित वर्ग के सफाई कर्मचारी पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के मामले में आरोपित सुलेमान, इमरान उर्फ भूरा और सुल्तान को दोषी माना है। न्यायाधीश ने तीन आरोपितों को आजीवन कारावास और 12-12 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपित सुलेमान से छूरा बरामद होने पर उसे दो वर्ष की कैद और दो हजार रुपये जुर्माने की सजा भी सुनाई है। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी शलभ शर्मा के अनुसार नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में लिखा था कि नवीन पुत्र सुभाष निवासी मौहल्ला जाब्तागंज, थाना नजीबाबाद नगर पालिका में सफाई कर्मचारी है। 30 सितंबर 2018 को वह जाब्तागंज पुलिस चौकी मार्ग के पास सफाई कर रहा था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने छुरे से हमला कर नवीन को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर हालत में नवीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके बाद अज्ञात हमलावर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विवेचना के बाद आरोपित सुलेमान, इमरान उर्फ भूरा और सुल्तान के नाम उक्त घटना में प्रकाश में आए। पुलिस ने आरोपित सुलेमान और सुल्तान को गिरफ्तार किया था तथा उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त छूरा भी बरामद किया गया।

### केएस एकेडमी में कार्निवाल का समापन

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रेन एकेडमी में चल रहे कार्निवाल का आज समापन हो गया। कार्निवल में बच्चों के द्वारा बनाए गए मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि बच्चों में प्रतियोगिता की भावना रहनी चाहिए। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बौद्धिक गेम से भी जुड़ा रहना चाहिए। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने सरस्वती वंदना, मूक नृत्य, विभिन्न संस्कृति से जुड़े नृत्य प्रस्तुत किए। छात्राओं ने गुजराती नृत्य, पंजाबी भांगड़ा नृत्य, कश्मीर, केरल, मणिपुर तथा अरुणाचल प्रदेश के नृत्य प्रस्तुत किए। दर्शकों ने जमकर तालियां बजाई। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को ट्राफी तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# कोर्ट के आदेश पर बैनामा धारक को मिला कब्जा

## एक महीने में तीसरी बार हुई कार्रवाई के बाद मिली सफलता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पहाड़ी दरवाजा स्थित विवादित भूमि को लेकर लंबे समय से चल रहे मामले में एक बार फिर घटनाक्रम ने नया मोड़ ले लिया। करीब छह दिन पूर्व जिस भूमि पर कोर्ट के आदेश के बावजूद कब्जा प्रक्रिया को यथास्थिति के स्टे के चलते रोकना पड़ा था, उसी भूमि पर अब बिजनौर न्यायालय के ताजा आदेश के बाद कब्जा दिला दिया गया है।



नगर निवासी रईस अहमद के भतीजे अनवर अहमद ने न्यायालय के आदेश पर 30 जुलाई 2025 को उक्त भूमि का बैनामा कराया था। इसके आधार पर आज वे भूमि पर कब्जा लेने पहुंचे थे। इस दौरान किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा। हालांकि उसी समय दूसरे पक्ष के फैज चौधरी एडवोकेट नगीना कोर्ट से यथास्थिति का स्टे ऑर्डर लेकर मौके पर पहुंच गए थे। स्टे दिखाए जाने के बाद कब्जा प्रक्रिया रोक दी गई थी और करीब डेढ़ घंटे तक चली बहस व कागजातों की जांच के बाद प्रशासनिक टीम बिना कार्रवाई के लौट गई थी। अब इस मामले में एक महीने के भीतर तीसरी बार बिजनौर कोर्ट ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए बैनामा धारक अनवर अहमद पक्ष को कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस को आदेश दिया गया कि यदि किसी भी प्रकार की अड़चन उत्पन्न होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में अनवर अहमद के रिश्तेदार रईस अहमद भारी पुलिस फोर्स के साथ पहाड़ी दरवाजा स्थित भूमि पर पहुंचे। मौके पर तनावपूर्ण माहौल के बीच कब्जा प्रक्रिया पूरी कराई गई। बताया जाता है कि इस दौरान दूसरे पक्ष की ओर से वाद-विवाद और विरोध का प्रयास किया गया, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते वे सफल नहीं हो सके। इसी दौरान पूर्व सभासद फरीद अहमद डॉन की रईस अहमद से किसी बात को लेकर तीखी नोकझोंक हो गई। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने फरीद अहमद को हिरासत में लेने का प्रयास किया, जिस पर उन्होंने पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश की। इसी अफरा-तफरी में वे लड़खड़ाकर गिर गए, बाद में पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

उधर, दूसरे पक्ष का कहना है कि वे इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं और मामले को लेकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। फिलहाल पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा दिलाए जाने के बाद क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

## एक नजर

### अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने कामिल



**नगीना।** अन्नदाता किसान यूनियन के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलमगीर उस्मानी स्टेशन रोड स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचे। सम्मान समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने मंच से घोषणा की कि अब बिजनौर जिले के युवा अल्पसंख्यक मोर्चे की कमान कामिल अहमद संभालेंगे। इस घोषणा के होते ही पूरा हॉल तालियों की तेज गूंज से भर उठा। उन्होंने उम्मीद जताई कि वो शीघ्र ही नई कार्यकारिणी का गठन करेंगे और संगठन को मजबूत करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर 8, 9 व 10 जनवरी को प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला महासचिव शाहनवाज सैफी सलमान अहमद विधानसभा अध्यक्ष नजीबाबाद अर्जुन सिंह दीपक कुमार, बढ़ापुर विधानसभा अध्यक्ष नई मंसूरी, नगीना तहसील अध्यक्ष सलीम अहमद, ग्राम जगदीशपुर अध्यक्ष अब्दुल हमीद, इफ्तिखार अंसारी, कय्यूम मंसूरी, मौहम्मद उबेद के अलावा तिलक सिंह, मौहम्मद यामीन, जाकिर हुसैन, राजीव कुमार, मौहम्मद हसन, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

### आसपा का खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम



**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के नगर अध्यक्ष व सभासद मौ. असलम द्वारा एक खिचड़ी सहभोज कार्यक्रम अकबराबाद चौक स्थित एक बैंवट हाल में संपन्न हुआ। खिचड़ी भोज कार्यक्रम में नगरपालिका के सभासद, विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग, समाजसेवक, पत्रकार, गणमान्य व स्थानीय लोग आमंत्रित किए गए। खिचड़ी भोज स्नेह मिलन कार्यक्रम में शामिल सभी ने खिचड़ी भोज का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर सभासद व आसपा नगर अध्यक्ष मौ. असलम पूरी तरह से सियासी चर्चा से दूर रहे। इसे निजी कार्यक्रम बताते हुए उन्होंने मीडिया कर्मियों के सवालों पर कुछ भी कहने से परहेज किया और खिचड़ी भोज का आनंद लेने की बात कही। इस मौके पर भाजपा नेता व व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष कय्यूम राइन, समाज सेवक परवेज आदिल, सभासद संजीव शर्मा, शानू मलिक, सरदार योद्धवीर सिंह, पालिकाध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी सरफराज अंसारी आदि मौजूद रहे।

### मौ. असलम अंसारी नगर प्रभारी नियुक्त



**नगीना।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने मौहल्ला नालबंदान निवासी मौ. असलम अंसारी को आसपा का नगीना नगर प्रभारी नियुक्त किया है, जिसकी घोषणा उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी की है। नवनियुक्त नगर प्रभारी असलम अंसारी ने बताया कि आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, मुस्लिम भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक परवेज पाशी, सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, विधायक पद के संभावित प्रत्याशी दीपक कुमार व पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में मौहम्मद असलम अंसारी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उनके नगर प्रभारी पद की नियुक्ति की घोषणा की गई।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत किया जागरूक



**चांदपुर।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत ढाली बाजार क्षेत्र में महिला आरक्षी प्रीति तोमर व प्रेरणा धामा द्वारा रास्ते में आने जाने वाली बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया तथा महिला हेल्प लाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने, सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने, अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया। महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया तथा एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया।

### गुलाब सिंह महाविद्यालय में गोष्ठी



**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. उदिता राजपूत के कुशल निर्देशन में हुआ। यह विचार गोष्ठी सरकार के नई चेतना- पहल बदलाव की अभियान के तहत हिंसा रोकने में युवाओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रो. रामबिलास यादव ने स्वयंसेवकों को लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा के विरुद्ध उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने युवाओं से अपनी आवाज को मजबूती से उठाने का आग्रह किया। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की पूरी जानकारी देने की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि इन अधिकारों का किसी भी स्थिति में दुरुपयोग न हो। महाविद्यालय की प्रा. प्रोफेसर साधना ने भी छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया और सरकार की इस पहल की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज के उत्थान और सकारात्मक बदलाव में आज के युवाओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मॉडल शॉप में रूचि न लेने वाले प्रधानों पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकान की समीक्षा में विकासखंड वार चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने मॉडल शॉप एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण नहीं करने वाले ग्राम प्रधानों के खिलाफ 95 की कारवई करने के निर्देश दिए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने जिले के सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह ब्लॉक को लीड करें। निलंबित राशन की दुकानें तथा मॉडल शॉप पर भी चर्चा की गयी। जिन स्थानों पर मॉडल शॉप का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है उसके विषय में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मॉडल शॉप ग्राम के निकट ही हों। अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी राशन कार्डों के विषय में भी जानकारी ले राशनकार्ड की सत्यापन रिपोर्ट पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि जो प्रधान मॉडल शॉप एवं आंगनबाड़ी केन्द्र को बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं उनके खिलाफ 95 की कार्रवाई संज्ञान में लाई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी दिशा में लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी।

### ○ जिलाधिकारी समीक्षा बैठक में दिए निर्देशन

तत्पश्चात पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने विस्तार पूर्वक जानकारी लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। उन्होंने ठंड के मददेनजर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की समस्त गौशालाओं में अलाव प्रत्येक दशा में जलाए जाएं और त्रिपाल का भी विशेष ध्यान रखा जाए जिससे गोवंशों को ठंड ना लगे। गोवंशों को सही स्थान पर रखा जाए और उन्होंने कहा कि चारे की मैपिंग प्रत्येक दशा में की जाए किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में ना आए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, तथा समस्त पूर्ति निरीक्षक, एवं खंड विकास अधिकारी आदि मौजूद रहे।



सम्भल- कलैक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा, रिक्त दुकानों की समीक्षा करते जिलाधिकारी।

# दूध के नाम पर सफेद ज़हर की बिक्री

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** दुधारू पशुओं की संख्या कमी होने के बावजूद दूध के रिकार्ड बढ़ोत्तरी होने से तरह-तरह की चर्चाओं के बीच दूध को सफेद ज़हर भी बताया जा रहा है।

कस्बा सिरसी में सुबह से लेकर शाम तक आसपास के गॉवों से दर्जनों दूधिए दूध लेकर आते हैं। सूत्र बताते हैं कि कुछ गांवों में यूरिया, ईजी व रिफाइंड आदि कि मिश्रण से दूध बनाने का काम किया जाता है जो जन स्वास्थ्य के लिए जान लेवा होने के साथ कई बीमारियों को भी जन्म दे सकता है। उधर कस्बे के पौटा मार्ग पर दूधी की डेरी चलाइ जा रही है। जिसमें आसपास गांवो से आने वाले दूधिया दूध बेचते हैं और यह दूध वाहन द्वारा भेजा जाता है। आश्चर्य तो इस बात पर है कि जन स्वास्थ्य की रक्षा को तैनात विभाग इस जान लेवा काले धंधे पर कोई कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे जिससे काली कमाई करने वालों के हौंसले बुलंद हो रहे हैं।

### ○दुधारू पशुओं की कमी के बाद दूध में रिकार्ड बढ़ोत्तरी

## कड़ाके की ठंड में नहीं जले अलाव

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** कोहरा और गलन भरी सर्दी का प्रकोप तेजी से होता जा रहा है जबकि रात्रि में ठिठुरन से बचने के लिए नगर पालिका परिषद की ओर से अभी भी अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे रात्रि में रिक्शा आदि चलाकर जीविको पार्जन करने वाले और देर रात्रि आने वाले यात्रियों को ठिठुरन से बचने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। जबकि अलाव न जलने से सांझ सवेरे ही चौराहे सूने दिखायी देते हैं।

# उचित आराम और पोषण के लिए आरम्भ की मातृ वंदन योजना

### ○एमजीएम पीजी कॉलेज में छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया।

एमजीएम पीजी कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर डा. मीनाक्षी गोयन्का समाजशास्त्र विभाग के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में नेहा, कुसुम लता, मनीषा, रजनी ,रिंकी, कशिश, शाइस्ता परवीन, पायल आदि 65 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने मातृ वंदन योजना को समझाते हुए कहा कि काम करने वाली महिलाओं की मजदूरी के नुकसान की भरपाई करने के लिए एवं उचित आराम और पोषण के उद्देश्य से सरकार द्वारा यह योजना आरंभ की गई है। इस योजना को सशर्त मातृत्व लाभ योजना के नाम से जाना जाता है। मुख्य वक्ता वाणिज्य विभाग के प्रभारी डा. संजय बाबू दुबे ने प्रधनमंत्री मातृ वंदन योजना के उद्देश्य और लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस योजना द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम होगी। कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगेगी और गर्भवती माता को तीन किस्तों में 5000 की राशि का लाभ मिलेगा। यह राशि सीधे महिला गर्भवती लाभार्थी के खाते में भेजी जाएगी। यह योजना माता और शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए वित्तीय मदद करती है। कार्यक्रम की संयोजिका डा. मीनाक्षी गोयंका ने बताया कि मातृ वंदन योजना का उद्देश्य महिलाओं के पोषण और देखभाल को सुनिश्चित करना है। दूसरी बेटी के जन्म पर जननी को 6000 की आर्थिक सहायता दी जाती है। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र पर आवेदन किया जाता है। यह आवेदन पूरी तरह डिजिटल है और बच्चे के जन्म के 270 दिनों के भीतर यह आवेदन कर देना चाहिए। यह योजना बालिकाओं के लिंगानुपात में सुधार के लिए आरंभ की गई है। इस अवसर पर डा. पूजा गुप्ता, डा. अनुभा गुप्ता, डा. अर्चना बंसल, डा. हुमा फातिमा, डा. जोहरा जबी, डा. प्रीति सिंह आदि शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सौरभ का सहयोग रहा।



सम्भल- एमजीएम पीजी कॉलेज में छात्राओं को मातृ वंदन योजना का प्रशिक्षण देती।

# प्रमाणिकता के आधार पर किया जाए सत्यापन कार्य

### ○पंचायती राज व ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पंचायती राज विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट एवं व्यय पर प्राथमिक रूप से कार्य करने और प्रत्येक गाँव में तालाब का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक में बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण को लेकर विकास खण्ड वार जानकारी प्राप्त कीली गयी। जबकि अंत्येष्टि स्थल 2025 -26, कॉमन सर्विस सेंटर स्थापना तथा संचालन की प्रगति, पंचायतों सहायकों की उपस्थिति का विवरण के अलावा 5 वें वित्त आयोग तथा 15 वे वित्त आयोग के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। जबकि आर आर सी सेन्टर की क्रियाशीलता एवं यूजर्स चार्ज को लेकर जानकारी लेते हुए जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्लास्टिक वेस्ट एवं अन्य कचरे का निस्तारण एक निर्धारित सेन्टर पर किया जाए। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण संचालन एवं प्राप्त आय की प्रगति के विवरण पर भी चर्चा करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत व्यक्तिगत शौचालयों को लेकर एडीओ पंचायत को निर्देशित किया साथ ही सत्यापन का कार्य प्रमाणिकता के आधार पर करने और सामुदायिक शौचालयों पर तैनात केयर टेकर के मानदेय भुगतान को लेकर संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मानदेय का भुगतान नहीं रुकना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने पंचायती राज के अन्तर्गत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट एवं व्यय पर प्राथमिक रूप से कार्य कराने के निर्देश दिए। ग्राम्य विकास की समीक्षा करते हुए मनरेगा के अन्तर्गत मानव दिवस को लेकर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि मानव दिवस की प्रगति कम न रहे। पीडी जनरेशन के अन्तर्गत प्रत्येक गाँव में तालाब का कार्य शुरू करने को लेकर निर्देशित किया। मनरेगा के अन्तर्गत 100 दिवसीय रोजगार, ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना को लेकर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह तथा जिला विकास अधिकारी राम आशीष तथा जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



सम्भल- पंचायती राज व ग्राम्य विकास विभाग की समीक्षा करते डीएम।

## पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना के आन्दोलन में जनमानस भी हुआ साथ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग अब बड़े आन्दोलन का रूप लेती जा रही है। सय की ज़रूरत और सस्ता व सुलभ न्याय के लिए बैंच स्थापना की मांग को नजरंदाज करना वकीलों के अलावा आम जन भी इस आन्दोलन का हिस्सा बनने के लिए आगे आने लगे हैं। सरकार की अंदेखी से कल आज अधिवक्ताओं के साथ बाज़ार बंद कर व्यापारी कांधे से कांधा मिलाकर आन्दोलन में तत्पर रहने के आसार हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच स्थापना की मांग सदियों पुरानी है लेकिन सरकार और राजनेतिक कारणों से इस मांग को नजरंदाज किया जाता रहा है। जबकि सस्ता और सुलभ न्याय के सिद्वांतों के लिए आम जनमानस के लिए हाईकोर्ट बैंच की स्थापना समय की ज़रूरत है लेकिन सदियों पुरानी इस मांग को पूरा नहीं किया जा रहा है।बैंच स्थापना की मांग को अब तक अधिवक्ता आन्दोलन करते आ रहे हैं लेकिन अब इस आन्दोलन का जनमानस भी हिस्सा बनने जा रहे हैं।

# सखी शाह मस्जिद के मामले में हाईकोर्ट ने मांगा डीएम से जवाब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सखी शाह मस्जिद की दुकानों को ध्वस्त किए जाने की चेतावनी दिए जाने के मामले में जिलाधिकारी का जवाब तलब किया है। इस मामले की सुनवायी अब आठ जनवरी को होगी।

नगर के मुख्य बाजार मौहल्ला ठेर में स्थित सखी शाह मस्जिद से सटी दुकानों को हटाने के लिए पुलिस-प्रशासन ने मस्जिद कमेटी पर दबाव बनाया था। कहा था कि यह सार्वजनिक रास्ते की भूमि पर दुकानों का निर्माण किए जाने से रास्ता तंग हो गया है। चेतावनी दी थी अगर मस्जिद कमेटी ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो पुलिस-प्रशासन अपने स्तर से बुल्डोजर की कार्रवाई करने को मजबूर होगा। मस्जिद कमेटी की ओर से पुलिस-प्रशासन के समक्ष तमाम अभिलेख प्रस्तुत कर दावा किया गया कि कोई भी दुकान सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमित कर नहीं बनायी गयी है। लेकिन अफसर कोई बात सुनने को तैयार नहीं थे। तत्कालीन उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा व सम्बंधित थाना पुलिस के तेवर देख मस्जिद कमेटी पसोपेश में पड़ गयी थी। बताते हैं कि यह सारी कार्रवाई भाजपा के एक स्थानीय छुटभैये नेता के इशारे पर शुरू की गई थी। इसी के चलते मस्जिद कमेटी ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर न्याय की गुहार लगायी। मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता जयंत प्रकाश सिंह ने बताया कि सुधांशु चौहान व सरल श्रीवास्तव की डबल बैंच ने मामले की सुनवायी करते हुए जिलाधिकारी सम्भल से जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। नियत तिथि पर जवाब दाखिल न करने पर कोर्ट ने तलब करने की चेतावनी भी दी है। उन्होने बताया कि सुनवायी की पिछली तिथि पर अदालत ने एसपी से भी जवाब मांगा था।

### ○पूर्व एसडीएम ने मौखिक रूप से दी थी दुकानों के ध्वस्तीकरण की चेतावनी

## एक नज़र इधर भी

### राम विलास वेदांती के निधन पर शोक व्यक्त

**बबराला( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के अग्रणी नेता व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व सांसद राम विलास वेदांती का हृदयाघात के कारण निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोक व्यक्त किया। वेदांती लंबे समय से बीमार थे। शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा जिला मंत्री कुमोद वार्ष्णेय, हर्षित वाष्णेय, जूलियस सीजर, इंदीवर सिंह, राहुल कुमार आदि रहे।



सम्भल- हजरत नगर गढ़ी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया वारंटी।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**सिरसी (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** थाना हजरत नगर गढ़ी क्षेत्र के कस्बा निवासी वारंटी को पुलिस ने गिफ्तार कर लिया। चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल व हे. कां. रूचिन कुमार ने मौहल्ला चौधरियान निवासी वारंटी हरिसिंह उर्फ हरज्ञान सिंह को सम्भल हल्लू सराय शिव मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ अग्रिम कायवाही की जा रही है।

### भाकियू असली की गुन्नौर में पंचायत आज

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन असली अराजनैतिक की मासिक पंचायत गुन्नौर तहसील परिसर में आज प्रारत: 11 बजे आयोजित की जाएगी। जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव ने बताया कि पंचायत में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पहुंचना आवश्यक है,जिससे कि पंचायत में निर्णायक फैसले लिये जा सकें।



सम्भल- किसानों की समस्याओं को ज्ञापन देते भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ता।

### भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने सौंपा सात सूत्रीय मांग पत्र

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** भारतीय किसान यूनियन की पूर्व घोषित किसान पंचायत का ब्लॉक परिसर में आयोजन किया गया। पंचायत में किसानों की समस्याओं के समाधान को ज्ञापन सोंपा गया।

खंड विकास परिसर में आयोजित पंचायत में जिलाध्यक्ष कामेन्द्र सिंह ने किसानों की समस्याओं का निराकरण न होने पर रोष जताया जबकि किसानों के हितकरी सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं में बिचौलियों की सहभागिता के आरोप लगाये। भाकियू बीआरएसएस के कार्यकर्ताओं ने पंचायत में पहुंचे आपूर्ति निरीक्षक अंकित अवस्थी, आपूर्ति निरीक्षक असमोली ललित कुमार, नायब तहसीलदार बबलू कुमार, एपीओ कुलदीप सिंह आदि अधिकारियों को किसानों की समस्याओं की जानकारी देकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र नायब तहसीलदार बबलू कुमार को सोपा। इस मौके पर युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला सलाहकार सरदार गुरु वचन सिंह, संगठन मंत्री चौ. श्रृषिपाल सिंह, जिला मंत्री खेमपाल यादव, युवा मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, इस्माइल खां जिला महामंत्री (अ. मो), युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार, तहसील प्रभारी प्रवेन्द्र यादव, युवा तहसील महासचिव राजीव कुमार, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, तहसील संगठन मंत्री जितेंद्र सैनी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष पवांसा नितिन कुमार, कनिक चौधरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मो. हसन, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा, युवा तहसील प्रभारी अमानत अली, ब्लाक महासचिव पवांसा श्रीपाल यादव, मनीराम खारी, अनवार अली, राजपाल कश्यप, सुखपाल गूर्जर एवं महिला मोर्चा से ब्लॉक महासचिव ननिहा देवी, ब्लॉक सचिव निशा देवी, ब्लॉक प्रभारी प्रदेव देवी, भूरी देवी, अतलेश देवी, सोनावती देवी, लक्ष्मी देवी, रामकली देवी आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विभागीय लापरवाही या मिली भगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** शिक्षा की गुणवत्ता में जिलाधिकारी के प्रयासों को झटका लगता नजर आ रहा है। गैर मान्यता वाले स्कूल बैखौफ होकर संचालित किए जा रहे हैं।

कस्बे के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में किराना स्टोर की तरह स्कूल संचालित किए जा रहे है। इनमें गैर मान्यता के स्कूल भी शामिल हैं जो कबूतर खाने जैसे छोटे भवनों में चलाए जा रहे हैं। ऐंसे स्कूल शिक्षा विभाग के सभी निमों की अनदेखी कर रहे है। ऐंसे स्कूल में कम शिक्षित व अनुभवहीन युवा व युवतियां 'सर' बने हुए जिनके हाथो में नौनिहालों का भविष्य है, लेकिन मनमानी फीस व अन्य शुल्क वसूल करने वाले स्कूल संचालकों को स्कूली बच्चों की नहीं अपने भविष्य की फिक्र है। गैर मान्यता वाले स्कूल दिन के उजाले में बैखौफ होकर संचालित किए जा रहे हैं। यहां यह सवाल उठना स्वभाविक है कि विभागीय जानकारी के बिना यह सम्भव नहीं है। इसे मिली भगत ही कहा जा सकता है।

## मदाला फत्तेहपुर में मतदाता का भौतिक सत्यापन करने पहुंची टीम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** बाहरी मतदाताओं के वोट बनवाने की सूची पर पहुंची राजस्व प्रशासन की टीम गांव में जांच करने पहुंची। असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम मदाला फत्तेहपुर में बाहरी और बिहार के व्यक्ति का वोट बनवाये जाने की शिकायत की गयी थी। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी ने टीम के साथ गांव जाकर मौके पर जांच की। जांच के दौरान जिस व्यक्ति को बाहरी बताया गया उसे लम्बे समय से रहना बताया। जबकि शादी हुई लड़कियों के वोट बने मिले।

# मिशन कर्मयोगी चौपाल में ग्राम कुल के सदस्य किए जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार और विकास कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार को चल रही मिशन कर्मयोगी चौपाल के तहत गांव-गांव पहुंच रहे एलईडी वाहन से ग्रामीणों को जन कल्याधकारी योजनाओं की जानकारी दी।

आकांक्षात्मक विकास खंड असमोली और गुन्नौर में नीति आयोग के द्वारा निर्धारित संकेतकों को शत प्रतिशत संतृप्तिकरण और प्रदेश सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों, शासन एवं जनपद सम्भल की उपलब्धियों आदि के व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिशन कर्मयोगी चौपाल वैन, एलईडी वीडियो वैन के द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ नीति आयोग द्वारा निधरित संकेतकों को जन सहभागिता के माध्यम से संतृप्तिकरण करने का कार्य किया जा रहा है। मिशन कर्मयोगी चौपाल वैन में एलईडी के द्वारा संचालित वीडियो के माध्यम से शासन प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्य योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। वैन के संचालन की एक विस्तृत रूपरेखा तैयार कर खंड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिवों आदि को ग्राम स्तर पर कार्य करने वाले समस्त कार्मिकों को उपलब्ध कराई गयी है। वैन के गांव में पहुंचने पर ग्रामकुल के सदस्य ग्रामीणों को एकत्रित कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ नीति आयोग द्वारा निर्धारित संकेतकों को संतृप्तिकरण करने का कार्य अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। वैन के माध्यम से ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने की शर्तें, पात्रता, आयु सीमा, आय सीमा, आवेदन की प्रक्रिया आदि की समस्त जानकारी मिशन कर्मयोगी चौपाल के जरिये जागरूक किया गया।

### ○आकांक्षात्मक विकास खंड के एलईडी से दी जानकारी

## अवैध कब्जे की शिकायत का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** जनसुनवायी में आयी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए डीएम ने विकासखंड बहजोई के ग्राम भवन में भूमि पर कब्जा व ग्राम समाज की भूमि पर दुकानें आदि के अवैध निर्माण को लेकर स्थलीय निरीक्षण किया और सम्बंधित आिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एंटी रोमियो टीम ने पम्पलेट वितरित कर किया जागरूक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं एवं बलिकाओं को पम्पलेट वितरित किये गये पम्पलेट व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों से अवगत कराया गया।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत पुलिस अधीक्षक सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने को चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है।

# ममता राजपूत को मिला कला गौरव अवार्ड

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी में ममता राजपूत को कला गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। सुरभि कला संस्थान एवं गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय हिसार व संस्कार भारती के संयुक्त तत्वाधान में गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार के क्रश हाल में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एवं चित्र चित्रकला प्रदर्शनी में पूरे भारत के 15 राज्यों से कलाकारों को आमंत्रित किया गया। जिसमें युवा चित्रकारों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।इस कार्यशाला में 300 से ज्यादा कलाकारों ने प्रतिभा प्रदर्शन किया।चित्रकार ममता राजपूत को कला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। ममता राजपूत ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिसार (हरियाणा) विधायक रणबीर गंगवार हिसार व राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष डा. सुनील कुमार विश्वकर्मा उत्तर प्रदेश रहे। कार्यक्रम में विजय विशाल, सुनील कुशवाहा, कृष्ण, विजेंद्र शर्मा, सुमित्र अहलावत, लक्ष्मण प्रसाद, प्रवीण कुमार, सैनी एवं सुरभि कला समिति के अध्यक्ष डा. राजेश जांगड़ा, गीता जांगड़ा की संस्था के सभी पदाधिकारी द्वारा यह सम्मान कलाकारों को दिया गया।



बबराला- गुरु जम्भेश्वर विवि में मता राजपूत को कला गौर अवार्ड प्रदान करते।

# खरमास में मांगलिक कार्य बंद

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** सनातन धर्म में परंपरा अनुसार खरमास लगने के साथ ही विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे शुभ और मांगलिक कार्य बंद कर दिए जाते हैं। ज्योतिषाचार्य अतुल माथुर के अनुसार खरमास 15 दिसम्बर से लग गया है। खरमास तब लगता है जब भगवान सूर्य का धनु या मीन राशि में प्रवेश होता है। इस तरह से खरमास साल भर में दो बार लगता है, जिसका समय एक महीने तक होता है। 15 दिसंबर से भगवान सूर्य का रात्रि 10:19 पर धनु राशि में प्रवेश हो गया है। इसके बाद भगवान सूर्य अगले एक महीने इसी राशि में गोचर करने वाले हैं, फिर 14 जनवरी यानि मकर संक्रांति पर भगवान सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होगा, भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही खरमास खत्म हो जाएगा। इसी के साथ शुक्र देव भी 11 अगस्त को अस्त हो रहे हैं जिस कारण से सभी मांगलिक कार्य निषेध हो जाते हैं। खरमास के समय भगवान सूर्य धनु या मीन राशि में गोचर कर रहे होते हैं और इन दोनों राशियों के स्वामी देवगुरु बृहस्पति हैं।

## खरमास में इसलिए नहीं होते मांगलिक कार्य

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** भगवान सूर्य जब देवगुरु बृहस्पति के घर में आते हैं तो वो अपना तेज कम कर देते हैं, साथ ही इस दौरान बृहस्पति ग्रह की शुभता कम हो जाती है, भगवान सूर्य के तेज कम होने और देवगुरु बृहस्पति की शुभता का प्रभाव कम होने के वजह से ही खरमास में विवाह, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे शुभ-मांगलिक कार्य नहीं कराए जाते हैं।

दान पुण्य के लिए खरमास का महीना होता है शुभ एक ओर खरमास मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं होता तो वहीं दूसरी ओर खरमास में भगवान सूर्य और विष्णु की पूजा करना बहुत शुभ और फल देने वाला होता है, साथ ही अगर दान पुण्य भी करना है तो उसके लिए भी खरमास का समय शुभ माना जाता है। धाार्मिक मान्यता के अनुसार इस इस समय में सूर्य देव को जल अर्पित करना, सूर्य चालीसा का पाठ, आदित्य हृदय स्तोत्र, सूर्य सूक्त का पाठ कल्याणकारी सिद्व होता है। सनातन धर्म में खरमास का महीना बहुत ही अहम माना गया है।

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र मौ. बिलाल गलत संगत में पड़ गया और बिगड़ गया है। मुझसे व मेरे परिवार वालों से आये दिन लड़ता झगड़ता रहता है। उक्त बिलाल का गलत चरित्र महिला के सम्र्पक में रहता है। मेरा पुत्र बिलाल परिवार वालों की बात को नहीं मानता है और माता-पिता व भाईयों के साथ दुर्व्यवहार करता है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने बिलाल से अपने सम्बंध विच्छेद कर सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।उक्त बिलाल अपने कृत्य का स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरा व मेरे बच्चों का किसी प्रकार का सम्बंध नहीं होगा।
**मौ. अनीस पुत्र अब्दुल करीम**
नि.गण मौहल्ला बरेली सराय थाना कोतवाली जिला सम्भल।

# जीरो प्वाइंट पर पलटा मैजिक, तीन घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार सुबह एक सड़क दुर्घटना हो गई। बिलारी की ओर से आ रही सोनाटा कार को बचाने के प्रयास में ताहरपुर से आ रहा मैजिक वाहन चालक नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गया। हादसे में मैजिक में बैठे तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों की सहायता से घायलों को एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मेहलोली निवासी शाहिद(58) पुत्र भूरा की हालत नाजुक होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं सैफनी के गांव सराय महेश निवासी शमीम(42) पुत्र आशिक और मोहम्मद कैफ(25) पुत्र सत्तार भी घायल हुए हैं। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम लग गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सामान्य कराया।

बताया गया कि हादसा कोहरे के कारण हुआ।

# पीड़ित परिवार ने डीआईजी कार्यालय पहुंचकर लगाई इंसाफ की गुहार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र से पुलिस उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है। रामपुर दौराहा सद्धीकिया कॉलोनी बरवाला मझरा निवासी शहनाज पत्नी शेर मुहम्मद ने डीआईजी कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता का आरोप है कि उसके पति का गांव के ही एक भू-माफिया से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है, जो वर्तमान में हाईकोर्ट में विचाराधीन है। इसी विवाद को लेकर दबंग पक्ष द्वारा उन्हें लगातार धमकियां दी जा रही हैं।पीड़िता का आरोप है कि 14 दिसंबर को दोपहर करीब 12 बजे थाना मूंडापांडे से एक उपनिरीक्षक पुलिस बल के साथ बिना आमद दर्ज कराए उनके घर में घुस आए। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने घर में तोड़फोड़ की, सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर और मोबाइल फोन जब्त कर लिया तथा नकदी भी ले ली। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस दौरान उसके साथ मारपीट की गई और अभद्र व्यवहार किया गया।शिकायत में यह भी कहा गया है कि पीड़िता के पति को जबरन उठाकर ले जाया गया और बाद में शांति भंग में चालान कर दिया गया। पीड़िता के अनुसार वह इस घटना में घायल हुई है, लेकिन पुलिस मामला होने के कारण अस्पताल में उसका विधिवत मेडिकल परीक्षण नहीं किया गया।पीड़िता का कहना है कि घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज और अस्पताल की वीडियो उनके पास मौजूद है। उन्होंने डीआईजी से मामले की निष्पक्ष जांच, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई और अपना मेडिकल परीक्षण कराए जाने की मांग की है।

## एक नजर

### छजुपुरा गांव में रेस्क्यू कर पकड़े सांप

**कांठ ( शाह टाइम्स )** थाना छजलैट के गांव छज्जूपुरा दोयम में शिव मंदिर के पास 2 दिन पहले 4 रसल वाइपर सांप दिखाई दिए थे जिससे मंदिर पर जाने वाले श्रद्धालुओं को 4 सांप एक साथ होने से डर का सामना करना पड़ रहा था। बताया गया कि छः दिन पहले सांप एक किसान के घर में जाकर उसकी भैंस को काट चुके थे। जिससे भैंस की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद आसपास के घरों में डर का माहौल था बजरंग दल प्रखंड गौरक्षा प्रमुख मनोज सैनी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच गए और रेस्क्यू टीम को बुलाकर चारों रसल वाइपर सांपों को करीबन 1 घंटे की मसक्कत के बाद पकड़वा दिया। इससे लोगो ने राहत की सांस ली। सहयोग अरुण कुमार प्रदीप कुमार सुमित बजरंग दल की टीम का रहा।




### मांगों को लेकर अधिवक्ताओं ने किया आज पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार का ऐलान

**कांठ( शाह टाइम्स )** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर तहसील बार एसोसिएशन कांठ ने आज कार्य से विरत रहने का ऐलान किया है। अधिवक्ताओं को भेजी गई सूचना में कहा गया कि व्यापार संघ का इस बंद को पूर्ण समर्थन प्राप्त हो गया है। इसलिए आज तहसील बार एसोसिएशन के समस्त अधिवक्ता क्लर्क टाइपिस्ट फोटो स्टेट संचालक टी स्टॉल कोई भी कार्य नहीं करेंगे और 12:00 बजे ज्ञापन दिया जाएगा। उन्होंने सभी सहयोगियों से इस अवसर पर मौजूद रहने का आह्वान किया है।

### अगवानपुर की दानिया परवीन ने नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप जीतकर बढ़ाया मुरादाबाद का गौरव



**मुरादाबाद।** नगर पंचायत अगवानपुर की होनहार बेटी दानिया परवीन ने फुटबॉल के मैदान में शानदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल चौंपियनशिप जीतकर न सिर्फ मुरादाबाद बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मोहल्ला ततारपुर निवासी दानिया परवीन, किसान यूनियन भानु के प्रदेश महासचिव जाहिद हुसैन की पुत्री हैं और वर्तमान में हाई स्कूल की छात्रा हैं।दानिया की इस सफलता की यात्रा 7 नवंबर 2025 को आगरा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता से शुरू हुई, जहां उन्होंने अपनी टीम के साथ शानदार जीत दर्ज कर अगले स्तर के लिए क्वालीफाई किया। इसके बाद 12 दिसंबर 2025 को गोवा में आयोजित स्टेट लेवल फुटबॉल प्रतियोगिता में मुरादाबाद की टीम ने कड़ा मुकाबला करते हुए बैंगलोर की टीम को हराकर चौंपियनशिप अपने नाम की। इस जीत में दानिया के बेहतरीन खेल और अनुशासन की अहम भूमिका रही।नेशनल चौंपियनशिप जीतकर जब दानिया अपने घर लौटीं, तो परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने उनका भव्य स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं के साथ लोगों ने दानिया का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।दानिया परवीन की इस उपलब्धि से क्षेत्र की अन्य बेटियों को भी खेलों में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। दानिया ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, कोच और टीम के सहयोग को दिया। अब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए नेपाल में होने वाले इंटरनेशनल मैच की तैयारी में जुट गई हैं। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि दानिया आने वाले समय में देश के लिए और भी गौरवपूर्ण उपलब्धियां हासिल करेंगी।

### केसीएम स्कूल में दौड़ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस स्थित के. सी. एम. स्कूल परिसर में नर्सरी से कक्षा पाँच तक के छात्र-छात्राओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, शारीरिक विकास और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर बच्चों की चहचहाहट और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।प्रतियोगिता में नर्सरी व केजी कक्षाओं के बच्चों के लिए बेलून रेस और पिक एंड रन जैसी रोचक स्पर्धाएं आयोजित की गईं, जिनमें नन्हे बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। वहीं कक्षा एक से पाँच तक के विद्यार्थियों के लिए 30 मीटर और 50 मीटर दौड़ कराई गई। विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया और अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।दौड़ प्रतियोगिता के दौरान शिक्षकों और अभिभावकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए तालियों के साथ उनका मनोबल बढ़ाया। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विजेता घोषित किया गया, जिस पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने विजेता और प्रतिभागी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से न केवल शारीरिक मजबूती आती है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित होता है।कार्यक्रम का आयोजन पूरी तरह अनुशासन और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। अंत में विद्यालय प्रशासन ने भविष्य में भी इस तरह की खेल गतिविधियों के आयोजन की बात कही, जिससे विद्यार्थियों में खेलों के प्रति रुचि और अधिक बढ़ सके।

### मौलागढ़ के प्रेमनगर में एसओजी का छापा, चार संदिग्ध युवक हिरासत में

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मौलागढ़ के मोहल्ला प्रेमनगर में शनिवार रात उस समय हड़कंप मच गया, जब बरेली की एसओजी टीम ने एक मकान पर अचानक छापा मारा। कार्रवाई के दौरान दीवाली से किराए के कमरे में रह रहे चार संदिग्ध युवकों को एसओजी टीम अपने साथ ले गई। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार शनिवार रात करीब आठ बजे तीन वाहनों से सादी वर्दी में पुलिसकर्मी मोहल्ले में पहुंचे। पुलिसकर्मी मकानों की छतों के रास्ते एक घर तक पहुंचे, जहां चार युवक किराए पर रह रहे थे। इसके बाद टीम ने मकान में दबिश दी और चारों युवकों को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। सूत्रों का कहना है कि पकड़े गए युवकों के पास से भारी मात्रा में हथियार व कारतूस बरामद किए गए हैं।

आशंका जताई जा रही है कि युवक किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। हालांकि, इस संबंध में अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। वहीं इस मामले में इंस्पेक्टर चन्दौसी अनुज कुमार ने बताया कि शनिवार रात बरेली एसओजी द्वारा प्रेमनगर में एक मकान पर कार्रवाई की गई थी, लेकिन इससे अधिक जानकारी उन्हें नहीं है।

# शासन से संतोषजनक वार्ता के बाद ग्राम सचिवों का चरणबद्ध सत्याग्रह आंदोलन स्थगित

## संसाधन उपलब्ध होने के बाद ही लगेगी ऑनलाइन उपस्थिति: डॉ. प्रदीप सिंह




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सचिवों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं ग्रेड पे संशोधित करने पर विचार करे सरकार- सुबाष चंद्र पांडेय प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन,उत्तर प्रदेश। ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध सहित विभिन्न विभागीय समस्याओं पर विगत एक पखवाड़े से चल रहा क्षेत्रीय ग्राम सचिवों का प्रदेश व्यापी सत्याग्रह आंदोलन निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश से संतोषजनक वार्ता के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के शीर्ष पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में सहमति बनने पर अग्रिम कार्यवाही तक स्थगित कर दिया गया। निदेशक पंचायती राज द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के संदर्भ में प्रतिनिधि मंडल से वार्ता के दौरान बताया गया कि पंचायत सचिवालय निर्माण की मूल भावना के अनुरूप समस्त ग्राम स्तरीय विभागों के कर्मचारियों की एक साथ बैठकर कार्य करने एवं उपस्थित की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शासन की मंशा के अनुरूप ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है जिससे ग्रामीण जनता को एक ही स्थान पर समस्त विभागों की सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस संदर्भ में शीघ्र ही ग्राम सचिवों की मांग पर उन्हें सरकारी एंड्राइड मोबाइल सेट, लैपटॉप, सीयूजी सिम तथा केंद्रीय वित्त के प्रशासनिक मद से डाटा भत्ता हेतु धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाएगी। ग्राम सचिवों के लिए अप्रासंगिक हो चुके साइकिल भत्ते के स्थान पर शासन से मोटरसाइकिल भत्ता हेतु विभागीय प्रत्यावेदन भेजा जाएगा। डोंगल से भुगतान की जटिल प्रणाली को केंद्र एवं राज्य के दो दर्जन से अधिक अलग-अलग सॉफ्टवेयर को संकलित कर एकल विंडो प्रणाली हेतु तकनीक विकसित की जाएगी।

फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टेक सर्वे, फैमिली आईडी, हेल्थ कार्ड,गौशाला,पीएम सूर्यघर, पराली प्रबंधन, आवारा पशु पकड़ने आदि विभिन्न दूसरे विभागों के कार्यों को क्षेत्रीय ग्राम सचिव से नहीं कराने हेतु शासन एवं संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा। रिजवी समिति की अनुशंसा पर ग्राम सचिव की शैक्षणिक योग्यता संवर्धित करके स्नातक एवं वेतन मैट्रिक्स लेबल- 05 करने हेतु पुनः वित्त एवं कार्मिक विभाग में प्रत्यावेदन प्रेषित किया जाएगा। मनरेगा में 22 अगस्त 2022 को जारी शासनादेश को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन हेतु तथा शासकीय क्षति में डोंगल लगाने के लिए सक्षम अधिकारियों की भी सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावशाली कार्यवाही करायी जाएगी। प्रदेश के समस्त जनपदों में मनरेगा की ऑडिट एक्ट के अनुरूप स्थानीय लेखा परीक्षक से न करा कर सामाजिक अंकेक्षण से कराने तथा परफॉर्मेंस ग्रांट की तरह चार्टर्ड अकाउंटेंट का विकल्प देने की मांग पर भी संतोष जनक वार्ता हुयी। शासन से सकारात्मक, सार्थक एवं कर्मचारी हितैषी वार्ता के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बैठक के बाद संयुक्त सहमति से प्रदेश स्तर पर विगत एक पखवाड़े से चल रहे विभिन्न विभागीय समस्याओं पर ध्यानाकर्षण सहित संसाधन हेतु सत्याग्रह आंदोलन को अगले कार्यक्रम तक स्थगित करने की घोषणा किया। केंद्रीय बैठक में डॉ प्रदीप सिंह, सुबाष चंद्र पांडेय, नागेंद्र प्रताप कुशवाहा, रमेश उदैनिया, सूर्यभानु राय, जितेंद्र यादव, जितेंद्र गंगवार,अनिल कुमार यादव, दुर्गा प्रसाद राय, संतोष कुमार, ललित कुमार, मो. नसीम खान, राघवेंद्र सिंह आदि प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अग्रिम आदेश तक स्थगित हुआ सत्याग्रह: विनोद



**मुरादाबाद।** 1 दिसंबर 2025 से ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा सत्याग्रह शासन द्वारा सकारात्मक पहल एवं आश्वासन के पश्चात प्रांतीय कार्यकारिणी के द्वारा अग्रिम आदेश तक स्थगित किया जा रहा है। यदि शासन द्वारा मांगों को किए गए आश्वासन के अनुसार स्वीकार नहीं किया जाता है। तो आंदोलन पुनः प्रारंभ किया जाएगा। विनोद कुमार सागर जिला अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन मुरादाबाद।

## मंगलवार को छाया घना कोहरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम हो गई, जिससे सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। हाईवे व प्रमुख मार्गों पर वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलना पड़ा। घने कोहरे का असर रेल व सड़क यातायात पर भी देखने को मिला। सुबह के समय स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरे के चलते ठंड में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। ठिठुरन से बचने के लिए लोग अलाव व गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आए। बाजारों में सुबह के समय सन्नाटा पसरा रहा, जो दोपहर बाद धीरे-धीरे सामान्य हुआ। प्रशासन ने वाहन चालकों से अपील की है कि कोहरे के दौरान सावधानी बरतें, तेज गति से वाहन न चलाएं और आवश्यक होने पर ही यात्रा करें। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी सुबह व देर रात घने कोहरे की स्थिति बनी रह सकती है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# थार दुर्घटना के आरोपियों का चालान न होने पर भाजपाइयों ने जताई नाराजगी




**कांठ ( शाह टाइम्स )** 5 साल की बालिका की थार की चपेट में आकर जान चले जाने के मामले के आरोपियों का चालान ना होने पर भाजपाइयों ने नाराजगी जताई और थाना पहुंचकर पूछा कि आखिर उनकी मेहमान नवाजी किस लिए की जा रही है। बतादे की 2 दिन पहले नगर में निकट सैनी धर्मशाला निवासी विवेक कुमार की 5 साल की पुत्री की बेकाबू थार की चपेट में आकर जान चली गई थी। इस मामले में लोगों ने थार चालक और थार सवार लोगों को घेर लिया और पुलिस के हवाले किया था। तीनों आरोपी दो दिन तक पुलिस के मेहमान बने रहे रात को ही पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली। मृतका का पोस्टमार्टम करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। लेकिन आरोपियों का चालान ना होने से लोगों में नाराजगी फैल गई आज भाजपा नेता देवराज सिंह जाटव राजपाल सिंह प्रजापति अनुज बिश्नोई अंकुश चौहान सहित दर्जन भर से ज्यादा लोग थाना पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक से इस मामले में बरती जा रही ढील को लेकर नाराजगी जताई। लेकिन नियमानुसार कार्यवाही किए जाने की बात पर सभी भाजपाई वापस आ गए मगर उन्होंने मीडिया के सामने एक सवाल खड़ा कर दिया कि आखिर इस घटना के आरोपियों की थाने में मेहमान नबाजी क्यों की जा रही है।

उधर थाना प्रभारी निरीक्षक शुदेश पाल सिंह का कहना था कि कानून के अंतर्गत जो भी नियम बने हैं उसी के तहत कार्रवाई की जाएगी और किसी भी दोषी को बक्सा नहीं जाएगा।

# एनसीसी कैडेटों ने महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया विजय दिवस



**मुरादाबाद।** 23 यूपी बटालियन एनसीसी मुरादाबाद की सब यूनिट महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में एनसीसी कैडेटों द्वारा विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कैडेटों को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास और 1971 के भारतख्रपाक युद्ध की ऐतिहासिक विजय से अवगत कराना रहा।इस अवसर पर एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर मेजर राजीव ढल ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तानी सेना के जनरल ए.के. नियाजी के नेतृत्व में 93,000 सैनिकों ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण किया था। यह विश्व का सबसे बड़ा सैन्य आत्मसमर्पण था, जो आज भी गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने युद्ध की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पूर्वी पाकिस्तान में दमनकारी नीतियों और नरसंहार के विरोध में भारत ने मानवीय आधार पर हस्तक्षेप किया और मात्र 14 दिनों में निर्णायक जीत हासिल कर बांग्लादेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया।हवलदार रंजीत सिंह ने कैडेटों को भारतीय सेना की गौरव गाथा सुनाते हुए बताया कि कठिन से कठिन परिस्थितियों, विशेषकर उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में भी भारतीय सेना अदम्य साहस और अनुशासन के साथ देश की रक्षा में तत्पर रहती है।कार्यक्रम के दौरान कैडेटों ने हाथों में तिरंगा लेकर "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम्" के गगनभेदी नारे लगाए। अंत में 1971 युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस मौके पर मेजर राजीव ढल, हवलदार रंजीत सिंह, कार्तिक अग्रवाल, शिवा, हमजा वारसी, कृष्णा शर्मा, गरिमा सिंह, खुशबू, करीना सहित बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।

# पाइप लाइन ठीक करने में लग गए कई दिन गडढ्ा बना लोगों के लिए मुसीबत



**कांठ ( शाह टाइम्स )** पानी की पाइपलाइन को ठीक करने में कई दिन लग गए लेकिन मौके पर खुदा हुआ गड्ढा अभी लोगों के लिए मुसीबत बना हुआ है। नवादड़ी के लोगों ने पाइपलाइन तुरंत ठीक कर गड्ढा बंद कराए जाने की मांग उठाई है। बतादे की नवादड़ी गांव के नगर पंचायत में शामिल किए जाने के बाद अब यह नगर पंचायत का हिस्सा बन गया है और इसमें नगर पंचायत स्तर की सभी सुविधाएं दिए जाने की व्यवस्थाएं हो रही हैं सरकार ने पेयजल व्यवस्था के लिए नगर के बाहर एक बहुत बड़े ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया है जिसकी पाइपलाइन पूरे नगर में बिछा दी गई है मगर पानी छोड़े जाने के साथ-साथ ही इसमें लीकेज होना आम बात हो गई है। इसी तरह की लीकेज नवादड़ी मोहल्ले के निकट स्टेशन रोड पर हो गई जहां कई दिन पहले संबंधित कर्मचारियों ने गड्ढा खोदकर पाइपलाइन को ठीक करने का प्रयास किया मगर आज तीन दिन बीत जाने के बावजूद भी ना तो इसकी लिकेज बंद हो पाई और ना ही वह गड्ढा बंद किया गया। जिसकी वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है रेलवे स्टेशन होने की वजह से भी रात भर कोई ना कोई वाहन उधर से गुजरता है लेकिन सड़क में पड़ा गड्ढा लोगों के लिए खतरे की निशानी बन रहा है नवादडी के लोगों ने लिकेज को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करा कर गड्ढा तुरंत बंद कराए जाने की मांग उठाई है।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने भगवान श्री चित्रगुप्त चौराहा नामकरण व ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण की उठाई मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर भगवान श्री चित्रगुप्त चौराहा नामकरण एवं ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को सहेजने की आवश्यकता पर जोर दिया।ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि काँठ रोड स्थित तहसील रोड किले के पास स्थित बाले चौराहे का ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व है। कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त के नाम से इस चौराहे का नामकरण किए जाने से न केवल समाज की भावनाओं का सम्मान होगा, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक पहचान भी और अधिक सुदृढ़ होगी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त न्याय, लेखा और कर्मफल के प्रतीक हैं, जिनका स्थान भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण है।प्रतिनिधिमंडल ने इस अवसर पर यह भी मांग उठाई कि चौराहे के आसपास स्थित ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां शहर के गौरवशाली अतीत से परिचित हो सकें। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण के अभाव में उनकी पहचान धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है, जो चिंता का विषय है।अपर नगर आयुक्त अजीत सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञापन को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर नियमानुसार प्रक्रिया शुरू की जाएगी।इस दौरान कायस्थ समाज के अनेक पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने एक स्वर में मांग का समर्थन करते हुए शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

# सरकारी धन क्रय केंद्रों पर भ्रष्टाचार का आरोप भारतीय किसान मजदूर सभा ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के सरकारी धान क्रय केंद्रों पर व्याप्त भ्रष्टाचार की कड़ी निंदा करते हुए नाराजगी जताई है। कार्यकर्ताओं ने किसान सेवा सहकारी समिति नन्नूवाला में स्थित धान क्रय केंद्र पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। किसान मजदूर सभा के अनुसार, किसान अनिल कुमार का धान से भरा वाहन बीते दो दिनों से क्रय केंद्र पर खड़ा है, लेकिन केंद्र प्रभारी प्रदीप कुमार द्वारा दो दिन में केवल 40 क्विंटल धान की ही खरीद की गई। आरोप है कि जबकि केंद्र पर राइस मिलर्स के माध्यम से कराई जा रही खरीद के लिए फिंगर लगाने वाले किसानों की भारी भीड़ मौजूद रही। बताया गया कि यह धान क्रय केंद्र मात्र तीन दिन पहले ही खोला गया है, इसके बावजूद वास्तविक किसानों की उपेक्षा की जा रही ळें कार्यकर्ताओं का कहना है कि पहले वास्तविक किसानों के धान की खरीद की जानी चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने मांग की कि जो किसान स्वयं धान लेकर केंद्र पर पहुंचे हैं, उनके धान की तत्काल खरीद सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी कहा गया कि राइस मिलर्स के माध्यम से की गई खरीद का भुगतान स्वयं राइस मिलर्स के मालिकों द्वारा किया जाए, न कि सरकारी व्यवस्था के माध्यम से। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान नहीं किया गया और भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी, तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर जिला सचिव हर स्वरूप सिंह, नरेश सिंह, रमेश सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घर में घुसकर गाली-गलौच करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप मेओ रिपोर्ट दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर गोसाई में महिला के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने दो महिलाओं सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस पंजीकृत किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर गोसाई निवासी सन्देश कुमारी पत्नी प्रदीप कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 15 दिसंबर 2025 की शाम करीब 6.30 बजे वह अपने घर में खाना बना रही थीं। इसी दौरान उनके देवर अरुण कुमार ने गाली-गलौच की। मना करने पर उनकी देवरानी अंजली ने लोहे की फूकनी से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गईं। घटना के समय ननद सोनम कुमारी भी मौके पर मौजूद थी, जिसने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अरुण कुमार, अंजली और सोनम कुमारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## कोहरे ने रोकी वाहनों की रफ्तार



**ठाकुरद्वारा।** मंगलवार को ठाकुरद्वारा में घने कोहरे ने वाहनों की रफ्तार को धीमा कर दी है। हाईवे पर चलने वाले वाहन रेंगते हुए दिखाई दिए, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। कोहरे के कारण लोगों को दिसंबर माह में ठंड का असर भी दिखाई पड़ा। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से वाहनों की गति धीमी हो गई।

यातायात प्रभावित हुआ और जाम जैसी स्थिति बन गई। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी का सामना करना पड़ा। कोहरे का असर के कारण लगभग 11 बजे तक भी बाजार में रौनक देखने को नहीं मिली।

लोग कड़कडाती ठंड में जरूरी काम से अपने घरों से निकलते हुए दिखाई पड़े। कोहरे के कारण लोगों को अपने दैनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ा।

कई दुकानदारों ने अपनी दुक. ानें देर से खोली, जिससे उनका व्यवसाय प्रभावित हुआ।

## एक नजर

### परमेश्वर लाल सैनी को भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर भाजपा में खुशी

**चन्दौसी।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पूर्व एमएलसी एवं पूर्व सम्भल लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी को भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर छाबड़ा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। मंगलवार को बेरनी में भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव के आवास पर बैठक कर परमेश्वर लाल सैनी को भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य बनाए जाने पर चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर क्षेत्रीय भाजपाई उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में ग्रामीण की मौत के मामले में मुकदमा

**बिलारी।** रोडवेज बस द्वारा ग्रामीण को टक्कर मारने के मामले में ग्रामीण के बेटे द्वारा दी गई तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव नगला गुजर के रहने वाले नाजिम अली पुत्र अहमद अली ने मुकदमा दर्ज कराया कि 7 दिसंबर को उसके पिता अहमद अली टांडा से घर साइकिल से आ रहे थे। इस बीच उसके पिता को सरथल गांव के पास में करीब 1:50 बजे रोडवेज बस के चालक ने लापरवाही से चलते हुए उनके पिता अहमद अली की साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। 108 एंबुलेंस से नरौली के सरकारी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अब तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

### विधायक कमाल अख्तर ने समस्याएं सुनकर दिलाया समाधान का भरोसा



**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने आज कांठ कार्यालय पर बैठकर लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। इस दौरान राजस्व पुलिस विद्युत जल आपूर्ति सड़क शिक्षा पेंशन राशन आवास तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें लोगों ने उनके सामने रखी जिसे उन्होंने संबंधित विभाग से वार्ता कर समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सभी लोग एसआईआर को गंभीरता से लें और अपने-अपने बोट से संबंधित प्रपत्र भरकर बीएलओ के पास जमा करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहना चाहिए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना ही उनका मूल उद्देश्य है और वह क्षेत्र के विकास और सामाजिक न्याय एवं जनहित के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करते रहेंगे। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव मोनीष खान अतिकुर रहमान डॉक्टर दानिश अंजार चौधरी अमजद चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### माघ मेला को लेकर रेलवे ने शुरू की तैयारियां, संगम एक्सप्रेस में लगाए जाएंगे 3 अतिरिक्त सामान्य कोच

**मुरादाबाद।** प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। यात्रियों की सुगम, सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कुछ ट्रेनों में अस्थायी रूप से अतिरिक्त सामान्य कोच लगाए जाएंगे।रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 14308 बरेली प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में दिनांक 01 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक तीन अतिरिक्त सामान्य कोच जोड़े जाएंगे।

इसी क्रम में गाड़ी संख्या 14307 प्रयागराज संगमख्रबरेली एक्सप्रेस में दिनांक 04 जनवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक तीन अतिरिक्त सामान्य कोच लगाए जाने का निर्णय लिया गया है। इससे माघ मेले में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा में राहत मिलेगी और भीड़ का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल आदित्य गुप्ता ने बताया कि माघ मेले के दौरान यात्रियों की सुविधा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जरूरत पड़ने पर आगे भी अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जाएंगी। रेलवे प्रशासन की इस पहल से यात्रियों को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा और माघ मेले में पहुंचना अधिक आसान होगा।

### मुरादाबाद के ग्रामीण प्रेम कुमार को मिला राष्ट्रीय मानव अधिकार अवार्ड

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव फतेहपुर नत्था के रहने मानव अधिकार रक्षक प्रेम कुमार को राष्ट्रीय मानवाधिकार रक्षको का कांक्लेव 2025 के समाचार समापन के अवसर पर एचआरडी अवार्ड से नवाजा गया। उन्हें यह अवार्ड बाल संरक्षण, घुमंतु समुदायों के अधिकारों, श्रमिकों की लड़ाई के लिए दिया गया।

नई दिल्ली में विश्व युवक केंद्र चाणक्यपुरी में आयोजित तीन दिवसीय कॉनक्लेव में 24 राज्यों से करीब 300 मानव अधिकार रक्षकों को एक मंच पर लाकर एकजुट किया गया। यहां पर अनेको मुद्दों को लेकर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। तीसरे दिन 24 चुनिंदा रक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें प्रेम कुमार प्रेम को ग्रामीण संघर्ष का प्रतीक बताते हुए बाल संरक्षण में क्रांति, घुमंतु समुदाय की मुख्य धारा में वापसी के अलावा, श्रमिकों के अधिकारों के लिए रक्षा करने पर उन्हें सम्मानित किया गया। यह अवार्ड मिलने पर गांव में परिवार के लोगों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। पुरस्कार राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष विजय राहतकर, बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष मनीषा अहलावत, मुरादाबाद की सांसद रुचिवीरा एक्शन एड के कार्यकारी निदेशक संदीप चाचरा आदि ने यह पुरस्कार प्रदान किया।

## चकबंदी प्रक्रिया का मनकुआं गांव के लोगों ने किया विरोध, कहा निष्पक्ष नहीं की जा रही चकबंदी

**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मनकुआ के गांव असगरीपुर में चकबंदी प्रकिया की शुरुआत हुई है, लेकिन किसानों का आरोप है कि उनके गांव की जमीनों पर पड़ोसी गांव एत्मादपुर एवं मधुवा के किसानों ने जबरन कब्जा कर रखा है लेकिन चकबंदी विभाग उन जमीनों की चकबंदी करने को तैयार नहीं, क्योंकि वह नदी के दूसरी तरफ आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है यदि उन जमीनों की चकबंदी नहीं होगी तो हमारे गांव का रकबा कम रह जाएगा, जिससे उनकी जमीन घट जाएगी।

किसानों का कहना है कि चकबंदी विभाग दूसरे गांव के किसानों से हम साज होकर हमारी जमीनों को खुर्दबुर्द करने को तैयार है। किसान धीरेन्द्र सिंह, व जयप्रकाश का कहना है कि उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से पूर्व में भी जिलाधिकारी को अवगत कराया था लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। चकबंदी विभाग के लोग आज गांव पहुंचे लेकिन ग्रामीणों ने उनका विरोध किया ग्रामीणों का कहना है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा हम चकबंदी किसी भी कीमत पर होने नहीं देंगे। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह ,धीरेंद्र सिंह,



जयप्रकाश , रामवीर, नरेश, वेद प्रकाश, धर्मेंद्र, जितेंद्र ,प्रमोद, राकेश , बीरम, कपिल ,कुलदीप, मांगेराम शर्मा , सहित दर्जन भर किसान मौजूद रहे। किसानों का विरोध देखते हुए चकबंदी विभाग के अधिकारी वापस लौट गये।

### पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 900 ग्राम गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली पुलिस ने नशीले पदार्थों के व्यापार पर लगाम लगाने की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ऐसे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 900 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने बीती रात करीब 10.40 बजे चौकी प्रभारी रानी नांगल, उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार की अगुवाई में एक विशेष टीम ने सूचना के आधार पर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा निवासी पियूष उर्फ अमित पुत्र सुशील पर संदेह के आधार पर छापा मारा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से कुल 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पता चला कि गिरफ्तार अभियुक्त पियूष का इससे पहले भी नशीले पदार्थों के कारोबार में हाथ होने का आरोप लग चुका है। बरामदगी के बाद तत्काल उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत एक नया मामला दर्ज कराया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस सफल कार्रवाई में हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार और कांस्टेबल कुलदीप कुमार ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशीले पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए ऐसी विशेष कार्रवाइयां निरंतर जारी रहेंगी।

## एसआईआर के प्रति बीएलओ को किया जागरूक

### सपा महानगर ने विधानसभा 28 के बीएलओ के साथ की समीक्षा बैठक आयोजित



**मुरादाबाद।** महानगर समाजवादी पार्टी की ओर से मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर 28 नगर विधानसभा मुरादाबाद के बी एल ए की एक समीक्षा मीटिंग की गई। प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कांठ से विधायक कमाल अख्तर मुख्य अतिथि के तौर पर मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा की पार्टी एस आई आर को लेकर बहुत चिंतित है सभी पार्टी के लोग अपने-अपने बूथों पर मुस्तादी से जमे रहे और जनता के बीच में जाकर काम करें। इस अवसर पर उन्होंने 28 नगर विधानसभा के बीएलओ का आभार व्यक्त किया जो रात दिन काम में लग रहे और वोट बनवाने में सहायता की और आगे भी ऐसे ही कार्य में लगा रहना है पूर्व विधायक हाजी यूसुफ अंसारी ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें अपने वोट की रक्षा करनी है समीक्षा बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी ने तथा संचालन पूर्व पार्षद सलीम बरसी ने किया। समीक्षा बैठक में पूर्व सांसद डॉक्टर एस टी,जिलाअध्यक्ष जयवीर यादव, पूर्व विधायक हाजी युसूफ अंसारी, महानगर अध्यक्ष इकबाल हुसैन अंसारी, नगर विधानसभा अध्यक्ष कमरुज्जमा सैफी,महानगर महासचिव गजेंद्र यादव,वसीम कुरेशी, जिला उपाध्यक्ष लाखन सिंह सैनी, जयपाल सिंह सैनी,राजकुमार प्रजापति, केसर अली कद्दूसी, शुएब हसन खान, अतहर हुसैन अंसारी, लालू परवेज,जुबेर असद नसीम पशा साकिर हुसैन हसन सलमानी आसिफ अंसारी गुलशन बाबा सरताज सैफी शमशाद हुसैन अंसारी अरबाज खान जीशान खान हाजी सरताज आलम सोमवीर सिंह यादव प्रेम बाबू वाल्मीकि वेद प्रकाश सैनी राशिद महानगर अध्यक्ष मजदूर सभा आदि लोगों उपस्थित है।

## पुलिस ने विशेष अभियान के तहत किया वारंटी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार जनपद में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली क्षेत्र के एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान के तहत न्यायालय द्वारा जाारी गिरफ्तारी वारंट के तहत फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम राजा पुत्र अनवर है, जो ईदगाह रोड, वार्ड नंबर 21, कस्बा व थाना ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद का निवासी है। उसके खिलाण मुकदमा संख्या 2360/22 एवं अधिकार संख्या 289/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय से गिरफ्तारी का वारंट जारी था। गिरफ्तारी की कार्रवाई उपनिरीक्षक रजत कुमार एवं कांस्टेबल निशांत कुमार की टीम द्वारा की गई।

## अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष बने राज सिकंदर, लोकेश कुमार को मिली तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी



**ठाकुरद्वारा। भारतीय वाल्मीकि महासभा की शाखा यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत करते संगठन के लोग।**

**ठाकुरद्वारा।** अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को नगर की वाल्मीकि बस्ती में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजकुमार आदिवासी ने की, जबकि संचालन देव सिंह द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की मजबूती, युवाओं की भूमिका और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के मंडल अध्यक्ष सत्यपाल वाल्मीकि की संस्तुति पर सर्वसम्मति से महासभा की यूथ ब्रिगेड इकाई का गठन किया गया। इस अवसर पर राज सिकंदर उर्फ राकेश को यूथ ब्रिगेड का जिला अध्यक्ष तथा लोकेश कुमार को तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया। पदाधिकारियों की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती में युवाओं की अहम भूमिका है और यूथ ब्रिगेड के माध्यम से समाज के युवाओं को संगठित कर सामाजिक, शैक्षिक और जागरूकता से जुड़े कार्यों को गति दी जाएगी। वक्ताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से संगठन के विस्तार के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय सचिव विजय वीर, जिला अध्यक्ष मुकेश भारती, महानगर अध्यक्ष सोनू परिवार, जिला कोषाध्यक्ष अमित कुमार, जिला धर्म प्रमुख जय किशन, जिला महामंत्री जितेंद्र प्रेमी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

**न्यायालय-जनपद न्यायाधीश, मुरादाबाद**
**सिविल विविध वाद सं०**-342/2025
**नियत तिथि:** 18.12.2025
राजेन्द्र सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र जगराम सिंह निवासी ग्राम मझौली तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. शारदी देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह, 2. कु0 मोनी पुत्री राजेन्द्र सिंह, 3. जितेन्द्र सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासीगण ग्राम मझोली तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।
4. **जनता आम।** चूंकि उपर्रिनामांकित आवेदक ने इस न्यायालय में यह आवेदन वादी की नाती अव्यस्क अनुप्रिया गौतम के नाम ग्राम डिलारी चंगेरी तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में भूमि (प्लाट) गाटा संख्या 121/2 में रकबा 0.0108 हैक्टेयर है तथा दान शाह की मिलक (शाह पुर तिगरी) शहर व जिला मुरादाबाद में 55.76 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बना दो मंजिला मकान बजरिये बयनामा दिनाँक 09.05.2022 जिल्द संख्या 13660 पेज 111 से 126 कमांक 1491 है दोनो सम्पत्तियों की कीमत लगभग 53,00,000/- रूपये की है। अवस्यक व उक्त सम्पत्ति का संरक्षक नियुक्त करने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु गार्जियन्स वार्डस एण्ड एक्ट 1890 की धारा-11 के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है। आप उक्त वाद में जबावदेही करने के लिए दिनांक 18.12.2025 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त वाद की सुनवाई एक पक्षीय रूप से सुनी जायेगी। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के 12 माह 11 दिवस को निकाली गई।
**( वरिष्ठ सहायक )**
**खाद्य सुरक्षा अपीलीय न्यायाधिकरण/ जिला न्यायाधीश, मुरादाबाद।**

## नगर पालिका के प्याऊ व विद्युत पोलों का एडीएम (ई) ने किया औचक निरीक्षण, गंदगी और पानी लीकेज पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में आमजन की सुविधा के लिए लगाए गए प्याऊ एवं विद्युत पोलों का मंगलवार को एडीएम (ई) संगीता गौतम ने दोपहर बाद ठाकुरद्वारा पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम (ई) ने विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्याऊ की स्थिति, साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के समय एक प्याऊ के आसपास गंदगी फैली होने और पानी के लीकेज की स्थिति पाए जाने पर एडीएम (ई) ने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर मौजूद नगर पालिका अधिकारियों को तत्काल फटकार लगाते हुए साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और पानी के लीकेज को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए। एडीएम (ई) ने कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस पर जल निगम स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए । उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्याऊ के आसपास नियमित रूप से सफाई कराई जाए, नालियों की उचित व्यवस्था हो तथा पानी की बर्बादी किसी भी हालत में न होने पाए। इसके साथ ही नगर में लगाए गए विद्युत पोलों की स्थिति का भी निरीक्षण किया गया। एडीएम (ई) ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि पोलों की मजबूती, वायरिंग और सुरक्षा मानकों की समय-समय पर जांच की जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना का सामना न करना पड़े। एडीएम (ई) ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से कहा कि सभी सार्वजनिक स्थलों पर लगी सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए और निरीक्षण रिपोर्ट समय से प्रस्तुत की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस तरह की खामियां पाए जाने पर जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका के इरफान सैफी व सभासद राकेश दानव व नगर पालिका कर्मचारी भी मौजूद रहे।



**ठाकुरद्वारा। नगर में एडीएम ई संगीता गौतम नगर पालिका द्वारा लगाए गए प्याऊ औचक निरीक्षण करती।**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत कांठ जनपद-मुरादाबाद**
**पता:-मौ०-महमूदपुरा, कांठ जनपद-मुरादाबाद।**

**पत्रांक:** 684/न.पं.कांठ/25 **( अल्पकालीन ई-निविदा सूचना )** **दिनांक:** 15.12.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कॉठ जनपद मुरादाबाद के द्वारा स्वायत्त निकाय / पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार / अन्य सरकारी विभाग में ए, बी, सी, डी, ई श्रेणी में कार्य की लागत सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई- टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। **कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-**

| क्रं. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | विड सिक्योरिटी (ईएमडी) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी. एस.टी आदि सहित (यदि आवश्यक हो)(रू० में)। | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | Nainital Road MODI Chauraha Removal & refiæing of old 9 mtr GI Octagonal Pole Nagar Panchayat Kanth. (टाउन फण्ड) | 4.97 | 0.49700 | 836 | 03 माह |
| 2 | मुरादाबाद | Ward NO-2 Removal & refiæing of old 9 mtr Gi Octagonal Pole Amroha Railway Crossing to deepak Bagh Nagar Panchayat Kanth. (टाउन फण्ड) | 4.21 | 0.42100 | 747 | 03 माह |
| 3 | मुरादाबाद | नगर पंचायत कॉठ में खूखांर एंव उत्पाती बंदरों को पकडने आदि का कार्य (टाउन फण्ड/रा0वि0आ0) | प्रति बंदर पकड़ने की दरे कोटेशन के माध्यम आमंत्रित की जाती है | | | 02 माह |
| 4 | मुरादाबाद | सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कॉंठ जनपद मुरादाबाद की गाम गोविन्दपुर ज्ञानपुर अवस्थित कान्हा गौशाला में एकत्र गोबर की सार्वजनिक नीलामी दिनॉक 23.12.2025 को प्रात: 01:00 बजे ग्राम गोविन्दपुर ज्ञानपुर अवस्थित कान्हा गौशाला में की जायेगी। इन्छुक व्यक्ति /ठेकेदार / फर्म नियत समय एंव स्थान पर पहुँचकर गोबर की सार्वजनिक नीलामी में प्रतिभाग कर सकते है। अन्य नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। | | | | |

2- वेबसाईट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि:- 16.12. 2025 से
3- ई निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि / समय :- दिनाँक 07.01. 26 दोपहर 11.00 बजे तक
4- ई निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय- दिनाँक 07.01.26 दोपहर 11-30 बजे के पश्चात
5-निविदा आमंत्रणकर्ता को आई टी बी के क्लॉज नौ के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह की जाती है कि वह नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाईट: http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।
6- अन्य नियमो व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी www.npkanth.in एंव बेबसाइट https://etender. Up .nic.in पर अपलोड कर दी गई है तथा किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कॉठ से प्राप्त की जा सकती है।

**( रामेश्वर दयाल )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कांठ**
**मुरादाबाद।**

**( इकबाल आलम )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कांठ**
**मुरादाबाद।**

**उत्तर रेलवे**
**ई-नीलामी**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / कोचिंग, (ए.सी.ओ) उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के द्वारा वाणिज्य विज्ञापन, मेडिकल आउटलेट, डिजिटल लाकर, एटीएम, स्लीपिंग पॉड्स, हेल्थ एटीएम कियोस्क, प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र, बैटरी ऑपरेटेड व्हीकल, कैफेटेरिया एवं रेल कोच रेस्टोरेंट के ठेके को संचालन एवं आवंटन हेतु ई-बोलियाँ **website: www.ireps.gov.in** पर दिनांक 31.12.2025 को आमंत्रित की गयी है, इनकी विस्तृत जानकारी, नियम व शर्ते **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
3878/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक के सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 249-DRM-MB-25-26 Dt. 09.12.2025 | 250-DRM-MB-25-26 Dt. 10.12.2025 | 252-DRM-MB-25-26 Dt. 10.12.2025 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Repair to gate lodge, road surface, height gauge and other miscellaneous work related to standardization of LCs in the section of ADEN/HPU. | Heavy repair to PWI store cum office at HPU and BSC in the section of ADEN/HPU under Sr. DEN/IV/MB. | Heavy repair/ improvement of existing washing line at NBD Depot. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 08.01.2026 | 08.01.2026 | 08.01.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 79,97,870.75 | 59,93,509.55 | 63,45,695.42 |
| घरोहर राशि (रु.) | 1,60,000.00 | 1,19,900.00 | 1,26,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | 6 माह | 6 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 25.12.2025 | 25.12.2025 | 25.12.2025 |

टेन्डर नं.: Sr. DEN-IV/Publication/25-26 दिनांक: 16.12.2025 3884/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आईपीएल ऑक्शनः प्रशांत-कार्तिक क्रमशः 14.20 करोड़ में बिके

● दोनों को सीएसके ने बेस प्राइस से 47 गुणा ज्यादा कीमत में खरीदा, ग्रीन सबसे महंगे विदेशी, ग्रीन को 18 रुपये ही मिलेंगे


**अबू धाबी, वार्ता।** आस्ट्रेलिया के आलराउंडर कैमरन ग्रीन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें मंगलवार को अबु धाबी में चल रहे मिनी ऑक्शन में कोलक. ाता नाइट राइडर्स ने 25.20 करोड़ रुपए में खरीदा। ग्रीन ने अपने ही देश के मिचेल स्टार्क का रिकॉर्ड तोड़ा। उन्हें 2024 में केकेआर ने ही 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। ऋषभ पंत (27 करोड़) इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। 20 साल के प्रशांत वीर और 19 साल के कार्तिक शर्मा एक समान 14.20-14.20 करोड़ में बिके हैं। दोनों को सीएसके ने 30 लाख की बेस प्राइस से 47 गुना ज्यादा कीमत देकर खरीदा। प्रशांत उत्तर प्रदेश के हैं, जबकि कार्तिक राजस्थान के हैं। इनके अलावा, जम्मू एंड कश्मीर के आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। तेज गेंदबाजों के सेट में कोलकाता ने श्रीलंकाई तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना (18 करोड़) को अपने साथ जोड़ा न्यूजीलैंड के जैकब डफी को आरसीबी और एनरिक नार्त्या को एलएसजी ने 2-2 करोड़ में खरीदा। स्पिनर्स रवि बिश्नोई को त्त ने 7.20 करोड़ में खरीदा। वेंकटेश अय्यर को आरसीबी ने महज 7 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्हें 2024 के मेगा ऑक्शन में केकेआर ने 23. 75 करोड़ में खरीदा था। कोलक. ाता ने भले ही कैमरन ग्रीन को 25. 2 करोड़ में खरीदा है, ग्रीन को 18 करोड़ रुपए ही मिलेंगे। 7.2 करोड़ रुपए बीसीसीआई के वेलफेयर फंड में जमा करा दिए जाएंगे। बीसीसीआई ने पिछले साल ही विदेशी खिलाड़ियों के लिए मिनी ऑक्शन में 18 करोड़ रुपए की अपर लिमिट तय कर दी थी। ताकि विदेशी खिलाड़ी ज्यादा डिमांड का अनुचित फायदा न उठा पाएं। 10वें सेट में यश राज पुंजा पर राजस्थान रॉयल्स ने 30 लाख की बेस प्राइस पर भरोसा जताया। विग्नेश पुथुर भी 30 लाख में राजस्थान रॉयल्स के खाते में गए। प्रशांत सोलंकी को 30 लाख में केकेआर ने खरीदा। कर्ण शर्मा, शिवम शुक्ला, कुमार कार्तिकेय सिंह और वहीदुल्लाह जदरान अनसोल्ड रहे। सुशांत मिश्रा को आरआर ने 90 लाख में खरीदा,नमन तिवारी को एलएसजी ने एक करोड़ रुपए में खरीदा, अशोक शर्मा को जीटी ने 90 लाख में खरीदा, आठवें सेट (विकेटकीपर) में सबसे बड़ा नाम कार्तिक शर्मा रहे। ऑक्शन की शुरुआत में रुचित अहीर और वंश बेदी 30 लाख की बेस प्राइस पर अनसोल्ड रहे, जबकि तुषार रहेजा भी खरीदार नहीं जुटा सके। 30 लाख की बेस प्राइस के साथ उतरे कार्तिक पर टीमों के बीच जबरदस्त बिडिंग हुई और आखिरकार चेन्नई सुपर किंग्स ने उन्हें 14.20 करोड़ रुपए में खरीद लिया। मुकुल चौधरी को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ रुपए में अपने साथ जोड़ा, जबकि तेजस्वी सिंह को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 3 करोड़ रुपए में खरीदा। राजस्थान के मुकुल चौधरी को एलएसजी ने 2.60 करोड़ में खरीदा कार्तिक शर्मा भी 14.20 करोड़ में बिके, सीएसके ने खरीदा। 7वां सेट अनकैप्ड आलराउंडर्स का रहा। इसमें 10 प्लेयर्स थे। इनमें से 3 को खरीदा गया। जबकि 7 अनसोल्ड रहे। आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ में डीसी ने, प्रशांत वीर को 14.20 करोड़ सीएसके और शिवांग कुमार को 30 लाख एसआरएच ने खरीदा। राजवर्धन हंगरगेकर (40 लाख), तनुष कोटियान (30 लाख), महिपाल लोमरोर (50 लाख), कमलेश नागरकोटी (30 लाख), विजय शंकर (30 लाख), सनवीर सिंह (30 लाख) और एडेन टाम (30 लाख) अनसोल्ड रहे। उत्तर प्रदेश के प्रशांत वीर को सीएसके ने 14.20 करोड़ रुपए में खरीदा है। उन्होंने वे यूपी टी-20 लीग के एमर्जिंग प्लेयर रहे थे। 20 साल के प्रशांत ने 10 मैच में 155.34 के स्ट्राइक रेट से 320 रन बनाए थे। इतना ही नहीं, गेंदबाजी में 8 विकेट भी झटके। 30 लाख रुपए की ब्रस प्राइस वाले आकिब नबी डार को 8.40 करोड़ रुपए में में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा है। पेस बालिंग आलराउंडर ने पिछले रणजी सीजन के 8 मैचों में 44 विकेट झटके थे। छठा सेट अनकैप्ड बैटर्स का था। ऐसे प्लेयर जो एक भी इंटरनेशनल मैच नहीं खेल सके हैं। इसमें 6 प्लेयर्स के नाम ऑक्शन पूल में लाए गए।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### मारिया केरी 2026 विटर ओलंपिक्स के उद्घाटन समारोह में शिरकत करेगी

**मिलान, वार्ता।** अमेरिकी गायिकां और पॉप स्टार मारिया केरी मिलानो-कोर्टिना छह फरवरी को इटली की राजधानी मिलान के सैन सीरो स्टेडियम में होने वाले 2026 विटर आलंपिक के उद्घाटन समारोह में मुख्य आकर्षण का केन्द्र होंगी। केरी यहां उद्घाटन समारोह में मौजूद लोगों के लिए खास पेशकश करेंगी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा, ष्चाओ। मिलानो कोर्टिना 2026 के लिए तैयार हो जाइए। छह फरवरी को ओलंपिक उद्घाटन समारोह के लिए स्टेडियम सैन सिरो में मिलते हैं। मिलते हैं मिलान में। यह पहली बार होगा जब पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड विजेता केरी किसी ओलंपिक उद्घाटन समारोह में गाएंगी।

### पाकिस्तान भी अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल में

**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान ने मंगलवार को अंडर-19 एशिया कप में यूएई को 70 रन से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए यूएई को 242 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में यूएई की टीम 37-5 ओवर में 171 रन पर ढेर हो गयी। यूएई के लिये इयान मिस्बाह की 77 रन की पारी बेकार गई। पृथ्वी मत्नु 27 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कप्तान किरण रॉय ने 13 रन देकर अब्दुल सुबहान का विकेट लिया। यूएई के सात खिलाड़ी 10 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के लिए अब्दुल सुबहान ने 7.5 ओवर में 31 रन देकर चार खिलाड़ियों को आउट किया। मोमिन कमर और अहमद हुसैन ने एक-एक विकेट लिया। पाकिस्तान के लिए अहमद हुसैन ने 65 रनों की पारी खेली।




# एकाना में सीरीज पर जीत की मुहर लगाने उतरेगी भारतीय टीम

**पांच मैचों की सीरीज में 2-1 के बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी**

**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय टीम जब बुधवार को यहां एकाना स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में जीत की मुहर लगाने के इरादे से मैदान में उतरना चाहेगी, लेकिन कुछ खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर भी दर्शकों की निगाहें टिकी होंगी। पांच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर चुकी मेजबान टीम आत्म-विश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी, खासकर पिछले मैच की जीत के बाद। तीसरे टी-20 मुक. ाबले में भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 117 रन पर ऑलआउट कर दिया। उसके बाद भारतीय टीम ने तीन विकेट गंवाकर यह लक्ष्य 15-5 ओवर में बेहद आसानी से हासिल कर लिया।

तीसरे मैच में एक बार फिर साबित हुआ कि अभिषेक शर्मा भारत की विस्फोटक शुरुआत के लिए कितने अहम हैं। अभिषेक के जोड़ीदार शुभमन गिल ने जहां 28 गेंदों पर 28 रन बनाए, वहीं खुद अभिषेक ने 18 गेंद पर तीन चौकों और तीन छक्कों के साथ 35 रन बनाकर भारत को धुआंधार शुरुआत दी। गिल के अलावा भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पिच पर संघर्ष करते नजर आए हैं। दोनों ही बल्लेबाज अतीत में खुद को साबित कर चुके हैं और इस मैच में रन बनाकर अपने रंग में लौटना चाहेंगे।

गेंदबाजी की बात करें तो अक्षर पटेल के चले जाने से पश्चिम बंगाल के ऑलराउंडर शाहबाज अहमद को अपना लोहा मनवाने का मौका मिला है। वह इस मौके को दोनों हाथों से लपकना चाहेंगे। अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा की जोड़ी भारत को गेंद से शुरुआती सफलताएं दिलाने में सफल रही है, वहीं वरुण चक्रवर्ती की फिरकी भी दक्षिण अफ्रीका के लिए एक अबूझ पहेली साबित हुई है। बुम. राह के टीम में होने पर अब भी संशय है लेकिन उनकी गैर-मौजूदगी में भी भारतीय गें. दबाजी अजेय प्रतीत हुई है। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका खुद के हालात ढाक के तीन पात की तरह हैं। तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में उनकी चिर परिचित खामियां सामने आईं। पिच पर गेंद की हरकत और भारतीय गेंदबाजों के अनुशासन के सामने केवल एडन मार्करम ही पिच पर टिके रहे। अगर मेहमान टीम को सीरीज को जिन्दा रखना है तो मार्करम और क्विंटन डी कॉक को अब मजबूती के साथ पारी की शुरुआत देनी होगी।

# एडिलेड एशेज टेस्ट में बॉन्डी बीच पीड़ितों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

● **मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौ न रखा जाएगा, झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्म बैंड बाधेंगे**

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिय गायक जॉन विलियमसन बुधवार से शुरू होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट से पहले यहां बॉन्डी बीच आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि देने के लिए एडिलेड ओवल में अपना प्रसि( गाना 'ट्रू ब्लू' गाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस पिक बॉल टेस्ट से पहले कई यादगार कार्यक्रमों की घोषणा की है। यह मैच रविवार के आतंकवादी हमले के बाद देश का पहला बड़ा खेल आयोजन होगा। मैच शुरू होने से पहले एक मिनट का मौन रखा जाएगा। झंडे आधे झुके रहेंगे, खिलाड़ी काली आर्मबैंड पहनेंगे और मुकाबले के लिए सुरक्षा भी बढ़ा दी जाएगी। इसके साथ ही स्टेडियम में खास तौर पर पुलिस तैनात की जाएगी। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने माना कि रविवार की घटना ने उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस हमले को बहुत गहरा सदमा करार दिया। कमिस ने कहा कि ज्यादातर दूसरे ऑस्ट्रेलियाई लोगों की तरह, मैं भी इसे देखकर डर गया था। मैंने बस बच्चों को सुला दिया और न्यूज चालू कर दी। मैं और मेरी पत्नी हैरानी से देख रहे थे। उन्होंने कहा कि यह (बॉन्डी बीच) हमारे घर के पास ही है, और हम बच्चों को अक्सर वहां ले जाते हैं। इसने मेरे दिल को बहुत छुआ। मुझे सच में बॉन्डी के लोगों और खासकर यहूदी समुदाय के लिए बहुत बुरा लग रहा है।

# कमिंस, लॉयन की हुई टीम में वापसी

● **कमिंस और लॉयन ने आलरांउर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेडन की जगह ली**



एडीलेड, वार्ता। एडिलेड ओवल में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले तीसरे एशेज टेस्ट में कप्तान पैट कमिस और अनुभवी ऑफ-स्पिनर नेथन लायन की वापसी हो गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को पिक बॉल टेस्ट के लिए टीम का ऐलान करते हुए यह जानकारी दी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि कमिस और लायन ने ऑलराउंडर माइकल नेसर और तेज गेंदबाज ब्रेंडन डॉगेट की जगह ली है, जबकि 39 वर्षीय सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा पीठ की चोट के कारण अब भी टीम से बाहर हैं। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल पांच टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज में 2-0 से आगे है। जोश इंग्लिस एकादश में बरकरार हैं और नंबर सात पर बल्लेबाजी करते रहेंगे। इस बीच, कप्तान कमिस ने ख्वाजा की निराशा को समझते हुए सीरीज में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत स्थिति के बावजूद टीम से बाहर होने के बाद उनके रवैए की तारीफ की। कमिस ने कहा कि वह एक सच्चे 'टीम मैन' हैं। टीम को जो भी चाहिए, वह करेंगे। और यह सिर्फ उजी (उस्मान) ही नहीं, बल्कि बो वेबस्टर भी हैं जो इन तीन टेस्ट मैचों में टीम से बाहर रहे हैं। नेसर ने पांच विकेट लिए हैं, और डॉगेट ने पहले दो टेस्ट खेले हैं और बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। हमें एशेज सीरीज जीतने के लिए एक स्क्वाड की जरूरत है, और वे सभी शानदार प्रदर्शन करते हैं। इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की सीरीज के बाद कमिस पहली बार टेस्ट में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने पुष्टि की है कि वह पूरी तरह से फिट हैं और वर्कलोड के मामले में उन पर कोई पाबंदी नहीं होगी। कमिस ने कहा कि हां, मैं खेलने के लिए तैयार हूं। मैं कुछ समय से 100 प्रतिशत स्तर पर गेंदबाजी कर रहा हूं। अगर मैंने ब्रिस्बेन में खेला होता, तो शायद मैं सीमित संख्या में ही ओवर फेंक पाता, लेकिन यह मैच किसी भी दूसरे टेस्ट की तरह ही है। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड ने तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश की घोषणा सोमवार को की।

इसमें तेज गेंदबाजी आक्रमण में गस एटकिसन की जगह जोश टंग को शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलिया की सीरीज में बढ़त के बावजूद, कमिस को मेहमान टीम से मजबूत वापसी की उम्मीद है। कमिंस ने कहा कि मुझे नहीं लगंता कि यह पहले दो टेस्ट मैचों से कुछ अलग होगा। आपके पास कुछ ऐसे खिलाड़ी हैं जो किसी भी समय मैच जिता सकते हैं, आपको बस प्लान ए, प्लान बी रखना होगा, जैसा कि आप ज्यादातर टीमों के साथ करते हैं। लेकिन उनके पास जाहिर तौर पर कुछ बहुत मजबूत खिलाड़ी हैं, और आप उन्हें खुलने के लिए थोड़ी सी भी जगह नहीं दे सकते।

### श्रीगंगानगर अंडर-14 क्रिकेट टीम घोषित

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ ने राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के लिए जिला टीम की घोषणा कर दी है। संघ के सचिव विनोद सहारण ने मंगलवार को बताया कि टीम का चयन जिला स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर और अभ्यास मैचों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।उन्होंने बताया कि विनय को कप्तान और आरव प्रताप बाना को उपकप्तान बनाया गया है।

**टीमः** विनय (कप्तान), आरव प्रताप बाना (उपकप्तान), अनमोल, हर्ष, निर्भय, गुरसांत, गुरशरणसिंह, देवकुमार, अरनव , अविरल, भव्यजीतसिंह, लक्ष्य, रोबिनसिंह, रणवीर व शुभम।

स्टैंडबाय खिलाड़ियों में पीयूष, एकमजीतसिंह, जसकि. रतसिंह, अथर्व गोयल और पार्थ गेरा शामिल हैं।

# इंटर मियामी में शामिल हुए सर्जियो



**वाशिंगटन, वार्ता।** मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के क्लब इंटर मियामी ने रियल मैड्रिड के पूर्व डिफेंडर सर्जियो रेगुइलोन को फ्री ट्रांसफर के तहत अपने क्लब में शामिल कर लिया है। रेगुइलोन ने 12 महीने के एक्सटेंशन के विकल्प के साथ दो साल के करार पर सहमति जताई है। स्पेन के इस फुटबॉलर ने जून में टोटेनहम हॉटस्पर से अलग होने के बाद से किसी क्लब का दामन नहीं थामा था। उन्होंने लंदन क्लब के लिए कुल 73 मैच खेले और दो गोल भी किए। रेगुइलोन ने कहा, ष्यह एक बहुत ही महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। एक चैंपियन क्लब जो बहुत अच्छा कर रहा है, वहां आकर खेलना और जीतना, यही मुझे आकर्षित करता है। मेरा लक्ष्य जीतते रहना है, उन ट्रॉफियों को हासिल करना है जो हमारे पास नहीं हैं। इंटर मियामी ने यह घोषणा वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 की जीत के साथ अपना पहला एमएलएस खिताब हासिल करने के नौ दिन बाद की है। इंटरमियामी इससे पहले 2023 में अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी, सर्जियो बुस्केट्स, जॉर्डी अल्बा और लुइस सुआरेज जैसे ला लिगा के दिग्गजों को भी क्लब में शामिल कर चुका है।

### संतोष ट्रॉफी में दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को

**नई दिल्ली, वार्ता।** बिहार के बिरसा मुंडा फुटबाल स्टेडियम में 19 दिसंबर से होने वाली संतोष ट्रॉफी राष्ट्रीय फुटबाल चैंपियनशिप के लिये दिल्ली टीम की कप्तानी हिमांशु राय को सौंपी गयी है। टीम मैनेजर (बैंक ऑफ इंडिया) सुनील दत्त ने मंगलवार को यह जानकारी दी। श्री दत्त ने बताया कि शिखर शाव टीम के उपकप्तान होंगे। दिल्ली 19 दिसंबर को रेलवे के विरुद्ध खेल कर अभियान की शुरुआत करेगी। ग्रुप की अन्य टीमें मेजबान झारखण्ड और बिहार हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के नये नियमों के अनुसार, टीमें दूसरे राज्यों के खिलाड़ियों को मैदान पर नहीं उतार सकतीं। इस बार राष्ट्रीय चैंपियनशिप एक नये ढांचे और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने पर ज़्यादा ज़ोर के साथ शुरू होने वाली है।

# कुंडू का दोहरा शतक, भारत ने मलेशिया को हराया



● **अंडर-19 एशिया कप के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी**

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू के दो. हरे शतक (209) और दीपेश देवेंद्रन (22/5) के पांच विकेटों की बदौलत मंगलवार को यहां अंडर-19 एशिया कप 2025 के मुकाबले में भारत ने मलेशिया को 315 रन से मात दी। भारतीय युवाओं ने मलेशिया के सामने 50 ओवर में 409 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में मलेशियाई टीम 32.1 ओवर में 93 रन पर ऑलआउट हो गई। मलेशिया की ओर से हमजा पंगी ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। मलेशिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए कप्तान और सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को 14 रन पर पवेलियन लौटा दिया। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे विहान मल्होत्रा भी कोई खास कमाल नहीं दिखा पाए और सात रन बनाकर पवेलियन लौट गए, लेकिन वैभव सूर्यवंशी ने वेदांत त्रिवेदी के साथ मिलकर पारी को संभाल लिया। त्रिवेदी ने पहले सूर्यवंशी के साथ मिलकर 40 रन जोड़े। इसके बाद उन्हें कुंडू का साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 181 गेंदों पर 209 रन जोड़कर मलेशियाई गेंदबाजी की कमर तोड़ दी। त्रिवेदी 106 गेंदों पर सात चौकों के साथ 90 रन बनाकर अपने शतक से चूक गए, जबकि कुंडू ने 80 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। मैच के अंतिम ओवरों में कुंडू ने आक्रामक बल्लेबाजी कर न सिर्फ भारत को 400 रन के पार पहुंचाया, बल्कि यूथ एकदिवसीय क्रिकेट में दो. हरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय भी बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए। इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। कुंडू ने 44 गेंदों में अपनी फिफ्टी पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गें. दों में दोहरा शतक पूरा किया। उन्होंने कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की। कुंडू का स्कोर अंडर-19 क्रिकेट में द. अफ्रीका के जो. रिक वैन शाल्कविक के 215 रनों के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।

### यूथ वनडे में दोहरा शतक लगाने वाले पहले भारतीय बने अभिज्ञान कुंडू

**दुबई, वार्ता।** अभिज्ञान कुंडू मंगलवार को यहां मलेशिया के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप 2025 मैच के दौरान यूथ वनडे में दोहरा शतक बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। इस 17 वर्षीय खब्बू बल्लेबाज ने 125 गेंद पर 17 चौकों और नौ छक्कों के साथ 209 रन बनाए।

इससे पहले यूथ वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले भारतीय वैभव सूर्यवंशी थे, जिन्होंने इसी टूर्नामेंट में यूएई के खिलाफ पिछले मैच में 171 रन बनाए थे। यहां दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में कुंडू वैभव सूर्यवंशी के आउट होने के बाद क्रीज पर आए और आते ही तेजी से रन बनाने लगे। उन्होंने 44 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया और सिर्फ 80 गेंदों में शतक जड़ डाला। वह 46वें ओवर में 150 रन तक पहुंचे और फिर रफ्तार पकड़कर 49वें ओवर में 121 गेंदों में दोहरा शतक बना डाला। उन्होंने वेदांत त्रिवेदी के साथ 209 रन और कनिष्क चौहान के साथ 36 गेंदों में 87 रनों की तूफानी साझेदारी करके भारत को 50 ओवर में सात विकेट पर 408 रन बनाने में मदद की।

# मुरादाबाद पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने साधा जमकर निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित हॉलीडे एजेंसी में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश सरकार, चुनाव आयोग और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार जनविरोधी नीतियों के सहारे प्रदेश को अराजकता की ओर ले जा रही है।एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अजय राय ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इसे जल्दबाजी में लागू किया गया, जिससे आम जनता के साथ-साथ सरकारी कर्मचारी भी बुरी तरह परेशान हैं। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया के दबाव में बीएलओ कर्मचारियों की मौत और आत्महत्या तक के मामले सामने



आए हैं, जो सरकार की असंवे. दनशीलता को उजागर करते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग से भी इस मुद्दे पर जवाबदेही तय करने की मांग की। प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए अजय राय ने कहा कि बुलडोजर की राजनीति और दमनकारी रवैये से प्रदेश बर्बादी की कगार पर पहुंच चुका है।

उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू को लेकर दिए गए बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश कर रही है।भाजपा संगठन पर तंज कसते हुए अजय राय ने कहा कि पंकज चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाना इस बात का संकेत है कि योगी सरकार और केंद्र के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। तस्करी और कफ सिरप मामले में भी उन्होंने सरकार पर तस्करों को संरक्षण देने और ईमानदार अधिकारियों को जेल भेजने का आरोप लगाया।आरएसएस पर हमला बोलते हुए अजय राय ने कहा कि यदि घुसपैठियों की जांच करनी है तो इसकी शुरुआत संघ कार्यालयों से होनी चाहिए।

# कोतवाली परिसर में स्पेल तृतीय चरण के तहत छात्राओं को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** मंगलवार को कोतवाली परिसर में स्पेल तृतीय चरण के अंतर्गत बीएमजी इंटर कॉलेज की छात्राओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कानून, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने छात्राओं को पुलिस विभाग की कार्यशैली, पुलिस की जिम्मेदारियों तथा आम जनता, विशेषकर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्राओं को साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, हैकिंग, साइबर बुलिंग तथा इनसे बचाव के उपायों के बारे में समझाया गया। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया और साइबर हेल्पलाइन से संपर्क करने के तरीकों पर भी प्रकाश डाला गया। इसके अलावा नए कानूनों एवं हाल में किए गए संशोधनों की जानकारी देते हुए छात्राओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराया गया। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत नारी सम्मान, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं कानूनी अधिकारों पर विशेष जोर दिया गया।

छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या असुरक्षा की स्थिति में वे बिना संकोच पुलिस की मदद ले सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनके सवालों के उत्तर दिए गए और उन्हें आत्मनिर्भर, सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने आश्वस्त किया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है और इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# काशीराम आवास खाली करने को कब्जाधारियों को मिली मोहलत

## 15 वर्षों से प्रशासन नहीं हटा पाया कब्जा, आखिर किसके संरक्षण में डटे हुए कब्जाधारी?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जारई गेट स्थित कांशीराम आवासों से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई एक बार फिर टल गई है। आवासों पर रह रहे कब्जाधारियों ने कड़ाके की सर्दी का हवाला देते हुए प्रशासन से कुछ दिन की अतिरिक्त मोहलत मांगी, जिस पर नगरपालिका प्रशासन ने उन्हें तीन से चार दिन का समय दे दिया है।

गौरतलब है कि जारई गेट क्षेत्र में कांशीराम आवास योजना के अंतर्गत वर्ष 2009 में कुल 104 आवासों का निर्माण कराया गया था। इन आवासों का विधिवत आवंटन न होने के बावजूद कई लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया और अपने परिवारों के साथ रहने लगे। मामले को लेकर नगरपालिका द्वारा पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

बीते 12 दिसंबर को नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने स्वयं मौके पर पहुंचकर आवास खाली करने के निर्देश दिए थे। उस समय भी कब्जाधारियों ने कुछ दिन की मोहलत मांगी थी। इसके बाद सोमवार को एक बार फिर कुछ कब्जाधारी तहसील पहुंचे और उपजिलाधिकारी से सर्दी का हवाला देते हुए अतिरिक्त समय देने की मांग की। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि मानवीय दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए कब्जाधारियों को तीन से चार दिन की और मोहलत प्रदान की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित



समयावधि के बाद अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की जाएगी। यह भी उल्लेखनीय है कि नगरपालिका एवं प्रशासन द्वारा पूर्व में कई बार आवास खाली कराने के प्रयास किए गए, लेकिन हर बार किसी न किसी कारणवश कार्रवाई अधूरी रह जाती है। बुल्डोजर व अन्य संसाधनों के साथ प्रशासन मौके पर पहुंचता है, परंतु अवैध कब्जे हटाने का मामला जस का तस बना रहता है। अब देखना यह है कि दी गई नई मोहलत के बाद प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करता है या एक बार फिर मामला टल जाता है।

# हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल द्वारा रामग. ंगा विहार मुरादाबाद स्थित मुख्यालय पर सम्पन्न हुई जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने तथा संचालन जिला महासचिव दीपक कपूर ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश एडवोकेट संघर्ष समिति लंबे समय से हाईकोर्ट बेंच की मांग कर रही है।

उन्होंने कहा कि यह मांग किसी एक वर्ग या जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता से जुड़ी है। आगरा, मेरठ, संभल और मुरादाबाद जैसे जिलों से इलाहाबाद जाकर मुकदमों की पैरवी करना आम लोगों के लिए मुश्किल होता है। इसमें समय और धन दोनों बर्बाद होते हैं, साथ ही यात्रा में कई अन्य परेशानियां भी आती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग दशकों पुरानी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में कुल लंबित मुकदमों में 63 प्रतिशत से अधिक पश्चिमी यूपी के हैं। यहां 10 लाख 33 हजार से ज्यादा केस पेंडिंग हैं। बैठक में सम्बोधित करते हुए जिला महासचिव दीपक कपूर ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आम जनता को सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस मांग को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 22 जिलों और तहसील बार एसोसिएशनों के अधिवक्तागण, विभिन्न राजनैतिक, गैर राजनैतिक संगठन और आम जनता आंदोलनरत रही है फिर भी कोई समाधान नही निकला है उन्होंने विभिन्न व्यापारिक संगठन, राजनैतिक, गैर राजनैतिक और सामाजिक संगठनों से भी इस बंद को सफल बनाने में सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गोयल, प्रान्तीय कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश अग्रवाल, महासचिव दीपक कपूर, उपाध्यक्ष भावेश शर्मा, सचिव वीरभान सिंह, सुनील शर्मा, मीडिया सचिव मोहित शर्मा, अनुज विश्नोई आकाश विश्नोई, विवेक निर्मल, मनोज शर्मा, संजू गौतम, ओमकार शर्मा आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### कृषि विभाग की तालाब योजना अंतर्गत चल रहा तालाब की खुदाई का कार्य



**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है जिसमें एक मतस्य पालन हेतु तालाब योजना भी शामिल हैं जिसके अंतर्गत किसान अपनी जमीन में तालाब खुदवाकर मछली पालन कर लाभान्वित हो रहे हैं। ब्लाक बनिया खेड़ा अंतर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में किसान किशनलाल यादव द्वारा अपने खेत में मत्स्य पालन हेतु तालाब निर्माण कार्य कराया जा रहा है। तालाब निर्माण के सम्बन्ध में कृषि विभाग में तैनात तकनीकी सहायक आशीष शर्मा ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा मत्स्य पालन हेतु तालाब योजना में तालाब बनबाने के लिए किसान को अपनी जमीन के डाक्यूमेंट्स के साथ रजिस्ट्रेशन कराना होता है उसके बाद विभागीय अधिकारियों द्वारा जमीन का निरीक्षण कर वैरीफिकेशन किया जाता है। भूमि का सत्यापन हो जाने पर किसान का चयन तालाब निर्माण के लिए हो जाता है। जिसमें बीस मीटर चौड़ाई, बाईस मीटर लम्बाई तथा तीन मीटर तालाब की गहराई होती है। तालाब निर्माण में एक लाख पांच हजार रुपए की लागत विभाग द्वारा निर्धारित होती है जिसमें पचास प्रतिशत बावन हजार पांच सौ रुपए किसान को सरकारी अनुदान दिया जाता है। पचास प्रतिशत पैसा किसान को वहन करना होता है। पैगारफातपुर निवासी किसान किशनलाल यादव का चयन इस योजना में हुआ है और इनके द्वारा तालाब निर्माण के लिए खुदाई का कार्य कराया जा रहा है।

### 18 माह से बेटी का पता नहीं दे रहे ससुराल वाले

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** अट्ठारह माह से एक पिता को बेटी के ससुराल वाले बेटी का पता नहीं दे रहे हैं। पिता अपनी बेटी भागवती की ससुराल थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रीठ में आता है और बेटी नहीं मिलने पर निराश होकर लौट जाता है। तेजपाल पुत्र छोटे लाल निवासी गांव पथरा थाना रहरा जिला अमरोहा ने थाना कुढफतेहगढ में मंगलवार को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें बताया गया है कि उसने चार वर्ष पूर्व अपनी पुत्री भागवती की शादी थाना कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांव रीठ में संजय पुत्र मुकेश के साथ की थी। अट्ठारह माह पहले दामाद संजय काम करने के बहाने से बेटी को साथ ले गया। तब से बेटी से सम्पर्क नहीं हो पा रहा है। गांव रीठ में बेटी के घर जाने पर बेटी के ससुराल वाले बेटी के बारे में कोई जानकारी नहीं दे रहे हैं। न्यायालय में विचाराधीन एक मुकदमा में बेटी को बयान हेतु उपस्थित होना जरूरी है परन्तु ससुराल वाले बेटी व दामाद के बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे रहे हैं। परेशान होकर पिता तेजपाल निवासी पथरा थाना रहरा, अमरोहा ने थाना कुढफतेहगढ में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।



# डीआरएम कार्यालय पर आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में हिंदी के अधिक प्रयोग पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के मनन सभागार में मंगलवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मंडल स्तर पर कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी पारितोष गौतम ने की। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक एस.पी. तिवारी, सहायक कार्मिक अधिकारी एवं राजभाषा अधिकारी ज्ञान प्रकाश सिंह चौहान सहित मंडल की सभी शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन पारितोष गौतम ने कहा कि कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को कंप्यूटर और डिजिटल माध्यमों पर और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां भी संभव हो, पत्राचार, नोटिंग, रिपोर्ट एवं अन्य दस्तावेजों में हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए, ताकि राजभाषा नीति के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति हो सके।बैठक में यह भी बताया गया कि मंडल के राजभाषा अनुभाग द्वारा पूरे वर्ष राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यालयीन कार्यों में इसके प्रयोग को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम, कार्यशालाएं, समीक्षा बैठकें एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन गति. विधियों का उद्देश्य कर्मचारियों में हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दैनिक कार्यों में इसके प्रयोग को सहज बनाना है।

अधिकारियों ने राजभाषा से संबंधित प्रगति की समीक्षा की और आगामी समय में हिंदी के प्रयोग को और अधिक प्रभावी बनाने पर सहमति व्यक्त की। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

# टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग में एयरवे अवेंजर्स के सिर सजा ताज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग-टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट पहली बार आईपीएल की तर्ज पर हुआ। बोलियां लगी और खिलाड़ी बिके, लेकिन खास बात यह रही कि टीएमपीएल का यह ऑक्शन वर्चुअली रहा। इस नीलामी में ऑलराउंडर शिवा सोलंकी और शान्तनु तोमर सर्वाधिक मंहगे बिके। इन मुकाबलों में मेडिकल स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टीज ने भी अपना हुनर दिखाया।

नौ दिनी इस लीग में पांच टीमों के बीच कुल 14 मैच हुए। टीएमयू के क्रिकेट मैदान पर हुए अंतिम मुकाबले में टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने टीएमयू टॉक्सिन को आठ विकेट से एकतरफा मात दी। समापन समारोह में तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. आरके कौल, डॉ. आरिफ वकार, डॉ. शाहबाज आलम, डॉ. अरसद, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. आक. ाश गांधी आदि मौजूद रहे। टॉस जीतकर एयरवे अवेंजर्स के कप्तान डॉ. अंकुर सिंह ने बॉलिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टॉक्सिन की टीम



निर्धारित 20 ओवर में 167 रनों पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने 18 ओवर में ही 02 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एयरवे अवेंजर्स के ऑलराउंडर डॉ. स्नेहिल देवडिया ने 35 बॉल्स पर 42 रन ठोककर 05 विकेट भी चटकाए। इस शानदार प्रदर्शन के बूते डॉ. स्नेहिल को मैन ऑफ दी मैच के संग-संग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट भी चुना गया। बल्लेबाज डॉ. रजत जून ने सर्वाधिक 48 गेंदों में 82 रनों की जबरदस्त पारी खेली। डॉ. जून ने अपनी पारी में 06 छक्के और 04 चौके भी जड़े। टीएमयू टॉक्सिन की ओर से डॉ. आमिर शेख की कप्तानी में डॉ. सिमरन सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। डॉ. सिमरन ने 06 मुकाबलों में 180 रन बनाए और 09 विकेट भी चटकाए। एम्पायर की भूमिका श्री चंद्रशेखर आदि ने निभाई।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकर्स के साथ बैठक संपन्न, ऋण संबंधी पत्रावलियों के निस्तारण में देरी पर जिलाधिकारी सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी क्षेत्र के बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत ऋण स्वीकृत करने की स्थिति के बारे में बैंकवार समीक्षा की तथा कहा कि किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत नियमानुसार प्राथमिकता से ऋण स्वीकृत किया जाएं ताकि उन्हें कृषि कार्यों में मदद मिल सके। सीएम युवा योजना में निजी क्षेत्र की बैंकों द्वारा रुचि न लिए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई तथा कहा कि निजी एवं राष्ट्रीकृत क्षेत्र की बैंकें विशेष रूचि लेते हुए सरकार की रोजगार परक योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने में भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है। बैंकें




अपनी जिम्मेदारी समझें और ऋण-पत्रावली के निस्तारण में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने ऋण संबंधी पत्रावलियों को निरस्त किए जाने की बैंकवार स्थिति की समीक्षा के दौरान स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए कि बिना पर्याप्त कारण के आवेदन पत्र किसी भी दशा में निरस्त नहीं होना चाहिए। ऋण स्वीकृति के उपरांत यथाशीघ्र आवेदक को ऋण की धनराशि प्राप्त हो जाए ताकि वे अपना रोजगार स्थापित कर सकें। मत्स्य पाल. कों के लिए संचालित किसान क्रेडिट कार्ड योजना की समीक्षा में भी बैंकों के स्तर से खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की बैंकवार स्थिति में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा सौर आधारित ऊर्जा स्रोत के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना संचालित की जा रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के सफल क्रियान्वयन में बैंक अपनी जिम्मेदारी दिखाएं ताकी आमजन इस योजना के उद्देश्य को समझें और अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की।

# टिमिट के एमबीए के 15 स्टूडेंट्स को 8 लाख की पैकेज पर शानदार जॉब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंडल व शहर के नामी गिरामी मैनेजमेंट कॉलेज टिमिट, टीएमयू ने अपने सभी एमबीए के छात्र-छात्राओं को कैरियर प्रदान करने के अपने वादे को पूरी तरह निभाया है और इस सत्र मैं भी संस्थान इसी दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।इस बार देश की नामी गिरामी कंपनियां केंपस प्लेसमेंट के लिए लगातार टिमिट-टीएमयू कैंपस में आ रही हैं और एमबीए के छात्र-छात्राओं को उच्च पैकेज पर शानदार जॉब ऑफर्स लगातार मिल रहे हैं इस उपलब्धि की वजह एमबीए का उत्तम सिलेबस, संस्थान में बहुत अनुभव फैकल्टी का होना, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, आईटी सर्विसेज और प्लेसमेंट टीम के शानदार और मजबूत कॉर्पोरेट संबंधों का होना है। हाल ही में नोएडा स्थित बहुप्रतिष्ठित कंपनी माइंड सीकर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने एमबीए के 15 होनहार छात्रों :अनमोल चौहान,




अर्पित सिंह रावत, मानवी भारद्वाज, मो. हित कुमार, प्रियांशु तिवारी, शिवि त्यागी, श्याम शर्मा, सिया नेगी, सौम्या कुमारी, सुयश सक्सेना, जुबेर आलम, गौरव विश्नोई, लवी शर्मा, प्राची यादव व कैफ रियाज का चयन किया है। सभी छात्र-छात्राओं को सेल्स स्ट्रेटिजेस्ट की पद पर कंपनी ने जॉब ऑफर प्रदान किया है। इन सभी होनहार विद्यार्थियों को कंपनी के नोएडा स्थित ऑफिस में नियुक्ति प्रदान की जा रही है। ये सभी कंपनी द्वारा आयोजित रिक्रूटमेंट ड्राइव के माध्यम से चयनित किए गए जिसमें ग्रुप डिस्कशन, इंटरव्यू, स्किल एसेसमेंट और पर्सनैलिटी एसेसमेंट हुआ ऑनलाइन एसेसमेंट टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा किया गया और चयनित विद्यार्थियों को जॉब ऑफर्स प्रदान किए गए.। इस अवसर पर संस्थान के डीन-फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट प्रो. (डॉ.) विपिन जैन ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि टिमिट छात्रों, कार्पोरेट जगत व अभिभावकों के प्रति अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाता रहेगा व गुण्वत्ता परक रोजगार परक शिक्षा के लिये हर संभव प्रयास करता रहेगा। टिमिट के छात्र छात्राओं को बेहतरीन प्लेसमेंट प्राप्त होने पर सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व आर्शीवाद दिया और कहा कि हमारे छात्र-छात्रायें वैश्विक स्तर पर टिमिट, टीएमयू का नाम रोशन करें और नई तकनीक व खोज दुनिया को प्रदान करें। इस अवसर पर कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के डायरेक्टर अरुण कुमार व डिप्टी डायरेक्टर आक. ाश भटनागर ने कम्पनी के अधिकारियों का धन्यवाद व्यक्त किया व विद्यार्थियों को कडी मेहनत व लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का मूलमंत्र प्रदान किया। विद्यार्थियों में बेहतरीन प्लेसमेंट पाकर उत्सव का माहौल है व अभिभावकों की प्रशंसा लगातार मिल रही है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 17 दिसम्बर 2025

# गिरता रुपया

मंगलवार को आखिरकार रुपया अब तक की सबसे बड़ी गिरावट के द्वार पर पहुंच ही गया। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले बराबर नीचे गिरते हुए 91 रुपये से ऊपर पहुंच गई है। दोपहर से पहले तो यह 91.14 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया। निश्चित रूप से यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के लिए कोई अच्छे संकेत नहीं हैं। हालांकि कुछ अर्थशास्त्री ऐसा भी मानते हैं कि कई बार पैसों की गिरावट अर्थव्यवस्था को मजबूत भी करती है, लेकिन ऐसा कम ही देखने को मिलता है। अक्सर देखने में आता है कि देश की साख ही वहां की मुद्रा की साख तय करती है और यह सबकुछ अर्थव्यवस्था पर ही टिका होता है। इस मायने से अगर देखें, तो भारत की अर्थव्यवस्था काफी दबाव में दिखाई देती है। ऐसा विपक्षी दल भी बराबर आरोप लगाते रहते हैं कि भारत का रुपया गर्त में जा रहा है और यह सब इसलिए हो रहा है कि विकास को गति नहीं मिल रही है और हमारा निर्यात नहीं बढ़ पा रहा है। हाल के महीनों में जिस तरह अमेरिका का रवैया भारत के प्रति रहा है वह भी निराश करने वाला है। ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो यह मानकर चल रहे हैं कि जिस तरह अमेरिका व्यापार के मामले में भारत के साथ अड़ियल रवैया अपना रहा है, भारत की मुद्रा का नीचे जाना उसका भी एक परिणाम है। भले ही भारत सरकार खुलकर स्वीकार न करे, लेकिन हकीकत यही है कि जिस तरह के प्रतिबंध टैरिफ के रूप में अमेरिका ने लगाए हैं, उनका असर अब दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति पीएम मोदी से कुछ अधिक ही नाराज दिखाई दे रहे हैं। यह अलग बात है कि वह विभिन्न मौकों पर पीएम मोदी की प्रशंसा करते नहीं थकते और अपना मित्र बताते हैं, लेकिन इसके साथ ही वह ऑपरेशन सिंदूर के मामले में बार-बार यह कहकर कि भारत-पाक के बीच युद्ध उन्होंने ही रुकवाया था, पीएम मोदी के सामने असहज स्थिति पैदा करते रहते हैं, क्योंकि जहां तक बात भारत की है भारत स्पष्ट कर चुका है कि भारत-पाक के बीच युद्ध रुकवाने में किसी तीसरे देश का कोई लेना-देना नहीं है। इसके साथ ही ट्रम्प इस बात को लेकर भी भारत से नाराज नजर आते हैं कि भारत रूस से तेल व अन्य सामान ले रहा है। अमेरिका की नजर में भारत का यह फैसला एक तरह से रूस द्वारा यूक्रेन में नरसंहार करने जैसा है। जहां तक बात भारत की है, उसने साफ कर दिया है कि वह अपनी व्यापार या अन्य कोई विदेश नीति किसी के कहने पर नहीं बनाएगा। अगर भारत के स्वाभिमान के रूप में जोकि बेहद जरूरी भी है देखें, तो हमें पैसे की गिरावट की ज्यादा परवाह नहीं करनी चाहिए, क्योंकि जब टकराव होता है और स्वाभिमान की बात आती है, तो छोटे-मोटे नुकसान की परवाह नहीं होती। अच्छी बात यही है कि अभी भी भारत-अमेरिका के बीच व्यापा. रिक मसलों को सुलझाने की बातचीत जारी है।

## मनरेगा का नाम बदलना सनक



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना(मनरेगा) का नाम बदलना मोदी सरकार की सनक का परिणाम है और ऐसा कर वह गरीबों के हक मार रही है, मनरेगा का नाम बदलने के पीछे की सच्चाई यह है कि मोदी सरकार रोजगार के कानूनी अधिकार को खत्म करना चाहती है, इस योजना से देश के गरीब से गरीब मजदूरों को रोजगार की गारंटी मिलती है, लेकिन मोदी सरकार को योजनाओं के नाम बदलने की सनक है, नाम बदलना इनकी सनक है और हर नाम को वह बदल रही है, सरकार जब भी नाम भी बदलती है तो सरकार का खर्च होता है। महात्मा गांधी देश के राष्ट्रपिता हैं और उनके नाम पर मनरेगा कानून में बड़ा बदलाव किया जा रहा है और इस योजना को कमजोर कर खत्म करने की योजना चल रही है।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव**

# प्रकृति ने कैंसर वापस करना शुरू कर दिया





**पवन सिंह**

मैं हमेशा अध्ययनों, रिसर्च रिपोर्ट, आंकड़ों, विश्लेषणों के आधार पर तथ्यात्मक लिखने का प्रयास करता हूं। विगत कुछ सालों में प्राकृतिक संसाधनों को लूट लेने की जो भयावह हवस मची है, वह खतरनाक हो चली है। दूसरी ओर, आम जनता ने भी चंद रुपयों के लिए अपनी आवाज, अपनी सोच को गिरवी रख दिया है और वह खामोश है। मीडिया पर संसाधनों को लूटने वाले गिरोह का कब्जा है। इन सबका समग्र परिणाम मानव जीवन का समय से पूर्व अंत हो जाना है। प्राकृतिक संसाधनों के डकैतों और उनके कुछ हजार आका, तो इस देश को एक दिन प्राकृतिक रूप से विकलांग बनाकर सभ्य देशों की ओर ठिकाना बना चुके होंगे और इधर बचेगी भयावह बीमारियों, बूंद-बूंद पानी को तरसती व भूख से लड़ती 95 प्रतिशत आबादी। आइए आज सच दिखाते हैं दिल्ली का। जहां कुछ हजार लाख सक्षम लोग एयर प्योरीफायर लगाकर अपने फेफड़े कुछ हद तक बचाए हुए हैं लेकिन शेष जनता एयर प्योरीफायर भी आखिर कब तक और कहां-कहां दिल्ली को आखिरकार कुछ ही सालों में कैंसर ने घेर लिया है और यह मैं नहीं कह रहा, जो रिपोर्ट्स मैंनै जुटाई हैं, वह कह रही हैं। दिल्ली पर कैंसर लगातार अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है। दिल्ली के एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी AQI की विगत कुछ सालों की रिपोर्ट्स को आप देखें तो पाएंगे कि अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से इस वायु गुणवत्ता की खराब क्वालिटी की गिरावट आरंभ होती है वह दीपावली के अगले ही दिन से सीधे 400 का खतरनाक स्तर छू लेती है और यह लगातार भयावह स्तर तक बढ़ता रहता है और बना रहता है। यह हालात लगभग चार माह तक बने रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट के ग्रीन दीपावली के एक सुझाव आदेश को दिल्ली के लोगों ने अपने फेफड़ों की ताकत से मसल दिया और सुप्रीम कोर्ट के बाहर जाकर जबरदस्त आतिशबाजी कर आए। बहुत अच्छा किया आपने लेकिन जो गैसें आपने खुद अपने, अपने बच्चों व बूढ़े मां-बाप की नाकों व फेफड़ों के सामने पैदा की हैं, वह सबसे पहले किसकी सांसों में प्रवेश करेंगी? जब आप आतिशबाजी करते हैं तो आप हवा में सल्फर डाइऑक्साइड SO2 छोड़ रहे होते हैं। यह फेफड़ों पर सीधा अटैक करता है और सांस की बीमारियों को बढ़ाता है। आप नाइट्रोजन ऑक्साइड यानी NO2 पैदा कर रहे होते हैं जो श्वसन संबंधी समस्याओं को बढ़ाता है। आप कार्बन मोनोऑक्साइड यानी CO पैदा कर रहे होते हैं जो रंगहीन, गंधहीन व एक बेहद जहरीली गैस है। यह गैस शरीर में ऑक्सीजन की कमी पैदा करती है। आप पार्टिकुलेट मैटर यानी PM 2.5 - PM 10 पैदा कर रहे होते है। यह हवा में मौजूद सूक्ष्म कण होते हैं जो फेफड़ों में गहराई तक जाकर सूजन पैदा करते हैं व गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकते हैं। आप पटाखे जला कर यहीं नहीं रुकते, आप भारी धातुएं जैसे- कैडमियम, सीसा, क्रोमियम व सबसे डरावनी धातु पारा, जैसी भारी धातुएं धुएं के साथ हवा में भर रहे होते हैं और वो अपने भीतर उतार रहे होते हैं। बेशक आप यह कह कर तसल्ली कर सकते हैं दो तीन दिनों में क्या होता है, लेकिन होता तो बहुत कुछ है, बस चूंकि तात्कालिक प्रसाद नहीं मिलता है, इसलिए हम सब हर फ्रिक को धुंए में उड़ाता चला गया, टाइप्स ले लेते हैं। आखिरकार इस साल दिल्ली के तमाम बड़े चिकित्सकों को चेतावनी जारी करनी पड़ी कि गर्भवती महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग। कुछ महीनों के लिए दिल्ली छोड़ दें। यह अच्छे संकेत नहीं हैं। दिल्ली पर कैंसर जबरदस्त हमला कर चुका है। दिल्ली और एनसीआर रीजन के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 0.74 वर्ष आयु वर्ग में हर 6 पुरुषों में एक को और हर 7 महिलाओं में एक को उसके जीवनकाल में कैंसर होने की आशंका है। यह राजधानी के वातावरण और प्रदूषण स्तर की भयावह तस्वीर पेश करती। फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के कार्यकारी निदेशक और इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर अतुल माथुर ने एक न्यूज चैनल को इंटरव्यू दिया था। बकौल डाक्टर माथुर आप प्रदूषण को दो तरह से बांट सकते हैं। एक है नाइट्रोजन ऑक्साइड जिसमें जैसी हानिकारक गैसें हैं और दूसरा कण पदार्थ यानी पार्टिकुलेट मैटर। ऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसें, और दूसरा है कण पदार्थ। जब यह कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो यह शरीर की धमनियों में सूजन पैदा करते हैं। यह वह मौसम है, जब कई तरह के वायरस फैलते हैं। उन्होंने आगे चेतावनी दी कि व्यापक वायरल गतिविधि से ग्रस्त मौजूदा मौसम स्वास्थ्य जोखिमों को बढ़ा सकता है। सलाह यह है कि बाहर कम निकलें और हल्के मास्क पहनें। दिसम्बर, 25 के अंतिम सप्ताह में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सीपीसीबी की एक और भी डरावनी रिपोर्ट आई जिसके अनुसार दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई बढ़कर 497 हो गया। दिल्ली में वायु प्रदूषण, खासकर PM 2.5 कणों के कारण, फेफड़ों के कैंसर का एक बड़ा जोखिम है, जो धूम्रपान न करने वालों को भी डस रहा है। यह डीएनए तक को नुकसान पहुंचा रहा है और कोशिकाओं में उत्परिवर्तन कर रहा है। इससे कैंसर का खतरा बढ़ रहा है और श्वसन व हृदय रोग बढ़ रहे हैं। PM 2.5 के बेहद छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जाते हैं और खून में मिल जाते हैं। यह कण कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुंचाते हैं, जिससे कोशिकाओं में बदलाव आता है, जो कैंसर का कारण बन जाता है। प्रदूषण से शरीर में सूजन बढ़ती है, जो इन उत्परिवर्तित कोशिकाओं को जागृत कर ट्यूमर बनाने में मदद कर सकती है। यही कारण है कि प्रदूषण के कारण फेफड़ों के कैंसर का खतरा धूम्रपान न करने वालों के लिए भी बढ़ गया है। अस्थमा और COPD क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज अब दिल्ली में एक बड़ी बीमारी हो चुकी है। आपको AQI का स्तर भी बता दूं 0-50 सबसे अच्छी वायु, 51-100 मध्यम वायु गुणवत्ता, 101-150 संवेदनशील और हानिक. ारक स्तर, 151-200 खतरनाक स्तर, 201-300 बहुत ही ज्यादा खतरनाक, 301-500 भयावह व जानलेवा स्तर और हम इसी स्तर को जी रहे हैं। चूंकि ऐसा कोई पैमाना नहीं है कि मृत्यु का कारण प्रदूषण लिख सकें, इसलिए हम सब खामोश रहते हैं। जबकि मृत्यु के मुख्य कारकों में प्रदूषण है। दिल्ली और दिल्ली जैसे बड़े शहरों में 2015 से 2024 के बीच 10 साल में कैंसर के मामले 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गए हैं जबकि अकेले दिल्ली में कैंसर के मामलों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है। यह सारी जानकारी केंद्र सरकार की ओर से संसद में दिए गए डेटा में सामने आई है। भारत में प्रति एक लाख आबादी पर कैंसर की दर 98.5 है। यानी, भारत में एक लाख लोगों में से हर साल औसतन 98 या 99 नए कैंसर मरीज सामने आ रहे हैं। इस हिसाब से भारत में हर साल कैंसर के 14.13 लाख नए मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में कैंसर के 15.33 लाख से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं। 2015 में 13.88 लाख मामले सामने आए थे। वर्ष, 2015 में दिल्ली में कैंसर के 19,168 मामले सामने आए थे, जिनकी संख्या 2024 में बढ़कर 28,387 हो गई। दीपावली के दौरान दिल्ली में विगत कुछ सालों से प्रदूषण साक्षात मौत जैसा बढ़ रहा है चूंकि वह फौरी तौर पर नुकसान नहीं पहुंचा रहा लेकिन कुछ ही सालों में वह शरीर पर हमला कर रहा है। दीपावली के दौरान AQI श्रेणी 300-500 तक पहुंच जाता है, जिसमें PM 2.5 के स्तर में भारी उछाल यहां तक कि कभी-कभी 675 -g/m³ या उससे भी ऊपर चला जाता है जो सामान्य स्तर से कई गुना ज्यादा होता है। पटाखों के इस्तेमाल और स्थिर मौसम के कारण लाखों टन जहरीली गैसें वापस फेफड़ों में चली जाती हैं। दिल्ली तो कैंसर की सेज पर बैठ चुकी है और अन्य राज्य भी कम पीछे नहीं हैं। दूसरी ओर जंगल और पहाड़ों की लूट इस देश का चेहरा सोमालिया जैसा बना कर रख देंगे। लाखों-करोड़ों लोग मारे जाएगे और औसत आयु 60-65 तक या और उससे नीचे चली जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सांपों ने अपनी टांगें कैसे गंवाई

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवतः उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# गुदगुदी कहां से नियंत्रित होती है



हमें, और खासकर छोटे बच्चों को, गुदगुदी का खेल पसंद आता है। लेकिन गुदगुदी, खेल-मनोरंजन या स्तनधारियों के ऐसे ही सकारात्मक व्यवहारों को बहुत कम समझा गया है। इसके विपरीत आक्रामकता या डर जैसे व्यवहारों को समझने के लिए काफी अध्ययन हुए हैं। हम्बोल्ट विश्वविद्यालय के तंत्रिका विज्ञानी माइकल ब्रेख्त की रुचि यह समझने में थी कि खेल के सुखद अहसास कहां से आते हैं। पूर्व में देखा जा चुका था कि कुछ कृंतकों को मनोरंजन पसंद होता है। और यदि वे अच्छे मूड और अनुकूल महौल में हैं तो गुदगुदी का आनंद लेते हैं, और इंसानों की हंसी के समान उच्च आवृत्ति की आवाजें निकालते हैं। न्यूरॉन में प्रकाशित हालिया अध्ययन के मुताबिक शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इस आनंद के लिए जिम्मेदार क्षेत्र की पहचान कर ली है।

पूर्व अध्ययन बताते हैं कि चूहों में चेतना और अन्य उच्च श्रेणि के व्यवहार के लिए जिम्मेदार मस्तिष्क का क्षेत्र (कॉर्टेक्स) पूरा नष्ट हो जाने के बाद भी वे खेलकूद जारी रखते हैं। इससे पता चलता है कि डर की तरह खेल द्धया मनोरंजनऋ भी नैसर्गिक है। कुछ अध्ययन बताते हैं कि पेरिएक्वाडक्टल ग्रे (पीएजी) नामक एक संरचना की भी इसमें भूमिका हो सकती है जो ध्वनि, 'लड़ो-या-भागो' प्रतिक्रिया और अन्य व्यवहारों में भूमिका निभाती है। जब चूहे एक-दूसरे के साथ लड़ाई-लड़ाई खेलते हैं तो वे भय और आक्रामकता जैसा व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। इसलिए ब्रेख्त को लगा कि पीएजी या मस्तिष्क का ऐसा ही कोई क्षेत्र मनोरंजन में भागीदार हो सकता है। वे अपने पूर्व अध्ययन में देख चुके थे कि चूहे इंसानों की तरह पेचीदा खेल खेल सकते हैं। उनकी टीम कृंतकों को लुका-छिपी खेलना भी सिखा चुकी थी। खेल के शुरू में चूहे को एक बक्से में बंद कर शोधकर्ता कमरे में कहीं छिप गए। फिर रिमोट कंट्रोल की मदद से बक्सा खोलने पर चूहे ने बाहर आकर शोधकर्ता को 'ढूंढना' शुरू किया। जब चूहे ने छुपे हुए शोधकर्ता को ढूंढ लिया तो उसे गुदगुदी के रूप में पुरस्कार मिला। चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया। इससे लगता है कि विनोदभाव के लिए चूहों में पीएजी जिम्मेदार है। इसकी पुष्टि के लिए शोधकर्ताओं ने पीएजी के उस हिस्से की तंत्रिकाओं को एक रसायन की मदद से शांत कर दिया। इसके बाद गुगगुदी करने पर चूहे नहीं हंसे और उनकी इंसानों और खेल में रूचि भी जाती रही। इससे लगता है कि गुदगुदी और खेल में पीएजी की महत्वपूर्ण भूमिका है। ये नतीजे और भी महत्वपूर्ण इसलिए लगते हैं क्योंकि यह देखा जा चुका है कि जब कुछ चूहों को खेलने से वंचित कर दिया जाए तो वे मायूस हो जाते हैं, रिश्ते बनाने में असफल रहते हैं और तनावपूर्ण स्थितियों में कम लचीले हो जाते हैं। यह भी देखा गया है कि खेल की कमी से मस्तिष्क का विकास भी रुक जाता है। आगे ब्रेख्त यह देखना चाहते हैं कि पीएजी की खेल के अन्य पहलुओं, जैसे नियमों का पालन करने के व्यवहार में क्या भूमिका है। उनका अवलोकन था कि लुका-छिपी खेल में यदि मनुष्य बार-बार एक ही जगह छिपें या ठीक से छिपने में विफल रहें तो चूहों ने खेल में रुचि खो दी थी। उम्मीद है कि इस काम से सकारात्मक भावनाओं को समझने की दिशा में अधिक काम होगा और चिंता व अवसाद से पीड़ित रोगियों के लिए प्रभावी उपचार विकसित करने में मदद मिलेगी।

स्रोत फीचर्स

**चूहों को भी छिपने का अवसर दिया गया था, और देखा गया कि चूहे छिपने की काफी नई-नई जगहें ढूंढ लेते हैं। अपने अनुमान-खेल में पीएजी की भूमिका-की जांच के लिए ब्रेख्त की टीम ने पहले तो यह सुनिश्चित किया कि चूहे अपने अनुकूल और सहज माहौल में रहें। चूहों को मद्धम रोशनी वाली जगह सुहाती हैं, तेज रोशनी वाली और ऊंची जगहों पर वे परेशान होते हैं। इसके बाद शोधकर्ताओं ने उनके साथ 'हाथ पकड़ो' खेल खेला। जब चूहे उनके हाथ तक पहुंच जाते थे तो शोधकर्ता उनकी पीठ और पेट पर गुदगुदी करते थे। गुदगुदी करने पर चूहे खुश होते थे और 'खिलखिलाते' थे। शोधकर्ताओं ने चूहों के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड लगाकर उनके मस्तिष्क की गतिविधि की निगरानी की और अल्ट्रासोनिक माइक्रोफोन से उनकी हंसी भी रिकॉर्ड की। पाया गया कि चूहे मनुष्यों के सुनने की क्षमता से बहुत अधिक आवृति पर 'हंसते' हैं। और, जब चूहे हंस रहे थे और खेल में व्यस्त थे तो उनके पीएजी के एक विशिष्ट क्षेत्र में हलचल देखी गई। इसके विपरीत जब चूहों को असहज जगह पर बैठाकर गुदगुदी की तो उन्होंने हंसना बंद कर दिया व उनके पीएजी का सक्रिय हिस्सा शांत हो गया।**



नई दिल्ली। 'मनरेगा' योजना का नाम बदलने के विरोध में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करते विपक्षी सांसद।

## हडसन को मिलेगा कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड का स्पॉटलाइट अवॉर्ड

**वॉशिंगटन।** अभिनेत्री केट हडसन को प्रतिष्ठित कास्ट्यूम डिजाइनर्स गिल्ड (सीडीसी) स्पॉटलाइट अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है। वेरायटी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह पुरस्कारं उन कलाकारों को दिया जाता है, जिन्होंने अपने करियर में प्रतिबद्धता के साथ लगातार बेहतरीन काम किया हो और जिन्हें कहानी कहने में कॉस्ट्यूम डिजाइन की अहम भूमिका की गहरी समझ हों। स्पॉटलाइट अवॉर्ड उन कलाकारों को सम्मानित करता है, जो पर्दे पर किरदारों को यादगार बनाने और जीवंत करने में कॉस्ट्यूम डिजाइनरों को आवश्यक सहयोगी मानते हैं।

# मोदी ने भारत और जॉर्डन सहयोग की सराहना की

## भारत-जॉर्डन साझेदारी को 'सार्थक विस्तार' बताया, पांच प्रमुख समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**अम्मान।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जॉर्डन की अपनी राजकीय यात्रा के दौरान पांच समझौतों पर हस्ताक्षर होने पर इनकी सराहना करते हुए इसे भारत-जॉर्डन साझेदारी का 'सार्थक विस्तार' बताया।

दोनों देशों के बीच जिन पांच समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, उनमें नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में तकनीकी सहयोग, जल संसाधन प्रबंधन और विकास में सहयोग, विरासत संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पेट्रा और एलोरा के बीच एक समझौता 2025-2029 के लिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के नवीनीकरण से संबंधित समझौते शामिल हैं। जिससे लोगों के आपसी संपर्क को और बढ़ावा किया जाएगा और डिजिटल परिवर्तन के लिए भारत के सफल डिजिटल समाधानों को बड़े पैमाने पर



■ ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं

साझा करने से संबंधित समझौता किया गया है। प्रधानमंत्री ने इस दौरे के महत्व पर कहा कि ये समझौते भारत-जॉर्डन संबंधों की बढ़ती गहराई और व्यापकता को दर्शाते हैं। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग स्वच्छ विकास, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु जिम्मेदारी के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि जल संसाधन प्रबंधन में सहयोग से हमें संरक्षण, दक्षता और प्रौद्योगिकी से जुड़ी सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करने का अवसर मिलेगा, जिससे दोनों देशों के लिए दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित होगी। मोदी ने कहा कि पेट्रा और एलोरा के बीच समझौता शैक्षणिक आदान-प्रदान, विरासत संरक्षण और पर्यटन संवर्धन के नए अवसर खोलेगा, जबकि सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का नवीनीकरण भारत और जॉर्डन के लोगों के बीच गहरे संबंधों को बढ़ावा देगा। भारत के डिजिटल नवाचारों को साझा करने से जॉर्डन के डिजिटल परिवर्तन को समर्थन मिलेगा और समावेशी शासन को प्रोत्साहन मिलेगा।

### जॉर्डन दौरे पर मोदी के लिए खास सम्मान, क्राउन प्रिंस खुद ड्राइव कर म्यूजियम ले गए

**अम्मान।** जार्डन की आधिकारिक यात्रा के दौरान मंगलवार को पीएम मोदी को खास सम्मान दिया गया। क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला ने खुद गाड़ी चलाकर प्रधानमंत्री मोदी को जार्डन म्यूजियम तक ले गए। इससे पहले मोदी भारत-जार्डन बिजनेस फोरम की बैठक में शामिल हुए। इसमें उन्होंने कहा कि भारत की विकास दर 8 प्रतिशत से ज्यादा है। यह बेहतर शासन और इनोवेशन पर आधारित नीतियों का नतीजा है। मोदी कल शाम जार्डन पहुंचे थे।

# तेलंगाना से जुड़े ऑस्ट्रेलिया हमले के तार

## बान्डी बीच पर अटैक का आरोपी साजिद हैदराबाद का था निवासी

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया में 14 दिसम्बर को सिडनी के बान्डी बीच पर यहूदी लोगों पर हमला करने वाला आतंकी साजिद अकरम भारत का था। 50 साल का साजिद मूल रूप से तेलंगाना के हैदराबाद का रहने वाला था। उसने हैदराबाद से बीकॉम किया और स्टूडेंट वीजा पर नौकरी की तलाश में नवम्बर 1998 में आस्ट्रेलिया चला गया। बाद में उसने यूरोपीय मूल की महिला वेनेरा ग्रोसो से शादी की और वहीं स्थायी रूप से बस गया। साजिद के पास अब भी भारतीय पासपोर्ट था।

आतंकी हमले में शामिल साजिद का बेटा नवीद अकरम (24 वर्षीय) आस्ट्रेलियाई नागरिक हैं। साजिद की एक बेटी भी है। तेलंगाना पुलिस के मुताबिक 1998 से पहले भारत में साजिद के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड भी नहीं है। आतंकी हमले में 16 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हैं। आतंकी साजिद भी पुलिस की फायरिंग में मारा गया, जबकि उसका बेटा घायल है। हमलावर बाप-बेटों ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच पर हनुक्का त्योहार के दौरान यहूदियों पर गोलीबारी की थी।

भारत में मौजूद साजिद के रिश्तेदारों के मुताबिक, पिछले 27 सालों में साजिद का परिवार से संपर्क बहुत कम रहा। वह आस्ट्रेलिया जाने के बाद छह बार भारत आया। इसके पीछे संपत्ति और बुजुर्ग माता-पिता से जुड़े पारिवारिक कारण थे। एक रिपोर्ट के मुताबिक साजिद आखिरी बार 2022 में भारत आया था। बताया गया है कि वह अपने पिता के निधन के समय भी भारत नहीं आया। परिवार का कहना है



■ तेलंगाना पुलिस बोली: 27 साल पहले देश छोड़ा, आखिरी बार 2022 में भारत आया

कि उन्हें साजिद या नवीद के कटरपंथी विचारों या गतिविधियों की कोई जानकारी नहीं थी। इससे पहले सीएनएन ने फिलीपींस के अधिकारियों के हवाले से बताया था कि साजिद अकरम अपने बेटे नवीद के साथ पिछले महीने 1 नवम्बर को फिलीपींस गया था। इस दौरान साजिद ने इंडियन जबकि उसके बेटे ने आस्ट्रेलियन पासपोर्ट का इस्तेमाल किया था। वो लोग एक महीने से हमले की तैयारी कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक दोनों फिलीपींस के दावो शहर गए थे। दावो फिलीपींस के दक्षिण हिस्से में मिंडानाओ द्वीप पर है। मिंडानाओ में फिलीपींस की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी रहती है। यह इस्लामी उग्रवादी और विद्रोही संगठन का गढ़ माना जाता है। ये समुदाय अलग देश बनाने की मांग करते हैं। इसके अलावा आतंकियों की गाड़ी से इस्लामिक स्टेट के दो झंडे बरामद हुए थे, जिससे उनके आईएसआईएस से जुड़े होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आस्ट्रेलिया में हजारों लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने स्मारकों पर पहुंच रहे हैं। सिडनी आतंकी हमले में 3 भारतीय छात्र भी घायल हो गए हैं।

शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, कम से कम दो छात्र इस समय अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस के मुताबिक, 50 साल के हमलावर साजिद अकरम के पास लाइसेंसी बंदूक थी, जिसका इस्तेमाल वह शिकार के लिए करता था। एनएसडब्ल्यू पुलिस कमिश्नर मल लैनयन ने कहा कि साजिद अकरम एक गन क्लब का सदस्य था और राज्य के कानून के तहत उसके पास लाइसेंस था। साजिद अकरम के पास कानूनी रूप से 6 बंदूकें थीं। गोलीबारी के लिए निकलने से पहले बाप-बेटे ने अपने परिवार को कहा था कि वह मछलियां पकड़ने जा रहे हैं। अकरम अपने परिवार के साथ एक किराए के घर में रहता था। हमले के बाद पुलिस ने इस मकान पर छापेमारी की। रिपोर्ट के मुताबिक साजिद अकरम फलों की दुकान चलाता था। प्रधानमंत्री ने अस्पताल में आस्ट्रेलियाई हीरो कहे जाने वाले अहमद अल अहमद से मुलाकात की और कहा कि उस व्यक्ति से मिलना बहुत बड़ा सम्मान था जिसने बोंडी के हमलावरों में से एक पर घात लगाकर हमला किया और उससे राइफल छीन ली।

### आईएस से प्रेरित थी बान्डी बीच पर हुई यहूदी विरोधी सामूहिक गोलीबारी: अल्बनीज

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर सामूहिक गोलीबारी में 16 लोगों की मौत के बाद आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा है कि यह हमला आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) की विचारधारा से प्रेरित था। समाचार एजेंसी एएफपी और बीबीसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अल्बनीज ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था। यह बात उन्होंने आस्ट्रेलियन ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) के सिडनी चौनल को दिए गए एक रेडियो इंटरव्यू में कही, जिसके अंश उनके कार्यालय ने समाचार एजेंसियों के साथ साझा किए। उन्होंने इस हमले को 'सुनियोजित, योजनाबद्ध और बेहद बर्बर' बताया। अल्बनीज ने कहा कि अब तक की जांच से संकेत मिलता है कि दो हमलावरों (जो पिता और बेटे की जोड़ी थे) ने अकेले ही इस वारदात को अंजाम दिया। एएफपी की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्बनीज ने कहा कि यह वह विचारधारा है जो एक दशक से ज्यादा समय से मौजूद है, जिसने नफरत की सोच को जन्म दिया और इसने बड़े पैमाने पर हत्या करने की मानसिकता पैदा की।

## भारत-चीन शिपकी-ला दर्रे से फिर शुरू करेंगे व्यापार

**नई दिल्ली/शिमला।** भारत और चीन शिपकी-ला दर्रे के माध्यम से सीमा-पार व्यापार फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रलय ने हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिले में स्थित शिपकी-ला के माध्यम से व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए औपचारिक मंजूरी दे दी है। अगले साल जून से इस व्यापार के शुरू होने की उम्मीद है।

इस कदम को दोनों एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक महत्वपूर्ण विश्वास-निर्माण उपाय के रूप में देखा जा रहा है, जिनकी लंबी और संवेदनशील सीमा 20वीं सदी के मध्य से व्यावसायिक आदान-प्रदान के लिए अधिकांश बंद ही रही है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद, किन्नौर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। उपायुक्त डा. अमित कुमार शर्मा ने सोमवार को शिपकी-ला व्यापार प्राधिकरण से जुड़े विभागों और हितधारकों की एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 'शिपकी-ला-नामगिया सेक्टर' में सड़क संपर्क, सीमा शुल्क बुनियादी ढांचा, सुरक्षा प्रोटोकॉल, चिकित्सा और आपातकालीन सेवाएं तथा अंतर-विभागीय समन्वय सहित महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान कें.

■ विदेश मंत्रालय ने औपचारिक मंजूरी दी शुरुआत अगले साल जून से होने की उम्मीद

द्रित किया गया। अधिकारियों के अनुसार, व्यापारी पंजीकरण पूह के तहसीलदार द्वारा किया जाएगा और व्यापार पास केवल गहन सत्यापन के बाद ही जारी किए जाएंगे।

आवेदकों को पहचान प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पिछले व्यावसायिक रिकॉर्ड और पासपोर्ट आकार के फोटो जमा करने होंगे। व्यापार सख्ती से भारत सरकार द्वारा अधिसूचित वस्तुओं तक सीमित रहेगा, जिसमें किसी भी विचलन की अनुमति नहीं होगी। दर्रे पर सुरक्षा व्यवस्था की संयुक्त रूप से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और स्थानीय पुलिस द्वारा निंगरानी की जाएगी, जबकि सीमा शुल्क विभाग शिपकी-ला सीमा शुल्क स्टेशन पर आवश्यक कर्मचारियों को तैनात करेगा। निर्यात और आयात वाले दोनों खेपों के लिए माल का व्यापक निरीक्षण अनिवार्य होगा। भारत और चीन हजारों किलोमीटर की सीमा साझा करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा तिब्बती पठार के साथ-साथ है।

## मैक्सिको में इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश, 7 लोगों की मौत

**मैक्सिको।** मेक्सिको में मंगलवार को इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान एक प्राइवेट जेट दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई और 3 लापता हैं। हादसे का शिकार हुआ प्राइवेट प्लेन सोमवार को अकापुल्को से तोलुका एयरपोर्ट जा रहा था। इसी दौरान प्लेन में तकनीकी खराबी आ गई और इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान सैन मातेओ एटेंको इलाके में एक फैक्ट्री से टकरा गया। फैक्ट्री की मेटल छत से टकराया विमान ने एक फुटबाल ग्राउंड पर लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन पास की एक फैक्ट्री की मेटल छत से टकरा गया, जिससे आग लग गई। आग बुझाने के लिए इलाके के करीब 130 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। शुरुआती रिपोर्ट्स में इंजन में खराबी होने की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्लेन में 8 पैसेंजर्स और 2 क्रू मेंबर सवार थे। अब तक 7 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। अन्य तीन की तलाश जारी है। मेक्सिको के सिविल प्रोटेक्शन कोआर्डिनेटर एड्रियन हर्नांडेज ने दुर्घटना के बारे में जानकारी दी। हादसा मेक्सिको सिटी से लगभग 50 किलोमीटर पश्चिम में स्थित सैन माटेओ एटेंको में हुआ, जो एक इंडस्ट्रियल एरिया है।

## चीन ने तैयार किया 55 टन वजनी हाईटेक बैटल टैंक

**बीजिंग।** चीन ने अपने पुराने बैटल टैंक 99 का अपग्रेडेड और मॉडर्न वर्जन टाइप-99बी तैयार किया है। यह खास तौर पर ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई के लिए तैयार किया गया है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, यह टैंक भारत के हिमालय से लगने वाले बॉर्डर पर तैनात किया जा सकता है। टाइप-99बी, चीन के पुराने टाइप-99 टैंकों का नया वर्जन है। इसे सितंबर 2025 में बीजिंग में हुई विक्ट्री डे परेड में पहली बार दिखाया गया था। 99-बी को विभिन्न इलाकों में परीक्षण के दौरान इसकी ड्राइविंग क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम और लाइव-फायर अभ्यास के जरिए परखा गया। टैंक की

■ ऊंचाई वाले इलाकों और बेहद ठंडे मौसम में लड़ाई में सक्षम भारत से लगी सीमा पर होगी तैनाती

सबसे बड़ी खासियत इसकी आधुनिक कमांड, कंट्रोल और कम्युनिकेशन क्षमता है। इसके फायरपावर और इन्फॉर्मेशन बेस्ड सिस्टम पहले से कहीं ज्यादा उन्नत हैं। यह टैंक कठिन और खतरनाक परिस्थितियों में भी युद्ध कर सकता है। चीन का दावा है कि टाइप-99बी तेज और लंबे समय तक लड़ाई करने में सक्षम है और इसे खास तौर पर तिब्बत के पठार और भारत-चीन सीमा के लिए डिजाइन किया गया है। टाइप-99बी तीसरी पीढ़ी का मेन बैटल टैंक है।

# ट्रम्प ने बीबीसी के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

## अमेरीकी राष्ट्रपति ने 10 अरब डॉलर का हर्जाना मांगा, मानहानि का लगाया आरोप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को बीबीसी के खिलाफ 10 अरब अमेरिकी डालर के हर्जाने की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। उन्होंने ब्रिटिश प्रसारक पर मानहानि करने के साथ-साथ भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का आरोप लगाया है।

बीबीसी पर 33 पन्नों के इस मुकदमे में राष्ट्रपति ट्रम्प की झूठी, मानहानिकारक, भ्रामक, अपमानजनक, भड़काऊ और दुर्भावनापूर्ण तस्वीर प्रसारित करने का आरोप लगाया गया है। इसमें इसे 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने और उसे प्रभावित करने की खुली को. शिश बताया गया है। ट्रम्प का कहना है कि बीबीसी ने छह



■ ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था

जनवरी 2021 को दिए गए उनके भाषण के दो पूरी तरह से अलग-अलग हिस्सों को जोड़कर प्रसारित किया, ताकि उनकी कही बातों का अर्थ जानबूझकर गलत तरीके से पेश किया जा सके। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पहले भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी थी। जिसके बाद पिछले महीने बीबीसी ने छह जनवरी के भाषण से छेड़छाड़ (एडिटिंग) को लेकर ट्रम्प से माफी मांगी थी। हालांकि, सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित इस प्रसारक ने मानहा. नि के आरोपों को खारिज कर दिया था। बीबीसी के अध्यक्ष समीर शाह ने इसे 'निर्णय लेने में गलती' बताया था, जिसके बाद बीबीसी के शीर्ष कार्यकारी अधिकारी और समाचार प्रमुख ने इस्तीफा दे दिया था। ट्रम्प ने यह भाषण उस समय दिया था, जब उनके समर्थकों ने यूएस कैपिटल पर धावा बोला था। उस समय कांग्रेस 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों को आधिकारिक रूप से मंजूरी देने वाली थी, जिसमें जो बाइडन को विजेता घोषित किया जाना था, लेकिन ट्रम्प ने उस चुनाव को गलत और चोरी हुआ बताया था। बीबीसी ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से कुछ दिन पहले 'ट्रम्प: ए सेकेंड चांस?' शीर्षक से एक घंटे की डाक्यूमेंट्री प्रसारित की थी। इसमें 2021 के भाषण के दो अलग-अलग हिस्सों से लिए गए तीन बयानों को जोड़कर एक ही बयान की तरह दिखाया गया, जबकि ये बयान लगभग एक घंटे के अंतर से बोले गए थे। इसमें ऐसा प्रतीत हुआ कि ट्रम्प ने समर्थकों से उनके साथ मार्च करने और 'जी जान से' लड़ने का आह्वान किया था।

## भारत ने यूएन में पाकिस्तान को फटकार लगाई

**न्यूयार्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत हरिश पर्वतनेनी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान की अंदरूनी राजनीति में जो उथल-पुथल चल रही है, उसका सीधा रिश्ता उसके सीमा-पार आतंकवाद से है।

राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में डाल दिया गया, उनकी पार्टी पर रोक लगा दी गई, और 27वें संशोधन के जरिए सेना ने संविधान को अपने हिसाब से मोड़ दिया। भारत ने इसे 'संवैधानिक तख्तापलट' बताया। राजदूत ने कहा कि पाकिस्तान जिस तरह लोकतंत्र और कानून के साथ व्यवहार कर रहा है, वह उसकी गंभीर हालत को दिखाता

■ इमरान खान को जेल, आसिम मुनीर को खुली छूट राजदूत बोले: PAK आतंकवाद का सेंटर

है और उसी सोच के तहत वह लंबे समय से आतंकवाद को भी बढ़ावा देता रहा है। राजदूत ने पाकिस्तान को आतंकवाद का सेंटर बताया। यूएनएससी में 'लीडरशिप फार पीस' विषय पर हुई डिबेट में राजदूत पर्वतनेनी ने कहा कि इमरान खान अगस्त 2023 से भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद हैं। विरोध प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में उन पर आतंकवाद निरोधक कानून के तहत मुकदमे चलाए जा रहे हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की यातना पर विशेष रिपोर्टर एलिस जिल एडवर्ड्स की उस चिंता का भी जिक्र किया।






## पाकिस्तान-रूस तेल समझौते पर कर रहे चर्चा: वित्त मंत्री


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने कहा है कि रूस और पाकिस्तान के ऊर्जा मंत्रालय एक तेल समझौते पर चर्चा कर रहे हैं और पाकिस्तान इसे साकार होते देखना चाहता है। जब पाकिस्तानी वित्त मंत्री से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान तेल क्षेत्र में रूस के साथ सहयोग बढ़ाने का अवसर देखता है, जिसमें अन्वेषण, उत्पादन एवं शोधन शामिल हैं, तो उन्होंने कहा कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो रूस की शक्ति को दर्शाते हैं। हम चाहेंगे कि वे आएं और पाकिस्तान के साथ इस समीकरण को आगे बढ़ाएं। इस संबंध में दोनों पक्षों के ऊर्जा मंत्रालयों के बीच बातचीत चल रही है।

# रूस और ब्रिटेन के बीच छिड़ेगा युद्ध!

## ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस व खुफिया एजेंसी एआई-6 के प्रमुख के बयान से अटकलों को मिला बल

**लंदन।** रूस के खिलाफ अब ब्रिटेन ने मोर्चा खोल दिया है। ब्रिटिश चीफ ऑफ डिफेंस एवं खुफिया एजेंसी एमआई 6 के प्रमुख का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के बेटे और बेटियों जंग के लिए तैयार रहे। ब्रिटेन की संसद की इंटेलिजेंस एंड सिक्योरिटी कमिटी ने एक रिपोर्ट जारी की है।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को सबसे बड़ा खतरा बताया गया, साथ ही चीन और ईरान पर भी निशाना साधा गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने यूरोप में तोड़फोड़ और अस्थिरता फैलाने की मुहिम तेज कर दी है। ब्रिटेन में एक्टिव रूसी जासूसी नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जिसमें विदेशी नागरिकों को प्रॉक्सी के तौर पर इस्तेमाल किया गया। मार्च 2025 में यूके में एक सदस्यों को सजा सुनाई गई। रूस पर आरोप है कि वो अपराधी गिरोहों और प्रॉक्सी एजेंट्स



के जरिए गुप्त ऑपरेशन चला रहा है। मई 2024 में ब्रिटेन ने रूसी डिफेंस अताशे को निष्कासित कर दिया था। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि यह कदम रूस की बढ़ती हानिकारक गतिविधियां के जवाब में उठाया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस पश्चिमी देशों के यूक्रेन समर्थन को कमजोर करना चाहता है। इसी के चलते ब्रिटेन ने रूस को **Foreign Influence Registration Scheme ds Enhanced Tier** में डाला है। आईएससी की चेतावनी है कि रूस की गतिविधियां अब सिर्फ जासूसी नहीं, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। ब्रिटेन की सशस्त्र सेनाओं के प्रमुख ने कहा है कि रूस की ओर से ब्रिटेन पर हमले का खतरा बढ़ता जा रहा है और देश के बेटों और बेटियों को लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

ब्रिटेन के एयर चीफ मार्शल सर रिचर्ड नाइटन ने चेतावनी दी कि रूस की सैन्य ताकत बढ़ रही है और यह डर पैदा करने वाली है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में लगभग चार साल से चल रहे युद्ध की वजह से रूसी सैनिक अब युद्ध में पूरी तरह तपे हुए और अनुभवी हो चुके हैं। इसी के साथएयर चीफ मार्शल नाइटन ने कहा कि वो अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल फैबियन मांडों से सहमत हैं, जिन्होंने पिछले महीने कहा था कि फ्रांस को रूस के साथ संभावित युद्ध में अपने बच्चों को खोने की आशंका के लिए तैयार रहना चाहिए।